आज का मौसम
36.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.32 सूर्यास्त 06.40


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 10:52 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 1 मई 2026, वर्ष 4, अंक 254, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# काले कर्मों से राजमहल सजाने वाले कलंक : योगी

## विशेष सत्र में महिला सशक्तीकरण पर योगी का विपक्ष पर वार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधानसभा के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को महिला सशक्तीकरण पर चर्चा के दौरान विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग "काले कर्मों से राजमहल सजाते हैं, वही इतिहास में कलंक बन जाते हैं" और महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर बाधा डालकर विपक्ष ने यही भूमिका निभाई है।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े प्रस्ताव को गिराकर समाजवादी पार्टी, कांग्रेस समेत अन्य दलों ने देश और महिलाओं की भावनाओं को आहत किया। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित कर रही हैं, तब उन्हें केवल योजनाओं तक सीमित रखना उचित नहीं, बल्कि नीति-निर्धारण और कानून निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि वर्तमान में संसद में महिलाओं की भागीदारी लगभग 15 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश विधानसभा में 11-12 प्रतिशत है। ऐसे में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू होने से आधी आबादी को वास्तविक प्रतिनिधित्व मिलेगा और महिला मुद्दों पर प्रभावी निर्णय संभव हो सकेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण का वास्तविक अर्थ उन्हें आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सक्षम बनाना है। इसी उद्देश्य से सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन किया है और इसे लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।


विधानसभा के विशेष सत्र में सदन को सम्बोधित करते योगी।

- सीएम बोले- महिलाओं को वेलफेयर नहीं, अब नीति-निर्धारण में भागीदारी

### महिलाओं के श्राप से कांग्रेस की दुर्गति, अब सपा उसी राह पर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिलाओं के साथ किए गए व्यवहार के कारण कांग्रेस की दुर्गति हुई और अब समाजवादी पार्टी भी उसी राह पर बढ़ रही है। उन्होंने सपा-कांग्रेस के आचरण पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो दल महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के प्रति संवेदनशील नहीं रहे, वे आज राजनीतिक मजबूरी में आरक्षण की बात कर रहे हैं।

### सपा का आचरण देख गिरगिट भी शर्म से पानी-पानी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आप लोगों के आचरण को देखकर गिरगिट भी शर्म से पानी-पानी हो जाएगा। संसद में एक रंग और विधानसभा में दूसरा रंग। दिल्ली से लखनऊ पहुंचते ही आप रंग बदल लेते हैं। अब यहां आकर आप 33 प्रतिशत महिला आरक्षण की बात कर रहे हैं, जबकि लोकसभा में इसका विरोध किया था। आपका चेहरा बोलने का कुछ और, और दिखाने का कुछ और है। अनावश्यक मुद्दे उठाकर नैरेटिव बदलने का प्रयास करते रहते हैं, लेकिन पूरा देश आपकी हरकतों को जानता है।

### जन्मजात महिला-विरोधी हैं कांग्रेस और सपा

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दल जन्मजात महिला-विरोधी हैं। उनकी रग-रग में नारी का अपमान भरा हुआ है। जब भी सपा को प्रदेश में सत्ता मिली, महिलाओं पर अत्याचार और क्रूर घटनाओं ने बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं। हर व्यक्ति जानता है कि सपा सरकार के समय 'देख सफाई, बिटिया घबराई' जैसे स्लोगन बन गए थे। स्टेट गेस्ट हाउस कांड हो या अन्य महिला संबंधी अत्याचार, इनकी छवि जगजाहिर है।

## दोनों सदनों से सपा-कांग्रेस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

- पिछड़े वर्गों के संवैधानिक आरक्षण का समर्थन, लेकिन मजहबी आधार पर विरोध करेगी भाजपा
- वेल में नारेबाजी, पोस्टर और टकराव के बीच दिनभर गरमाया रहा सदन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के विशेष सत्र में गुरुवार को सियासत अपने चरम पर रही। महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर बुलाए गए इस एकदिवसीय सत्र में सत्ता पक्ष ने समाजवादी पार्टी, कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन के दलों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव दोनों सदनों से ध्वनिमत से पारित करा लिया। दिनभर चले सत्र में वेल में नारेबाजी, पोस्टर प्रदर्शन और तीखे आरोपों के बीच सदन का माहौल बार-बार गरमाता रहा।

सुबह 11 बजे कार्यवाही शुरू होते ही विधानसभा में हंगामे के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निंदा प्रस्ताव रखते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने महिलाओं को हर क्षेत्र में अवसर दिए हैं, लेकिन उन्हें जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व अभी नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 पारित किया गया, लेकिन संसद में इसके क्रियान्वयन में कांग्रेस-सपा समेत इंडी गठबंधन के दलों ने बाधा उत्पन्न की, जिसकी यह सदन निंदा करता है। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए। सपा विधायकों ने प्रधानमंत्री की तस्वीर के साथ विरोध प्रदर्शन किया। इसके जवाब में भाजपा की महिला विधायकों ने पैदल मार्च करते हुए विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी की और तख्तियां लेकर सदन में पहुंचीं। हालात इतने तीखे हो गए कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना को अपने विधायकों को शांत कराना पड़ा, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को भी कई बार हस्तक्षेप करना पड़ा। अपने समापन वक्तव्य में मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सामाजिक न्याय की पक्षधर है और अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़े वर्गों के संवैधानिक आरक्षण का समर्थन करती रही है, लेकिन मजहबी आधार पर आरक्षण का विरोध करती रहेगी।



लखनऊ :विधान भवन के सामने प्रदर्शन करतीं भाजपा महिला विंग की कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### मौलवियों के सामने नाक रगड़ना सपा-कांग्रेस की प्रवृत्ति : योगी

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी ने विधानमंडल का विशेष सत्र शुरू होने से पहले गुरुवार को प्रेसवार्ता में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 'मौलवियों के सामने नाक रगड़ना' सपा-कांग्रेस की पुरानी प्रवृत्ति रही है। इनका राजनीतिक चरित्र महिला विरोधी रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संशोधन का विरोध कर विपक्ष ने एक बार फिर अपनी मानसिकता उजागर की है। इसी के विरोध में निंदा प्रस्ताव लाने और चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। सीएम ने शाहबानों प्रकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस समेत विपक्षी दलों का इतिहास महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ रहा है।



## न्यूज ब्रीफ

### एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड परीक्षा 2027 तक टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में वकालत के लिए अनिवार्य 'एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड' (एओआर) परीक्षा 2026 को निरस्त कर दिया गया है। अब यह परीक्षा अगले साल आयोजित की जाएगी। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के परीक्षा सेल ने आधिकारिक नोटिस जारी कर यह जानकारी दी। रजिस्ट्रार और परीक्षा बोर्ड के सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार, वर्तमान में एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड की कुल संख्या और उनकी कार्यक्षमता को देखते हुए इस साल परीक्षा न कराने का फैसला लिया गया है।

### ब्रह्मोस: राजस्व 5200 करोड़ के पार

**नई दिल्ली :** रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। डीआरडीओ के अनुसार, ब्रह्मोस एयरोस्पेस का राजस्व वित्त वर्ष 2025-26 में 5,200 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। साथ ही, कंपनी को इसी अवधि में 4,000 करोड़ रुपये के दो बड़े निर्यात ऑर्डर भी मिले हैं।

## आईसीएसई रिजल्ट: छात्राओं का शानदार प्रदर्शन, 99% से अधिक विद्यार्थी सफल

### एक नजर में परिणाम

परीक्षार्थी : 3,62,037
उत्तीर्ण (10वीं) : 2,56,590
उत्तीर्ण (12वीं) : 1,02,414

नई दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क

भारतीय स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) ने गुरुवार को कक्षा 10वीं (आईसीएसई) और 12वीं (आईएससी) के वर्ष 2026 के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस साल भी छात्राओं ने अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए छात्रों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। आईसीएसई में 99.18% और आईएससी में 99.13% परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

जारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष परीक्षा में शामिल होने वाले कुल 3.6 लाख से अधिक विद्यार्थियों में से अधिकांश ने सफलता हासिल की है। 10वीं में 2,58,721 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 2,56,590 उत्तीर्ण हुए। 12वीं में 1,03,316 परीक्षार्थियों में से 1,02,414 सफल रहे। दोनों ही बोर्ड परीक्षाओं में छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत छात्रों से अधिक रहा। 10वीं में 99.46% छात्राएं सफल रहीं, जबकि छात्रों का प्रतिशत 98.93 रहा। 12वीं में 99.48% छात्राओं ने सफलता पाई, जबकि छात्रों का प्रतिशत 98.81 रहा। इस वर्ष आईसीएसई की परीक्षा 67 विषयों में और आईएससी की परीक्षा 45 विषयों में आयोजित की गई थी। आईसीएसई में मात्र 2,131 छात्र अनुत्तीर्ण हुए, वहीं आईएससी में यह संख्या केवल 902 रही।

### श्रेणीवार उत्तीर्ण प्रतिशत

| श्रेणी | आईसीएसई (10वीं) | आईएससी (12वीं) |
|---|---|---|
| सामान्य | 99.26% | 99.17% |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 99.24% | 99.12% |
| अनुसूचित जाति | 98.76% | 98.77% |
| अनुसूचित जनजाति | 98.07% | 98.84% |

### ओजस्वित बने नेशनल टॉपर



**कानपुर।** शीलिंग हाउस स्कूल के छात्र के ओजस्वित पसरीचा ने आईएससी (बारहवीं) में सौ फीसदी अंक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर टॉप किया है। शहर के आजाद नगर निवासी ओजस्वित को इंग्लिश, कंप्यूटर, मैथ और कमेस्ट्री में सौ फीसदी अंक हासिल हुए हैं। ओजस्वित अब इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस में दाखिले के लिए तैयारी कर रहे हैं।

## पीएनजी कनेक्शन के साथ एलपीजी रखने वालों पर कार्रवाई की तैयारी में सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार उन पीएनजी उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की योजना बना रही है, जिन्होंने अब तक अपना पुराना एलपीजी कनेक्शन वापस नहीं किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कदम का मुख्य उद्देश्य एलपीजी सिलेंडरों के दुरुपयोग को रोकना है। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सरकार देश में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के उपयोग को तेजी से बढ़ावा दे रही है। आंकड़ों के अनुसार, मार्च से अब तक लगभग 5.78 लाख पीएनजी कनेक्शनों का गैसीकरण किया जा चुका है, जबकि कुल 8.44 लाख कनेक्शनों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार है। मंत्रालय के अनुसार, अब तक लगभग 6.47 लाख नए ग्राहकों ने पीएनजी के लिए पंजीकरण कराया है, लेकिन एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने वालों की संख्या 43,050 है। सरकार इस संख्या को काफी कम मान रही है और दोहरे कनेक्शन रखने वालों पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। संयुक्त सचिव ने कहा कि अभी देशभर में उन घरों का आकलन किया जा रहा है जिनमें पीएनजी के साथ-साथ एलपीजी कनेक्शन भी है। यह आकलन होने के बाद इस तरह के उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई के बारे में निर्णय लिया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- रेप विक्टिम के अबॉर्शन पर टाइम लिमिट हटाएं

## किसी पर अनचाहा गर्भ नहीं थोपा जा सकता, वह बच्ची है... उसे मां मत बनाओ

नई दिल्ली, एजेंसी/ अमृत विचार ब्यूरो

एक 15 साल की बच्ची, जिसे इस वक्त स्कूल की बेंच पर होना चाहिए था, हम उसे मां बनने के लिए मजबूर करना चाहते हैं? उस बच्ची की पीड़ा और अपमान की कल्पना कीजिए, जो लोकलाज के डर से दो बार मौत को गले लगाने की कोशिश कर चुकी है।

उच्चतम न्यायालय ने यह झकझोर देने वाली टिप्पणी करते हुए केंद्र सरकार को कहा कि वह दुष्कर्म पीड़िताओं के लिए गर्भपात कानून में व्यापक बदलाव करे। अदालत ने दोटूक कहा कि बलात्कार जैसी वीभत्स त्रासदी झेल चुकी पीड़िताओं पर 20 या 24 सप्ताह की समय सीमा के बाद भी अनचाहा गर्भ नहीं थोपा जा सकता। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एम्स की उस पुनर्विचार याचिका को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें एक नाबालिग की 30 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने के अदालती आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि गर्भपात की अनुमति नहीं दी जाती है, तो पीड़िता को जीवन भर के लिए गहरा मानसिक आघात और असहनीय पीड़ा झेलनी पड़ेगी।

**अदालत का कड़ा रुख: 'डॉक्टर सेवा दें, शासक न बनें':** सुनवाई के दौरान जब एम्स की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने दलील दी कि 30 सप्ताह का भ्रूण अब 'जीवित जन्म' की स्थिति में है और इसे गोद दिया जा सकता है, तो अदालत ने इसे 'अमानवीय' करार दिया। न्यायमूर्ति बागची ने कहा, "नागरिकों के जीवन के फैसले लेना अस्पताल का काम नहीं है।

**प्रजनन स्वायत्तता को सर्वोच्च प्राथमिकता :** अदालत ने दोहराया कि मां बनने वाली महिला की प्रजनन स्वायत्तता सर्वोपरि है। यदि गर्भपात की अनुमति नहीं दी जाती है, तो पीड़िता को जीवन भर के लिए मानसिक आघात और शारीरिक पीड़ा झेलनी पड़ेगी। एम्स को निर्देश दिया कि वे बच्ची के माता-पिता की काउंसलिंग करें, लेकिन यदि वे गर्भपात पर कायम रहते हैं, तो पूरी प्रक्रिया बिना किसी देरी के पूरी की जाए। अदालत ने याद दिलाया कि यह मामला साधारण नहीं है।



- दुष्कर्म पीड़िताओं के लिए कानून बदले केंद्र, समय सीमा की बेड़ियां खत्म हों: सुप्रीम कोर्ट

### अदालत की बड़ी बातें

1. हम एक बच्ची पर मातृत्व थोपकर उसे उस उम्र में मां बनाना चाहते हैं जब उसे पढ़ाई करनी चाहिए।
2. सड़कों पर पहले से ही कई परित्यक्त बच्चे हैं, माफिया सक्रिय हैं। हम एक और अनचाहे जन्म के लिए किसी को मजबूर नहीं कर सकते।"
3. गर्भावस्था के हफ्ते बीत जाने के आधार पर अनुमति न देना 'शारीरिक स्वायत्तता के अधिकार' को निरर्थक बना देता है।"

### क्या है वर्तमान गर्भपात कानून

गर्भपात कानून (एमटीपी एक्ट 2021) के तहत 20 सप्ताह तक डॉक्टर की सलाह पर गर्भपात कराया जा सकता है। 20 से 24 सप्ताह तक विशेष श्रेणियों (जैसे दुष्कर्म पीड़िता, नाबालिग, दिव्यांग महिलाएं, या विधवा/तलाकशुदा) के लिए दो डॉक्टरों की अनुमति अनिवार्य है। 24 सप्ताह के बाद गर्भपात की अनुमति नहीं है। केवल तभी संभव है जब राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड भ्रूण में गंभीर विकृति की पुष्टि करे। यदि मामला दुष्कर्म का है और गर्भ 24 सप्ताह से अधिक का हो चुका है, तो वर्तमान कानून में स्पष्ट प्रावधान न होने के कारण पीड़िताओं को अक्सर हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है।

### कड़ा रूख

### परमाणु ताकत हमारी राष्ट्रीय संपत्ति, खाड़ी में अमेरिका की जगह सिर्फ 'पानी की तह' में : अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई

## ईरान की दो टूक... परमाणु कार्यक्रम से समझौता नहीं करेंगे

दुबई, एजेंसी

ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई ने अमेरिका को सीधी सैन्य और रणनीतिक चुनौती देते हुए परमाणु और मिसाइल क्षमताओं को ईरान की 'अमिट राष्ट्रीय पहचान' करार दिया है। गुरुवार को जारी एक कड़े लिखित बयान में उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान अपनी वैज्ञानिक और रक्षा संपत्तियों से रत्ती भर भी समझौता नहीं करेगा। खामेनेई ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि फारस की खाड़ी में अमेरिकियों के लिए कोई जगह नहीं है और यदि वे दखल देते हैं, तो उनकी जगह केवल 'समुद्र की गहराइयों' (पानी की तह) में होगी।

खामेनेई का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस रणनीति को बड़ा झटका माना जा रहा है, जिसमें वे युद्धविराम को स्थायी बनाने के लिए ईरान पर अधिकतम दबाव डाल रहे हैं। खामेनेई ने गर्व के साथ कहा कि देश-विशेष में रहने वाले 9 करोड़ सम्मानित ईरानी, नैनो तकनीक और जैव प्रौद्योगिकी से लेकर परमाणु और मिसाइल क्षमताओं तक को अपनी राष्ट्रीय विरासत मानते हैं।

**हथियार-स्तर का संवर्धन:** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के अनुसार, ईरान ने 60 प्रतिशत तक यूरेनियम संवर्धन सफलतापूर्वक कर लिया है, जो परमाणु हथियार बनाने के बेहद करीब है। संयुक्त राष्ट्र के परमाणु प्रमुख राफेल ग्रोसी के अनुसार, ईरान का अधिकांश उच्च संवर्धित यूरेनियम इस्फहान परमाणु परिसर के सुरक्षित बंकरों में है, जो हालिया हवाई हमलों के बावजूद सुरक्षित माना जा रहा है।

**126 डॉलर के पार पहुंचा कच्चा तेल :** युद्धविराम की कोशिशों के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया का सबसे बड़ा फ्लैशपॉइंट बना हुआ है। अमेरिकी नौसेना ने ईरानी तेल टैंकरों की नाकेबंदी कर रखी है, जिसके जवाब में ईरान ने जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर कड़ा नियंत्रण कर लिया है। इस तनाव के कारण ब्रेंट क्रूड 126 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया है, जो 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। दुनिया के तेल और गैस व्यापार का लगभग 20% इसी मार्ग से गुजरता है। आपूर्ति बाधित होने से अमेरिका और उसके खाड़ी सहयोगियों पर भारी आर्थिक दबाव बढ़ गया है।




### अमेरिका मुक्त भविष्य का संकल्प

खामेनेई ने क्षेत्रीय देशों को एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि फारस की खाड़ी का भविष्य अमेरिका के बिना लिखा जाएगा। उन्होंने कहा, "ईश्वर की मदद से हम एक ऐसा नया अध्याय शुरू कर रहे हैं, जो बाहरी शक्तियों के हस्तक्षेप से मुक्त होगा।" ईरान ने फिलहाल परमाणु वार्ता को टालने का प्रस्ताव दिया है, जबकि ट्रंप प्रशासन का रुख स्पष्ट है कि वे ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु शक्ति नहीं बनने देंगे।

### वर्तमान स्थिति

**युद्धविराम की स्थिति :** पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुआ अस्थायी युद्धविराम फिलहाल बेहद नाजुक स्थिति में है।

**आर्थिक मार :** अमेरिका में पेट्रोल की कीमतें 4 साल के रिकॉर्ड स्तर पर हैं।

**ईरान की मांग :** ईरान का कहना है कि वार्ता तभी होगी जब अमेरिका अपनी 'धमकी भरी' नाकेबंदी पूरी तरह हटाएगा।

न्यूज ब्रीफ

## संविधान सम्मत नहीं है नारी वंदन प्रस्ताव



**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. विधान परिषद में नारी वंदन प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सपा के सदस्य राजेन्द्र चौधरी ने प्रस्ताव का विरोध करते हुए इसे त्रुटिपूर्ण और संविधान सम्मत न होने की बात कही। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक 2023 संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित हुआ था, न कि केवल एनडीए सरकार द्वारा। सपा सदस्य ने आरोप लगाया कि भाजपा इस मुद्दे पर भ्रम फैला रही है और वास्तविक आरक्षण लागू करने के बजाय परिसीमन के जरिए राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। सपा की विचारधारा को राममनोहर लोहिया से जोड़ते हुए कहा कि पार्टी शुरू से महिला समानता और आरक्षण की पक्षधर रही है।

## महिला आरक्षण पर सरकार का समर्थन



**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने महिलाओं को राजनीति में उचित भागीदारी देने के मुद्दे पर केंद्र और राज्य की पहल का समर्थन किया है। साथ ही उन्होंने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का मामला लंबे समय से संसद और विधानसभाओं में लंबित होने पर चिंता भी व्यक्त की, उन्होंने महिला आरक्षण बिल न पास होने को "अति-दु:खद, दुर्भाग्यपूर्ण और चिंतनीय" बताया है। गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में बसपा प्रमुख ने कहा कि इस विषय पर उत्तर प्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाना स्वागतयोग्य कदम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बहुजन समाज पार्टी इस पहल का समर्थन करती है और महिला आरक्षण के पक्ष में है।

## पॉलीटेक्निक : आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक)-2026 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पहले यह तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी, जिसे अभ्यर्थियों के हित में बढ़ाकर अब 10 मई 2026 कर दिया गया है। परिषद के सचिव ने बताया कि अभ्यर्थियों और विभिन्न संस्थाओं की मांग को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। साथ ही आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार की तिथियों में भी बदलाव किया गया है। अब अभ्यर्थी 8 मई से 11 मई 2026 तक अपने आवेदन में संशोधन कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी परिषद के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर या हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। परिषद के अनुसार, प्रदेश में पॉलीटेक्निक की कुल 2,71,093 सीटों के मुकाबले अब तक करीब 3.5 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन कर दिया है। साथ ही अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे बढ़ी हुई समय-सीमा का लाभ उठाते हुए समय पर आवेदन करें और आवश्यक सुधार भी निर्धारित अवधि में पूरा कर लें।

## धार्मिक स्थलों के लिए 17 परियोजनाएं मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन विभाग ने बुलंदशहर, चंदौली और चित्रकूट में धार्मिक स्थलों के विकास के लिए 997 लाख रुपये की 17 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य धार्मिक स्थलों का कायाकल्प कर वहां बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना और पर्यटन को बढ़ावा देना है। बुलंदशहर जिले में 3.15 करोड़ रुपये की पांच परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इनमें ऊंचागांव के सिद्ध बाबा (काल भैरव) मंदिर, खुर्जा के बौद्ध महासभा संस्थान, डिबाई के मां आशवर देवी मंदिर, शिकारपुर के शिव मंदिर और अनूपशहर के छोटी माता मंदिर का विकास शामिल है। चंदौली में 4.76 करोड़ रुपये की छह परियोजनाएं मंजूर हुई हैं। इसमें शंकर मंदिर, हनुमान मंदिर और काली मंदिर जैसे प्रमुख स्थलों के विकास के साथ-साथ ग्रामीण पर्यटन को भी बढ़ावा देने की योजना शामिल है। चकिया और चहनिया क्षेत्रों में बहुउद्देशीय सुविधाओं का विकास कर श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था तैयार की जाएगी। चित्रकूट में 2.06 करोड़ रुपये की छह परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। पालेश्वरनाथ मंदिर, राम शैया स्थल, वाल्मीकि घाट और महर्षि आश्रम परिक्रमा पथ जैसे स्थलों के विकास से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलेगी। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि सरकार आस्था और विकास को साथ लेकर काम कर रही है।



महिला सशक्तिकरण पर बुलाए गए विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान परिसर में विपक्ष के खिलाफ प्रदर्शन करते सत्ता पक्ष के सदस्य।



सरकार के खिलाफ विरोध जताते विपक्षी पार्टियों के सदस्य। अमृत विचार

# राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन का मंच बना विशेष सत्र

## विधानसभा : सत्ता और विपक्ष में सीधा टकराव, तेज रही बयानों की धार, इतिहास से लेकर नीयत तक पर उठाए गए सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** महिला सशक्तिकरण पर बुलाए गए विशेष सत्र में उत्तर प्रदेश विधानसभा का माहौल गुरुवार को पूरी तरह सियासी टकराव में तब्दील रहा। कार्यवाही शुरू होते ही सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए।

विशेष सत्र को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा के लोग महिला सम्मान की बात करते हैं, लेकिन यही लोग थे जब बसपा ने सपा से समर्थन वापस ले लिया था तो सपा के गुंडे स्टेट गेस्ट हाउस में मायावती को सिलिंडर लीक कर जान से मारना चाहते थे। ये लोग अब महिलाओं के सम्मान की बात करते हैं। स्व. फूलन देवी को डाकू बना देने में इन्हीं सपा के लोगों का हाथ था। पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने विपक्ष को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस और सपा ने लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए महिलाओं को आरक्षण नहीं दिया और अब राजनीतिक कारणों से सवाल उठा रहे हैं। मत्स्य मंत्री संजय निषाद ने बहस को और तीखा करते हुए कहा कि "इतिहास गवाह है कि महिलाओं ने संघर्ष किया, लेकिन कुछ लोग हर दौर में विरोध की राजनीति करते रहे।" उन्होंने विपक्ष



सदन में बोलते मुख्यमंत्री योगी।

पर सामाजिक विभाजन की राजनीति करने का आरोप लगाया। इस बीच सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय ने भी विपक्षी दलों पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि "मर्यादा भी लौट आए तो कांग्रेस और सपा के आचरण पर शर्माएगी।" उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में नारी शक्ति को कमजोर करने का काम इन्हीं दलों ने किया। मंत्री बेबी रानी मौर्य ने सदन के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा थी कि महिलाओं को राजनीति में भी अवसर मिले पर सपा-कांग्रेस के कारण ऐसा नहीं हो सका। भाजपा विधायक केतकी सिंह ने कहा कि विपक्ष की ओर से महिला आरक्षण का विरोध करना लोकतंत्र का काला दिन है।

### मुद्दा और तेज होने के संकेत

दिनभर चली बहस में साफ दिखा कि महिला आरक्षण का मुद्दा अब केवल विधायी चर्चा नहीं, बल्कि राजनीतिक रणनीति और जनसंदेश का माध्यम बन चुका है। एक ओर सत्ता पक्ष इसे ऐतिहासिक सुधार के रूप में पेश कर रहा है, वहीं विपक्ष इसकी टाइमिंग और क्रियान्वयन पर सवाल खड़े कर रहा है। महिला आरक्षण पर यह विशेष सत्र नीतिगत बहस से ज्यादा राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन में बदलता दिखा। आने वाले चुनावी माहौल में यह मुद्दा और तेज होने के संकेत साफ हैं।

### सपा-कांग्रेस महिला विरोधी थे और रहेंगे : पूजा पाल

सपा विधायक पूजा पाल ने कहा कि पीएम मोदी ने देश की आबादी को सम्मान दिलाने का प्रयास किया। विपक्ष में बैठे सपा और कांग्रेस जो खुद को महिला हितैषी बताते हैं, यही लोग इसका विरोध करने लगे। ये लोग दिखा रहे कि ये महिला विरोधी थे, हैं और रहेंगे। उस दिन महिलाएं टीवी पर टकटकी लगाकर देख रही थीं, ये वो महिलाएं थी जो गरीब थीं, किचन में काम कर रही थीं, लेकिन जब बिल पास नहीं हुआ तो उनके मन को ठेस पहुंची। उन्होंने माफिया अतीक अहमद को मिट्टी में मिलाए जाने का जिक्र करते हुए सीएम योगी को धन्यवाद दिया।

सपा कांग्रेस के लोग महिलाओं को आगे नहीं बढ़ने देना चाहते हैं। कांग्रेस के प्रमुख परिवार की दो-दो महिलाएं संसद की सदस्य हैं और यूपी के प्रमुख विपक्षी दल के नेता के घर की महिला सांसद है, लेकिन वो गरीब महिलाओं का विरोध करते हैं। पूर्व मंत्री राजा भइया ने कहा कि एक दिन वह भी आ सकता है, जब पुरुषों को आरक्षण मांगना पड़ेगा। इस दौरान विधान सभा अध्यक्ष ने तंज कहा कि बेटा बचाओ अभियान शुरू होगा।

विपक्ष ने भी पलटवार में कोई कमी नहीं छोड़ी। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा ने सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की घोषणा की जाए। सपा विधायक रागिनी सोनकर ने इसे "राजनीतिक दिखावा" बताते हुए कहा कि यदि सरकार गंभीर होती तो बिल लागू करने में देरी नहीं होती। सपा के संग्राम यादव ने मुख्यमंत्री के भाषण को "दोहराव" बताते हुए नई नीति की मांग की। सत्र के दौरान सपा विधायक अतुल प्रधान और राजभर के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिससे माहौल और गरमा गया। विधानसभा अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद स्थिति सामान्य हो सकी।

## सात विधेयकों को राज्यपाल की मंजूरी, सदन पटल पर दी गई जानकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश विधानसभा में गुरुवार को विधायी कार्यवाही के दौरान नए विधेयकों के पारित होने के साथ-साथ पूर्व सत्र में पारित महत्वपूर्ण प्रस्तावों को राज्यपाल की मंजूरी मिलने की औपचारिक जानकारी भी सदन पटल पर दी गई। सदन की कार्यसूची के क्रमांक-10 के अंतर्गत प्रमुख सचिव ने घोषणा करते हुए बताया कि विधानसभा और विधान परिषद से पूर्व में पारित कई विधेयकों को राज्यपाल की स्वीकृति मिल चुकी है और वे अब अधिनियम का रूप ले चुके हैं। इनमें उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2026, राज्य विश्वविद्यालय द्वितीय संशोधन विधेयक 2026, नगर निगम संशोधन विधेयक 2026, नगर पालिका संशोधन विधेयक 2026, विनियोग विधेयक 2026 तथा राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2026 शामिल हैं। इन सभी को फरवरी 2026 के सत्र में विधानसभा व विधान परिषद से पारित कर राज्यपाल के पास भेजा गया था, जहां 24 फरवरी 2026 को स्वीकृति मिलने के बाद ये विधेयक कानून बन गए। सदन में दी गई इस सूचना का उद्देश्य सदस्यों को यह अवगत कराना था कि जिन विधेयकों पर पूर्व में चर्चा कर मंजूरी दी गई थी, वे अब विधिक रूप से लागू हो चुके हैं। यह प्रक्रिया विधानमंडल की औपचारिकता का महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जाती है, जिसके तहत पारित विधेयकों की अंतिम स्थिति सदन के समक्ष रखी जाती है।

# विधान परिषद में महिला आरक्षण पर गरमाई बहस, निंदा प्रस्ताव पारित

## महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रयासरत : केशव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य द्वारा प्रस्तुत नारी सशक्तिकरण विरोधियों के आचरण संबंधी निंदा प्रस्ताव को सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण को लेकर गुरुवार को बुलाए गए विशेष सत्र की शुरूआत हुई। नेता सदन एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'नारी सशक्तिकरण' विषय पर प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिस पर पांच घंटे की चर्चा निर्धारित की गई। साथ ही प्रमुख सचिव ने वर्ष 2026 के तेरहवें से अठारहवें अधिनियमों की घोषणा की।

चर्चा की शुरुआत करते हुए नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने की और सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। नेता सदन एवं उपमुख्यमंत्री ने जून 1995 में वीआईपी गेस्ट हाउस प्रकरण से शुरुआत की, 2013 में आरोपी तत्कालीन विधायक अरुण वर्मा गैंगरेप पीड़िता की हत्या का जिक्र किया, संदिग्ध परिस्थितियों में होने वाली मौत को लेकर तत्कालीन सपा सरकार को घेरा। बदायूं में सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या की घटना, बुलंदशहर में ईंट-भट्टा हत्याकांड फरवरी 2014, जब महिला ने रेप का विरोध किया तो उस भट्ठे के मालिक आस मोहम्मद ने जिंदा जला दिया था, आदि की चर्चा करते हुए समाजवादियों को महिला आरक्षण बिल का विरोधी की संज्ञा दी।

शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यह विधेयक समय की मांग है और इसे लागू किया जाना चाहिए। रालोद के योगेश चौधरी ने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए समर्थन किया। सुभासपा के विछे लाल राम ने महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग दोहराई। भाजपा की प्रज्ञा त्रिपाठी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विधेयक का विरोध महिलाओं का अपमान है। भाजपा सदस्य रमा निरंजन और वंदना वर्मा ने भी महिला सशक्तिकरण में सरकारी प्रयासों को रेखांकित किया। राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने भी विधेयक के समर्थन में विचार रखे। इसके अलावा भाजपा के भूपेंद्र चौधरी, सपा के राजेंद्र चौधरी और भाजपा के देवेंद्र प्रताप सिंह ने भी चर्चा में भाग लिया।

दूसरे पहर में जयपाल सिंह व्यस्त की अध्यक्षता में पुनः शुरू सदन की कार्यवाही के दौरान संजय कुमार निषाद, आशीष पटेल, मान सिंह यादव, विजय लक्ष्मी गौतम, हरी सिंह ढिल्लों, अशोक कटियार, अश्वनी त्यागी, संतोष सिंह, नरेन्द्र कश्यप, आकाश अग्रवाल, गोविंद नारायण शुक्ल और लालजी प्रसाद निर्मल सहित कई सदस्यों ने नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे।

### लोकसभा में पारित बिल लागू हो : सपा

नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने महिला विधेयक को अपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रदेश में महिला अपराध के मामले अधिक हैं और सरकार इस मुद्दे पर गंभीर नहीं है। महिला सम्मान को "दिखावा" करार दिया। उन्होंने बिना परिसीमन के महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने तथा पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं को आरक्षण में समुचित भागीदारी सुनिश्चित करने की भी मांग की। सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा ने महिला आरक्षण विधेयक की प्रक्रिया का जिक्र करते हुए बताया कि 19 सितंबर 2023 को लोकसभा में पेश होकर 20 सितंबर को पारित, 21 सितंबर को राज्यसभा से मंजूर और 28 सितंबर को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद भी अब तक इसे लागू नहीं किया गया।

### निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

कार्यवाही के दौरान पूर्व सदस्य अरुण कुमार सिंह मुन्ना और आनंद भूषण सिंह बब्बू राजा के निधन पर शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। साथ ही पूर्व सदस्य महेन्द्र यादव और मोहसिना खलील किदवई के निधन पर सदन ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

# पंकज व धर्मपाल ने देखी कार्यवाही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** महिला आरक्षण के मुद्दे पर बुलाए गए उत्तर प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने राज्यपाल दीर्घा में बैठकर कार्यवाही देखी। कार्यवाही के बाद मीडिया से बातचीत में पंकज चौधरी ने विपक्ष, खासकर समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक महिलाओं के नाम पर राजनीति कर सपा अपना "वास्तविक चेहरा" उजागर कर रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता



विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान राज्यपाल दीर्घा में बैठे भाजपा नेता।

और इसकी मूल भावना समानता व न्याय पर आधारित है।

पंकज चौधरी ने आरोप लगाया कि विपक्ष महिला आरक्षण जैसे गंभीर मुद्दे का भी राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल कर रहा है, जबकि भाजपा इसे महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी देने का माध्यम मानती है। उन्होंने कहा कि हर वर्ग की महिलाओं को समान अवसर मिलना चाहिए और यही भाजपा की नीति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। यह केवल कानून नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और अधिकार सुनिश्चित करने का संकल्प है।

# आयुष कॉलेजों में शुरू होगा सोवा रिग्पा पाठ्यक्रम

## 2500 वर्ष पुरानी चिकित्सा पद्धति की पढ़ाई को बढ़ावा देगी प्रदेश सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में आयुष चिकित्सा पद्धतियों को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। प्रदेश सरकार आयुष कॉलेजों में 2500 वर्ष पुरानी पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली सोवा रिग्पा (अमची) और सिद्ध पद्धति के पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी में है। इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक चिकित्सा को संस्थागत पहचान देना, आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ समन्वय स्थापित करना और मरीजों को वैकल्पिक उपचार



विकल्प उपलब्ध कराना है।

सरकार की योजना है कि आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी के साथ सोवा रिग्पा को भी मुख्यधारा में शामिल किया जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि ये पद्धतियां कैंसर, गठिया, मानसिक रोग और अन्य दीर्घकालिक बीमारियों के पूरक उपचार में प्रभावी भूमिका निभा सकती हैं। प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार के अनुसार पाठ्यक्रम निर्माण, मानकों के निर्धारण और आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सरकार की मंजूरी मिलते ही चयनित आयुष कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### वाराणसी बनेगा हब

वाराणसी में सोवा रिग्पा का प्रमुख केंद्र विकसित किया जाएगा, जो शोध, प्रशिक्षण और उपचार का समेकित हब होगा।

### रोजगार के अवसर

इन पाठ्यक्रमों से युवाओं को नए रोजगार मिलेंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ होंगी।

### क्या है सोवा रिग्पा

- तिब्बती मूल की प्राचीन चिकित्सा पद्धति
- शरीर-मन संतुलन पर आधारित
- जड़ी-बूटियों व प्राकृतिक तत्वों से उपचार

### क्या है सिद्ध पद्धति

- दक्षिण भारत की प्राचीन चिकित्सा प्रणाली
- वात, पित्त, कफ संतुलन पर आधारित
- आहार व जीवनशैली पर जोर

लापरवाही | वर्ष 2023-24 से पूर्व मनरेगा में पौधरोपण के कार्य 30 फीसद से कम खर्च में फंसे

# जियो टैग नहीं हो पाए 5.41 लाख कार्य

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में वर्ष 2023-24 से पूर्व मनरेगा के तहत कराए गए 5,41,369 कार्यों की जियो टैगिंग नहीं हुई है। इतनी संख्या में आज भी कार्य केंद्र के नरेगा सॉफ्ट पर लंबित हैं। इनमें सबसे ज्यादा कार्य पौधरोपण के बदले नियम के पेंच में फंसे हैं। जिनमें 30 फीसद से कम खर्च हुआ है और जियो टैगिंग इससे अधिक खर्च होने पर पूर्ण होती है।

जिम्मेदार अधिकारी इस प्रगति पर चुप्पी साधे हैं। जबकि, जानकारों की मानें तो वर्ष 2023-24 से पूर्व

- पहले पौधों की खरीद का बना था एस्टीमेट, बाद में मिले नि:शुल्क



पौधरोपण अभियान के बदले नियम की वजह से पौधों की खरीद नहीं की गई। पौधे वन विभाग से निशुल्क लेकर लगाए गए। इस कारण पहले से बने एस्टीमेट के अनुसार कार्य में खर्च 30 फीसद से कम आया और द्वितीय जियो टैगिंग नहीं हो पाई। दूसरी वजह पौधरोपण के बाद मौके पर उतने पौधे नहीं मिले। इससे दो साल में अनुरक्षण कार्य में खर्च 30 फीसद से कम हुआ। कई कार्य विवाद की वजह से शुरू नहीं हो पाए या विरोध की वजह से बीच में ठप होने से मानकों के पेंच में पोर्टल पर लंबित रह गए। इस मामले पर मनरेगा मुख्यालय के ज्वाइंट कमिश्नर संजय पांडेय से संपर्क किया तो वह स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाए।

### केंद्र ने बनाई गाइडलाइन, गांव-गांव सत्यापन शुरू

दो से तीन वर्षों में स्थलों पर काफी परिवर्तन हो चुका है। यह भी कह सकते कि उतने पौधे व कार्य नहीं हैं। इस वजह से जियो टैगिंग होना मुश्किल है। ऐसी स्थिति में केंद्र ने कार्य पूर्ण करने के लिए गाइडलाइन बनाकर जारी की है। इस क्रम में गांव-गांव भौतिक सत्यापन शुरू हो गया है। सत्यापन के बाद गांव में बैठकें करके रिपोर्ट के आधार पर जियो टैगिंग करके पोर्टल पर कार्य पूर्ण किए जाएंगे।

### इन वर्षों के इतने कार्य लंबित

वर्ष 2024-25 में 1,99,265

वर्ष 2025-26 में 3,29,945

## मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ:** समाजवादी पार्टी ने मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल सुधार की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि कई विधानसभा क्षेत्रों में मृतक, डुप्लीकेट, स्थानांतरित और अपात्र मतदाताओं के नाम शामिल हैं। सपा ने रायबरेली की हरचंदपुर और बछरावां तथा झांसी की बबीना सीट का हवाला देते हुए कई बूथों पर अनियमितताओं का दावा किया। इसके अलावा बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में फार्म-19 जमा न होने का मुद्दा भी उठाया गया। सपा ने निर्वाचन आयोग से संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# फसल क्षति पर हजारों किसानों को मिली मदद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रभावित किसानों को राहत देने का अभियान तेज


**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में फसल क्षति से प्रभावित किसानों को राहत देने का अभियान तेज कर दिया गया है। खराब मौसम, अग्निकांड, ओलावृष्टि और अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन को सक्रिय रहकर नुकसान का आकलन करने और शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026-27 में अग्निकांड से 8 जिलों में 111.134 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई, जिसमें 668 किसानों में से 51 को 1.81 लाख से अधिक की राहत दी जा चुकी है। ओलावृष्टि से सबसे अधिक नुकसान हुआ, जहां 13 जिलों में 38,369.72 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई। इसमें 1,07,104 किसानों में से 23,983 किसानों को 14.92 करोड़ से अधिक की सहायता वितरित की गई है। अतिवृष्टि से 9 जिलों में 1,358.678 हेक्टेयर फसल को नुकसान हुआ, जहां 3,920 किसानों में से 1,849 किसानों को 1.09 करोड़ की राहत मिली है। शेष किसानों का आकलन तेजी से किया जा रहा है और उन्हें जल्द सहायता देने की प्रक्रिया जारी है।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त
एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी
के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के.
बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज
कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555


परीक्षा परिणाम आने के बाद खुशी का इजहार करते एचसीजे एकेडमी के विद्यार्थी। अमृत विचार


परीक्षा परिणाम आने के बाद परमा एकेडमी के विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। अमृत विचार

# 10वीं में पल्लवी और 12वीं में आनन्दी व प्रतिभा ने किया जिला टॉप

## आइसीएसई बोर्ड में भी छात्राओं का रहा दबदबा, शत-प्रतिशत रहा परिणाम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** आइसीएसई बोर्ड का गुरुवार को आया 10 वीं व 12 वीं का परिणाम जिले में शत प्रतिशत रहा। यूपी बोर्ड की तरह आइसीएसई बोर्ड में भी छात्राओं का दबदबा रहा। जिले में 10 वीं में एचसीजे एकेडमी की पल्लवी निषाद ने सर्वाधिक 93.7 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर रहीं। वहीं 12वीं में एचसीजे एकेडमी की आनन्दी यादव व परमा एकेडमी की प्रतिभा पांडेय 92 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त टॉपर रहीं। परिणाम घोषित होने के बाद स्कूल प्रबंधन ने मेधावियों का माल्यार्पण कर सम्मानित किया। मिठाई खिला कर खुशियां बांटी। जिले के सभी चार विद्यालयों एचसीजे एकेडमी, परमा एकेडमी, लिटिल फ्लावर व देवास पब्लिक स्कूल के सभी बच्चे परीक्षा में सफल रहे।


हाईस्कूल में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली एचसीजे एकेडमी की छात्रा पल्लवी निषाद को मिठाई खिलाते अभिभावक।


परीक्षा परिणाम आने के बाद सेल्फी लेतीं एचसीजे एकेडमी की छात्राएं।

एचसीजे ऐकडमी के 10वीं अम्बरीश श्रीवास्तव ने 89, आर्या यादव 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा वैष्णवी, अंशुमिता आदि ने शानदार अंक हासिल किया। वहीं 12वीं में मनस्वी ने 91 व कुशल सिंह ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। एकेडमी की चहक, सुप्रिया आदि ने शानदार अंकों के साथ सफलता दर्ज की। एकेडमी की प्रबंध निदेशक डॉ. शिक्षा जैन, सीईओ उमेश जैन ने शानदार परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य दिलीप कुमार गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी अशोक कुमार तिवारी, उप प्रधानाचार्य शिप्रा मेहरोत्रा ने उत्साहवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

परमा एकेडमी का 10 वीं व 12 वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। एकेडमी आयुषी ने 12वीं 89 व शिवानी ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अक्षत ने शारीरिक शिक्षा में प्रतिशत 99 अंक प्राप्त कर उपलब्धि हासिल की। एकेडमी का 10 वीं का परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। पल्लवी ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एकेडमी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रितिका ने 85 व कनिका ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रबंधक सुधीर राय ने एकेडमी के शानदार परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से अपने परिवार,व विद्यालय का भी नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

लिटिल फ्लावर स्कूल ने पहली बार 10 वीं कक्षा की परीक्षा में प्रतिभाग करते हुए शत-प्रतिशत सफलता दर्ज की। स्कूल के मेधावी छात्रों में 10वीं की मुस्कान यादव व आयुष सिंह ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुप्रिया ने 86.6, दिव्या 83.8, लक्ष्मी 82 व अंसी सरकार ने 82 प्रतिशत अकों के साथ उत्कृष्ट परिणाम हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य बीजू वर्गिस ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।

देवास पब्लिक स्कूल के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत सफलता प्राप्त कर अपना परचम लहराया। शत-प्रतिशत परिणाम आने पर स्कूल में प्रबंधन ने बच्चों का माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया। स्कूल के 10वीं के परिणाम में शिरीन बानो 84.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की टॉपर रही। मान्या ने 76 , कैथरीन जायसवाल 72 , वंशिका 70.20, शशांक पांडे 65.20, नमन 64.8 तथा सौम्या 64.6 प्रतिशत अंकों के सफलता अर्जित की। निदेशक सहदेव उपाध्याय व प्रधानाचार्या ममता मिश्रा ने कहा कि छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से अपने माता-पिता, विद्यालय, क्षेत्र व समाज को गौरवान्वित किया है। शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट शिक्षण का प्रमाण है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि विद्यालय, शिक्षक, छात्र छात्राएं व अभिभावक सभी उत्तम शिक्षा के लिए संकल्पित हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक अमन उपाध्याय, सहित छात्र-छात्राएं, अभिभावक शिक्षक शिक्षिकाएं व सभी कार्यालय कर्मी भी उपस्थित रहे।

**एचसीजे एकेडमी की पल्लवी ने 93.7 और आनन्दी व परमा एकेडमी की प्रतिभा ने हासिल किये 92 फीसदी अंक**


अंबरीश श्रीवास्तव
हाईस्कूल, एचसीजे एकेडमी, 89%


आर्या यादव
हाईस्कूल, एचसीजे एकेडमी, 88%


आनंदी यादव
12वीं टॉपर, एचसीजे एकेडमी, 92%


मनस्वी यादव
इंटरमीडिएट, एचसीजे एकेडमी, 91%


कुशल सिंह,
इंटरमीडिएट, एचसीजे एकेडमी, (87%)


आयुषी
हाईस्कूल, परमा एकेडमी, (89%)


आयुष सिंह
हाईस्कूल, लिटिल फ्लावर स्कूल, 90%


हिमांशु यादव
हाईस्कूल, परमा एकेडमी, (86%)


रितिका सिंह
हाईस्कूल, परमा एकेडमी, (85%)


मुस्कान यादव
हाईस्कूल, लिटिल फ्लावर स्कूल, 90%


सुप्रिया
हाईस्कूल, लिटिल फ्लावर स्कूल, 86.6%

### डॉक्टर, सीए व वन्य अधिकारी बनना चाहते हैं मेधावी

**अयोध्या, अमृत विचार :** आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में अपने शानदार अंकों से जिले के टॉपर मेधावी छात्र-छात्राएं डॉक्टर, सीए व वन्य अधिकारी बनने की चाहत रखते हैं। जिले में 12वीं की टॉपर एचसीजे एकेडमी की आनन्दी यादव डॉक्टर बन समाज के गरीब व मजलूमों की सेवा करने की चाहत रखती हैं। ठेकेदार रामू यादव व गृहिणी शशि किरन की बेटी आनन्दी कहती है कि मन लगाकर दो से तीन घंटे की पढ़ाई अच्छे अंक लाने के लिए पर्याप्त है। वह अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों व अपनी मेहनत को देती हैं। इसी के साथ संयुक्त रूप से टॉपर रही परमा एकेडमी की प्रतिभा पांडेय वन्य अधिकारी बनना चाहती हैं। दवा प्रतिनिधि लक्ष्मीकांत पांडेय व गृहिणी अल्का की बेटी प्रतिभा भारत में घटते वन क्षेत्र पर चिंता व्यक्त करती हैं और विलुप्तप्राय प्रजातियों को संवर्धित करना चाहती हैं। बड़ी बहन खुशी व भाई बीटेक छात्र यश से मिलने वाली टिप्स उसके लिए बेहद कारगर रही। वह कहती है कि सफलता के लिए एकाग्रचित अध्ययन बेहद जरूरी है। एचसीजे एकेडमी की 12 वीं की मेधावी छात्रा व शिक्षक अशोक यादव व कंचन की पुत्री मनस्वी चार्टर्ड एकाउंटेंट बनना चाहती है। अपने माता-पिता व शिक्षकों को सफलता का श्रेय देते हुए कहती हैं कि लगन व मेहनत से किया गए कार्य का परिणाम सदा सुखद होता है। जिले में 10वीं की टॉपर रहीं एचसीजे एकेडमी की पल्लवी निषाद चार्टर्ड एकाउंटेंट बनना चाहती है। व्यवसायी राकेश निषाद व ममता की बेटी पल्लवी कहती है कि प्रतिदिन एकाग्रता व लगन से पढ़ाई करने पर शानदार परिणाम आते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अवध विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं 5 से

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने एनईपी के अंतर्गत स्नातक एवं परास्नातक सम-सेमेस्टर परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 5 मई व एलएलबी की सेमेस्टर परीक्षा 9 मई से शुरू होगी। मई माह में आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा कार्यक्रम की कुछ तिथियों में आंशिक संशोधन किया गया है। नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बताया कि संशोधित परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट तथा संबद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन पोर्टल पर उपलब्ध करा दिया गया है। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देश पर छात्रहित को देखते हुए स्नातक एवं परास्नातक व एलएलबी त्रिवर्षीय-पंचवर्षीय सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा के कार्यक्रमों में आंशिक संशोधन किया गया है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं प्राचार्यों से संशोधित कार्यक्रम की जानकारी छात्रों को अवगत कराने की अपील की है।

### निर्माणाधीन मकान की शटरिंग ढही, मजदूर की मौत

**मसौधा, अयोध्या, अमृत विचार।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के भदोखर मजरे सिहोंरिया गांव में गुरुवार शाम गांव निवासी प्रदीप कनौजिया के मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। छत लगाने के लिए शटरिंग कार्य में मजदूरों के साथ तारुन थाना क्षेत्र के विजयनपुर सजहरा गांव निवासी अजय कुमार वर्मा (35) पुत्र रामचंद्र वर्मा भी लगा हुआ था। बल्ली टूटने से शटरिंग भरभरा कर ढह गई। शटरिंग के नीचे दबकर मजदूर अजय गंभीर रूप से घायल हो गया। पूरा कलंदर पुलिस ने घायल मजदूर को जिला अस्पताल भिजवाया लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। थाना मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 9 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अयोध्या के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को लगेगी। इसमें अधिक से अधिक वादों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकता है। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रंजिनी शुक्ला ने दी।

### मंदिरों में मनाया गया मां जानकी का छठ उत्सव

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी के कई मंदिरों में मां जानकी के जन्मोत्सव के छठे दिन छठ उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विशेष अनुष्ठान भी संपन्न किए गए। सुबह से ही मंदिरों में उत्सव का माहौल रहा, जहां आरती पूजन के बाद बधाई गायन किया गया। राम मंदिर में रामलला व राम दरबार में विशेष प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। सरयू तट स्थित प्राचीन पीठ लक्ष्मण किला, कनक भवन, रंग महल, जानकी महल, राम बल्लभा कुंज के साथ छोटी देवकाली मंदिर में विभिन्न अनुष्ठानों का आयोजन हुआ।

### दरोगा राजकुमार यादव लाइन हाजिर

**अयोध्या, अमृत विचार।** कार्यों में लापरवाही बरतने व अनुशासनहीनता का आरोप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने थाना गोसाईगंज में तैनात उप निरीक्षक राजकुमार यादव को लाइन हाजिर कर दिया है।

## ऑनलाइन हाजिरी में फिसड्डी जिलों में अयोध्या भी शामिल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में ऑन लाइन हाजिरी को लेकर शासन की ओर से की गई समीक्षा में प्रदेश के 20 फिसड्डी जिलों में अयोध्या का नाम भी दर्ज हो गया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने गुरुवार को गहरा आक्रोश जताते हुए सुधार के लिए चेतावनी दी है। यदि अगले माह सुधार नहीं हुआ तो बेसिक शिक्षा अधिकारी पर कार्रवाई हो सकती है। महानिदेशक ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति प्रतिदिन डिजिटल पंजिका के माध्यम से प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य है। इसके बावजूद लापरवाही हो रही है। सभी बीएसए को खंड शिक्षा अधिकारियों को बैठक कर नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने बताया कि निर्देश मिला है खंड शिक्षा अधिकारियों को कहा गया है। सभी प्रधानाध्यापकों को अलग से नोटिस जारी की जा रही है।

## फिरौती के लिए अपहरण व हत्या करने में दो को उम्र कैद

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** फिरौती के लिए किशोर का अपहरण कर उसकी हत्या कर देने के मामले में कोर्ट ने दो दोषियों को आजीवन कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। प्रत्येक पर 35 हजार जुर्माना भी हुआ है। फैसला अपर जिला जज सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से गुरुवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडे व रोहित पांडे ने बताया कि घटना 8 दिसंबर 2015 की है। कोतवाली अयोध्या के हैबतपुर गांव निवासी मुइन उल्लाह उर्फ माने ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके मोबाइल पर उसके भांजे फैजल के मोबाइल से फोन करके उसे बताया गया कि तुम्हारे भांजे को किडनैप कर लिया गया है, आठ लाख लेकर आना नहीं तो तुम्हारे भांजे की हत्या कर दी जाएगी। अगले दिन 9 दिसंबर को साहिल के खेत में फैसल की लाश मिली। विवेचना में गुड्डू निषाद उर्फ रामगोपाल निषाद निवासी केशवपुर थाना परशुरामपुर जिला बस्ती तथा विनय कुमार निवासी कंघी गली खवासपुरा थाना कोतवाली नगर का नाम प्रकाश में आया। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और उनकी निशानदेही पर हैबतपुर के रहने वाले रामकरन प्रजापति की दुकान के अंदर से एक कपड़ानुमा रस्सी, लोहे की पाइप आदि बरामद किया। अभियुक्त गुड्डू निषाद ने बताया कि फैसल का मैंने इसी रस्सी से गला दबाया था और विनय कुमार ने उसके सिर पर वार किया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाते हुए दोनों को सजा दी।

## बस की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र मया के प्राथमिक विद्यालय त्रिलोकपुर नवीन में कार्यरत सहायक अध्यापक जन्मेजय शाह की गुरुवार सुबह बस की टक्कर से मौत हो गई। वो बाइक से विद्यालय जा रहे थे। सुबह लगभग 8 बजे वह महराजगंज थाना के पास अंबेडकरनगर की ओर से आ रही बस ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल जन्मेजय को लोगों ने सीएचसी मया पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने उन्हें गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज दर्शननगर रेफर कर दिया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बीएसए लालचंद, एबीएसए राजेश सिंह, शिक्षक नेता विश्वनाथ सिंह, चक्रवर्ती सिंह, ओम प्रकाश यादव, अनुज सिंह समेत बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे साथियों ने शोक जताया। वह परिवार में विधवा मां, पत्नी व डेढ़ वर्षीय पुत्री छोड़ गए। कार्यवाहक थाना प्रभारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि ड्राइवर व बस पुलिस के कब्जे में है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


जन्मेजय शाह (फाइल फोटो)

## अस्पतालों में श्रमिकों के लिए आरोग्य मेला आज से

अयोध्या कार्यालय

- **एक सप्ताह तक होगा आयोजन, नि:शुल्क होगा चश्मा वितरण व सभी जांचें**

**अमृत विचार:** श्रमिक दिवस के अवसर पर जिले में श्रमिक आरोग्य मेला का आयोजन 1 से 7 मई तक किया जाएगा। इस मेले का मुख्य उद्देश्य श्रमिक बस्तियों, डेरों और क्लस्टर क्षेत्रों में रहने वाले मजदूरों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। शिविरों का उद्घाटन स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने बताया कि जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग इस कार्यक्रम का संयोजन कर रहा है। मुख्य श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत श्रमिकों की सूची प्राप्त की जाएगी। एनजीओ, श्रमिक कल्याण संगठनों और जिला औद्योगिक विभाग के सहयोग से कार्यक्रम को प्रभावी बनाया जाएगा। शिविरों में जिला चिकित्सालय (पुरुष एवं महिला), श्रीराम चिकित्सालय, 100 बेड अस्पताल कुमारगंज, 50 बेड अस्पताल देवगांव, सभी सीएचसी, पीएचसी, अर्बन एवं ग्रामीण आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की पूरी भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

शिविरों में एनसीडी जांच (ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, कैंसर स्क्रीनिंग), टीबी जांच एवं उपचार, मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन, चश्मा वितरण, पैथोलॉजी जांच की सुविधा रहेगी। गर्भवती श्रमिक महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण, 14 वर्ष तक की बालिकाओं को एचपीवी टीका, एनीमिया नियंत्रण के लिए आयरन-फोलिक एसिड एवं कैल्शियम गोलियां, किशोरियों एवं महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित किए जाएंगे। आयुष्मान कार्ड न बनाने वाले पात्र श्रमिकों के कार्ड भी शिविर स्थल पर बनाए जाएंगे।

हालात | कार्यालय पर रोज चस्पा होती है लाभार्थियों की सूची, नाम खोजने वालों की लगती कतार

# लगन चढ़ने के साथ बढ़े सिलेंडर के लिए आवेदक

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या।

- **16 दिन में एक हजार से अधिक कॉमर्शियल सिलेंडर हो चुके जारी**


चस्पा सूची में अपना नाम खोजते शादी के आवेदक।

**अमृत विचार:** रामनगरी में शादी-ब्याह के सीजन में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की मांग लगातार बढ़ रही है। जिला आपूर्ति विभाग द्वारा शादी आयोजकों को दो कॉमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराने की सुविधा शुरू करने के बाद आवेदकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। लोग सुबह-सुबह ही आपूर्ति कार्यालय पहुंचकर अपना आवेदन कर रहे हैं। साथ ही बड़ी संख्या में पहुंचकर लोग सूची में अपना नाम ढूंढते नजर आ रहे हैं।

जिला आपूर्ति विभाग के अनुसार, लगन चढ़ने के साथ ही सिलेंडर के लिए आवेदन बढ़ गए हैं। मांगलिक कार्यक्रमों के लिए भी विभाग सक्रिय रूप से सिलेंडर जारी कर रहा है। कार्यालय की दीवार पर रोजाना लाभार्थियों की सूची चस्पा की जाती है, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती है। मात्र 16 दिनों (12 से 27 अप्रैल तक) में एक हजार से अधिक कॉमर्शियल सिलेंडर जारी किए जा चुके हैं। इस दौरान 25 अप्रैल को सर्वाधिक 254 सिलेंडर आवेदकों को वितरित किए गए।

शादी आयोजकों को दो कॉमर्शियल सिलेंडर की सुविधा शुरू होने के बाद आवेदनों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। शादी सीजन को देखते हुए पूर्व जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने सिलेंडर की संख्या चार करने के निर्देश दिए थे, लेकिन उनके कार्यकाल में पत्राचार शुरू होते ही उनका स्थानांतरण हो गया। अब नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पदभार संभालते ही जनसुविधाओं पर विशेष जोर देते हुए आपूर्ति विभाग को सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि शादी जैसे मांगलिक अवसरों में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

### कब कितने सिलेंडर हुए जारी

| अप्रैल | संख्या |
|---|---|
| 12 | 33 |
| 13 | 18 |
| 15 | 03 |
| 16 | 103 |
| 17 | 30 |
| 18 | 133 |
| 19 | 01 |
| 20 | 46 |
| 21 | 04 |
| 22 | 129 |
| 23 | 140 |
| 24 | 25 |
| 25 | 254 |
| 27 | 110 |

### अब मांगलिक कार्यक्रमों के लिए जारी हो रहे सिलेंडर



जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि शादी का निमंत्रण कार्ड दिखाने पर दो कॉमर्शियल सिलेंडर तत्काल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस व्यवस्था से शादी समारोह आयोजकों को बड़ी राहत मिल रही है। शादी के ठीक दो दिन पहले ही लाभार्थियों की सूची कार्यालय में चस्पा कर दी जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग मांगलिक कार्यक्रमों, शांति भोज इत्यादि अवसर पर भी आवेदकों को सिलेंडर मुहैया कराने के लिए आ रहे आवेदन को एजेंसियों को मार्क किया जा रहा है।

## देश का सबसे बड़ा आध्यात्मिक केंद्र बना राम मंदिर : ट्रस्ट

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राम मंदिर देश का सबसे बड़ा आध्यात्मिक केंद्र बन गया है। जहां सभी 18 मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए है। ट्रस्ट के द्वारा निर्धारित लोगों को पास जारी कर दर्शन की अनुमति दे रहे है। परकोटा कॉरिडोर स्थित शिव मंदिर के शिखर पर बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने ध्वज आरोहण कर राम और शिव के अभिन्नता का संदेश दे दिया है। अब 15 मई को शेषावतार मंदिर व 29 मई को मां भगवती मंदिर के शिखर ध्वज आरोहण किए जाने की संभावना है।


राम जन्मभूमि परिसर स्थित शेषावतार मंदिर।

- **15 को शेषावतार और 29 मई को मां भगवती मंदिर पर होगा ध्वज आरोहण**

राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्र के अनुसार परकोटे के वायव्य कोण पर बने मां भगवती मंदिर के शिखर पर साध्वी ऋतंभरा और उनके संगठन दुर्गा वाहिनी की महिला पदाधिकारी ध्वज फहराएंगी। इसके साथ ही शेषावतार मंदिर में 15 मई को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के द्वारा में विहिप और अन्य अनुषांगिक संगठन के कार्यकर्ताओं के मौजूदगी में संपन्न किया जाएगा।

अमृत विचार



# आंधी ने जमींदोज किए 200 खंभे 50 ट्रांसफार्मर, अंधेरे में 150 गांव

- जिले में बुधवार दोपहर बाद आई आंधी ने पॉवर कॉर्पोरेशन को पहुंचाई बड़ी क्षति
- पूराबाजार, हैदरगंज समेत कई इलाकों में बाधित हुई आपूर्ति

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच बुधवार दोपहर बाद आई आंधी पानी ने पॉवर कॉर्पोरेशन को बड़ी क्षति पहुंचाई है। आंधी की चपेट में आकर जिले भर में 200 से अधिक बिजली के पोल और 50 से ज्यादा ट्रांसफार्मर जमींदोज हो गए। वहीं 56 किलोमीटर के करीब तार टूट गए। इसके चलते पूराबाजार, हैदरगंज, तारुन, मिल्कीपुर समेत कई इलाकों में बिजली आपूर्ति संकट खड़ा हो गया है। पॉवर कॉर्पोरेशन के वितरण अनुभाग की सूचना के अनुसार 150 गांवों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिसे सुचारू करने के लिए गुरुवार सुबह से प्रयास किए जा रहे हैं, शाम पांच बजे खबर लिखे जाने तक प्रभावित क्षेत्रों में विघुत आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी है। नए खंभे और ट्रांसफार्मर स्थापित कर आपूर्ति सुचारू करने में शुक्रवार तक का समय लगने की संभावना है।





पूराबाजार के कर्मा चौराहा पर टूटकर लटका पोल, जमीन गिरा ट्रांसफार्मर। शांतिपुर के पास आंधी से टूट कर गिरा पोल।



हैदरगंज में नंसा फीडर पर पेड़ गिरने से टूटा तार और पोल।

## आंधी के चलते हैदरगंज क्षेत्र भी प्रभावित

**हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** हल्की बूंदाबांदी के बीच शुरू हुई तेज आंधी के चलते पोल टूट कर जमीन पर गिरे और सभी फीडरों की बिजली गुल हो गई। जिससे यहां के उपभोक्ताओं के सामने विद्युत आपूर्ति का संकट खड़ा हो गया है। विद्युत उपकेंद्र केलालाल खां के हैदरगंज, खपराडीह, तारुन, भीटी व नंसा फीडरों से बिजली सप्लाई के लिए लगभग 50 हजार की आबादी निर्भर है। 24 घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी यहां के उपभोक्ताओं के लिए संचालित एक भी फीडर से विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सका है। लाइनमैन का कहना है कि सैकड़ों की संख्या में पोल टूट कर जमीन पर गिरे हुए हैं। विभाग से जब खंभे आएंगे, तब विद्युत सप्लाई बहाल होगी। इस संबंध में जेई डीसी भारती से जानकारी करना चाहा तो उनके सीयूजी नंबर से संपर्क नहीं हो सका।

## पूराबाजार क्षेत्र में आठ ट्रांसफार्मर व 50 खंभे धराशायी, 50 हजार लोग प्रभावित

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** पूराबाजार क्षेत्र में बुधवार को दोपहर बाद आई तेज आंधी से विद्युत उपकेंद्र रसूलाबाद क्षेत्र में आठ ट्रांसफार्मर और 50 खम्भे टूट कर गिर जाने के 22 घंटे से 50 हजार लोग अंधेरे में है। लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रसूलाबाद विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत नरायनपुर, बिल्हारघाट,गगौली, रसूलाबाद,कुम्हिया सहित पांच फीडर में 100 गांव है। आंधी के चलते शांतिपुर गांव के पास पेड़ गिरने से पोल टूट कर गिर गया, जिससे ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हो गया। कर्मा चौराहे पर पोल टूट कर गिरा व ट्रांसफार्मर जमीन पर गिर गया। प्राथमिक विद्यालय पलिया रिसाली के पास 11000 वोल्ट लाइन गिर जाने से बगल स्थित तार के साथ ट्रांसफार्मर भी टूट कर लटक गया है। इसी तरह बिल्हार घाट फीडर के अंतर्गत गोपालपुर गांव में राजाराम वर्मा और शिवमंगल गुप्ता के खेत के पास 11000 की लाइन का पोल टूट कर गिर गया है। कछौली, लक्ष्मीदासपुर, रामपुर सरधा, शान्तिपुर, अंजना,भावानीपुर, पुरखेपुर,ऐमीआलापुर, सरायचैमल सहित कई गांव में तेज आंधी से पेड़ की डाल टूट कर गिरने से विद्युत पोल टूट कर गिर पड़े हैं। जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित है। विद्युत उपकेंद्र रसूलाबाद के अवर अभियंता अरविंद प्रजापति ने बताया कि तेज आंधी के चलते करीब 50 विद्युत के पोल टूट गये हैं, छह से अधिक ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गये। उन्होंने बताया कि दर्शन नगर से रसूलाबाद उप केंद्र को आने वाली 33000 लाइन के तार भी टूट गए थे। जिसे ठीक कराया गया है। बाकी खराब लाइन भी ठीक कराई जा रही है।दुरुस्त होते ही विद्युत आपूर्ति चालू कर दी जाएगी।

## बिजली व्यवस्था ध्वस्त, बहाली के लिए काम जारी

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र में आई आंधी ने विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को पूरी तरह से चरमरा दिया है। मिल्कीपुर ब्लॉक में लगभग 50 विद्युत पोल टूटकर गिर गए हैं, जबकि हैरिंग्टनगंज ब्लॉक में करीब 100 पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अलावा क्षेत्र में करीब 20 ट्रांसफार्मर जलकर या गिर खराब हो चुके हैं। 11 हजार केवी की मुख्य विद्युत लाइनें कई स्थानों पर टूट गई हैं, जिससे आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। हैरिंग्टनगंज क्षेत्र में 33 हजार केवी लाइन पर एक विशाल आम का पेड़ गिर जाने से पांच पोल पूरी तरह ध्वस्त हो गए, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। इसी तरह से अमानीगंज ब्लॉक क्षेत्र में भी काफी विद्युत पोल टूटे हैं। कई लाइनों पर पेड़ गिरने से लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई है। जिनका मरम्मत कार्य जारी है। मिल्कीपुर एसडीओ अमित कुमार के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर मुख्य लाइनों को दुरुस्त कर चरणबद्ध तरीके से आपूर्ति बहाल की जा रही है।

> कई इलाकों में आंधी के कारण भारी नुकसान हुआ है। सभी एसडीओ को क्षेत्रों में आपूर्ति शीघ्र सुचारू करने के लिए लगाया गया है ।उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील है। शीघ्र ही प्रभावित क्षेत्रों में आपूर्ति सुचारू की जायेगी। –बृजेश कुमार,मुख्य अभियंता वितरण।

# 2 मई से प्रारंभ हो रहे ज्येष्ठ माह में पड़ेंगे आठ मंगलवार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** इस वर्ष 2 मई से ज्येष्ठ माह की शुरुआत हो रही है। जिसके बीच में अधिक मास के कारण इस वर्ष आठ मंगलवार पड़ रहे हैं। ज्योतिषाचार्य प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस वर्ष ज्येष्ठ माह वर्ष का यह सबसे पवित्र माना जाता है। जिसमें लोग धार्मिक अनुष्ठान आयोजन और नए कार्य को प्रारंभ करते हैं।

उन्होंने बताया कि 2 मई से ज्येष्ठ प्रारंभ होकर 29 जून तक रहेगा। कहा कि ज्येष्ठ माह में पढ़ने वाले मंगलवार पर हनुमान जी के पूजन का विशेष महत्व हैं। इसके बड़ा मंगल भी कहा जाता है। जिसमें भक्त बजरंग बली को चोला और सिंदूर के साथ प्रसाद चढ़ाते है।

**17 मई 15 जून तक रहेगा पुरुषोत्तम मास :** ज्येष्ठ माह के बीच 17 मई से 15 जून तक पुरुषोत्तम मास ( अधिक मास ) लग रहा है। ज्योतिषाचार्य कहते हैं कि अधिक मास में किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य नहीं करने चाहिए। मान्यता है कि अधिक मास में शादी-विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश आदि नहीं होते।

# आचार्य दक्षता वर्ग में शिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष जोर



सरस्वती शिशु मंदिर तुलसीनगर अयोध्या में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में मौजूद आचार्य।

**अयोध्या, अमृत विचार :** शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तुलसीनगर में विद्या भारती की योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह के अंतिम दिवस आयोजित होने वाले आचार्य दक्षता वर्ग का आयोजन गुरुवार हुआ। शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनि कुमार शुक्ल द्वारा किया गया। प्रथम सत्र का संचालन आचार्य मुकेश तिवारी ने किया। उन्होंने विद्या भारती की स्थापना, उद्देश्य, कार्यपद्धति एवं राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में उर्मिला शुक्ला ने शैक्षणिक प्रमुख द्वारा लिए गए इस सत्र में संस्था के मूल उद्देश्यों एवं लक्ष्यों की विस्तृत व्याख्या की।तृतीय सत्र में रामजी मिश्र आचार्य ने प्रातः स्मरण के श्लोकों का उच्चारण, उनका सही तरीका एवं उनके भावार्थ को विस्तार से समझाया। चतुर्थ सत्र में आचार्य विनीत कुमार पाण्डेय द्वारा एकात्मा स्त्रोत के 10 प्रमुख श्लोकों का अर्थ एवं उनके गूढ़ संदेश को सरल भाषा में समझाया गया। समापन आचार्य अरविन्द एवं उत्तम कुमार द्वारा संघ प्रार्थना के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्यों की सक्रिय सहभागिता रही।

## न्यूज ब्रीफ

### आंधी से गर्दन में लगी टीन, दुकानदार घायल

**गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** तेलियागढ़ चौराहे पर एक कॉस्मेटिक दुकान का बोर्ड टूटकर गिर गया, जिससे दुकान मालिक को लगभग पांच हजार का नुकसान हो गया। वहीं रामगंज क्षेत्र के दिलासीगंज मार्ग ठंडी सड़क निवासी मुकेलेश (45) आंधी के दौरान अपनी छत पर टीन शेड ठीक कर रहे थे, तभी तेज हवा के झोंके से टीन उनके गले के पीछे लग गई। गंभीर रूप से घायल मुकेलेश को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। जूनियर इंजीनियर शिव शंकर यादव के अनुसार 33 केवी बीकापुर-तरुन-गोसाईगंज लाइन पर 10 से अधिक स्थानों पर खंभे क्षतिग्रस्त हुए हैं। विभाग के अनुसार गुरुवार तक मरम्मत कर बिजली आपूर्ति बहाल करने का प्रयास जारी है।

### कौशलपुरी बिजली उपकेंद्र के सभी फीडर बंद, हजारों लोग परेशान



**अयोध्या, अमृत विचार :** कौशलपुरी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। विभाग के अनुसार 33 केवी अंडरग्राउंड केबल में फॉल्ट आने से गुरुवार दोपहर 12 बजे से ही कौशलपुरी फेज-वन, फेज-टू, टीपी नगर और घोसियाना फीडर बंद हैं। रात नौ बजे खबर लिखे जाने तक फाल्ट ठीक नहीं हो पाया है। वहीं इन फीडरों से जुड़े लगभग 10 हजार उपभोक्ताओं को गर्मी और उमस में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई इलाकों में पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई क्योंकि बोरिंग और मोटरें बंद रहीं। पॉवर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों का दावा है कि टीम लगी है, जल्द फाल्ट सही कर आपूर्ति बहाल की जाएगी।

### प्रधानों की आवाज दबाने का प्रयास: राजेश

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह ने प्रशासन पर लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में प्रस्तावित बैठक से पहले ही उन्हें समेत प्रदेश के कई जिलाध्यक्षों को हाउस अरेस्ट कर लिया, जिससे वे बैठक में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने बताया कि यह बैठक पूरी तरह शांतिपूर्ण थी, जिसमें प्रदेश के 75 जिलों के जिला अध्यक्ष और संगठन के पदाधिकारी आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने वाले थे। साथ ही समय पर पंचायत चुनाव कराने और या फिर कार्यकाल बढ़ाने की योजना बना रहे थे। राजेश ने स्पष्ट किया कि बैठक में किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन का कोई कार्यक्रम नहीं था। उन्होंने सभी प्रधानों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार उनकी जायज मांगों पर सकारात्मक विचार करेगी।

### किशोरी को भगा ले गया मजदूर

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** टेंट हाउस पर मजदूरी करने आया युवक 17 वर्षीय किशोरी को बहला फुसला कर कहीं लेकर चला गया। एक गांव निवासी पीड़िता द्वारा बीकापुर कोतवाली में शिकायत देते हुए बताया कि तारुन थाना क्षेत्र के महोलियां बारा निवासी शैलेंद्र उनके घर के सामने स्थित एक टेंट हाऊस पर लगभग छह माह से काम करता है। वह 26 अप्रैल को उनकी 17 वर्षीय नातिन को बहला फुसला कर भगा ले गया। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि अपहरण की धारा में रिपोर्ट दर्ज करके किशोरी की तलाश की जा रही है।

### सब के सीने में दिल नहीं होता...

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के रौनाही में उर्स के दूसरे दिन भी सपा नेता फिरोज खां गब्बर की अगुवाई में सलाना उर्स के मौके पर जबाबी कव्वाली ने मौजूद हजारों लोगों का मनमोह लिया। नाट्य कव्वालों में राजस्थान से आए अनिस नबाब व मुंबई आमिल आरिफ ने नवयुवकों को सीख दी। अनीस नबाब के साथियों ने प्यार मोहब्बत के हो रहे खेल को संगीत में संजोया। सबके सीने में दिल नहीं होता फिर भी खून से खत लिखने व जिसका हाथ पकड़कर मदद करो वही सीने में खंजर भोंकने जैसी कव्वाली से वाहवाही लूटी। सोहेब, एजाज, अशोक,नरेंद्र, अफरोज,फहीम, संजीव आदि मौजूद रहे।

## दो ट्रैक्टरों में आग लगाने के मामले में केस दर्ज

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** खेत में गेहूं की मड़ाई करने गए दो ट्रैक्टर में आग लगाकर जला देने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने एक नामजद सहित दो आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज किया है। यह कार्रवाई एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर की गई। इनायत नगर थाना क्षेत्र के पडरी पूरे मगन निवासी हौसिला प्रसाद द्वारा की गई शिकायत में बताया गया है कि उन्हों अपने दोनों पुत्रों के नाम दो टैक्टर खरीदा था। 10 अप्रैल की रात दोनों टैक्टर लेकर पड़ोसी गांव बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के धरेठा दशरथपुर गांव में गेहूं की मड़ाई करने गए थे। रात में धरेठा दशरथपुर निवासी विपक्षी अभिषेक यादव ने खेत में खड़े उनके दोनो टैक्टर में आग लगा दी गई। सूचना पर जब पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, तब तक दोनों ट्रैक्टर पूरी तरह जल गया था। घटना के दूसरे दिन 11 अप्रैल को उन्होंने कोतवाली में शिकायत पत्र दिया लेकिन न तो रिपोर्ट नहीं दर्ज हुई। प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जा रही है।

# नालों की सफाई 31 से पहले हो पूरी : महापौर

अयोध्या कार्यालय



नगर निगम में समीक्षा बैठक करते महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार।

**अमृत विचार :** महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि 31 मई तक नालों की सफाई व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित कर ली जाए, ताकि बरसात के दौरान जल भराव की समस्या पर काबू पाया जा सके। वह गुरुवार को नगर निगम में नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ नगर निगम के स्वास्थ्य एवं निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे।

महापौर ने कहा कि पार्षदों से संपर्क कर एवं स्थानीय नागरिकों से फीडबैक लेकर बरसात के दौरान रास्तों पर जल भराव के संभावित स्थलों को चिन्हित कर लें, जहां आवश्यकता हो, वहां राबिस भर दें। उन्होंने जल निकासी के लिए आवश्यकता अनुसार छोटी ड्रेनेज का निर्माण कराने व पंप लगाने के लिए स्थलों को चिह्नित कर समय से प्रक्रिया पूरी कर लेने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने नाला सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों को 24 घंटे के बाद हटाए गए सिल्ट हटाने का निर्देश दिया। नगर क्षेत्र में 154 बड़े एवं 245 छोटे नालों की सफाई की जानी है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों का बीट निर्धारित कर रोस्टर जारी कर दिया जाए। बैठक में अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, महाप्रबंधक जलकल सौरभ श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल, सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडे आदि मौजूद थे।

### निजी संस्थाओं को पंजीकरण के लिए मोहलत

हैदरगंज में दुर्घटना को देखते हुए सेफ्टी टैंक की सफाई करने वाली निजी संस्थाओं को पंजीकरण कराने के लिए एक सप्ताह की मोहलत दी है। अवैध रूप से संचालित संस्थाओं पर कार्रवाई की जाएगी। पशु पक्षियों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम ने ठोस पहल की है। उसने प्रत्येक वार्ड में पांच-पांच चरही स्थापित करने की योजना बनाई है। नगर आयुक्त ने यश पेपर मिल को चेतावनी जारी करने का निर्देश दिया है। बैठक में बताया गया कि मिल से निकलने वाला गंदा पानी बिना ट्रीटमेंट के नालों के माध्यम से सरयू नदी में डाला जा रहा है। जनशिकायत को देखते हुए नगर आयुक्त ने अधिकारियों को इसकी जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## फर्जी मुहर व हस्ताक्षर कर एफडी भुगतान कराने के आरोप में ठेकेदार पर केस

**अयोध्या। अमृत विचार :** पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता की फर्जी मुहर व हस्ताक्षर कर लगभग 17 लाख की एफडी धरोहर राशि बैंक से निकालने के आरोप में ठेकेदार करुणाकर पांडे उर्फ बब्बू के खिलाफ कोतवाली नगर में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा पीडब्लूडी निर्माण खंड 4 के कैशियर संतोष कुमार ने दर्ज कराया। तहरीर में बताया गया कि मेसर्स मीरा एसोसिएट बिल्डर्स एण्ड टेडर्स, 27 कुडौली, मजनावां जनपद-अयोध्या द्वारा लोक निर्माण विभाग खण्ड-4, अयोध्या में रौनाही-ड्योढी मार्ग से कांटा गन्ना से बभनियावां भाईपुर संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य के लिए करीब 17 लाख एफडी के रूप में अधीक्षण अभियन्ता, अयोध्या-अंबेडकरनगर वृत्त, लोक निर्माण विभाग अयोध्या के नाम बंधक थी। इसे कार्य के लिए अनुबंध के साथ लगाया गया था। धरोहर धनराशि का रख-रखाव मेरे द्वारा किया जाता है। आरोप लगाया कि करुणाकर पाण्डेय ऊर्फ बब्बू निवासी कुडौली, मजनावां अयोध्या द्वारा अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड-4, लोनिवि, अयोध्या की फर्जी मुहर लगाकर फर्जी हस्ताक्षर एवं फर्जी पत्रांक डालकर धोखाधड़ी करके बैंक से भुगतान से लिया गया। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर ठेकेदार के खिलाफ केस दर्जकर विवेचना की जा रही है।

# अगली बैठक में नई परियोजनाएं शामिल करें: मंडलायुक्त

अयोध्या कार्यालय



आयुक्त सभागार में समीक्षा बैठक करते मंडलायुक्त राजेश कुमार। अमृत विचार

- सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा कर दिए निर्देश

**अमृत विचार :** सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में मंडलायुक्त राजेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मंडलायुक्त ने विभिन्न विभागों की प्रगति का विस्तृत आकलन करते हुए निर्देशित किया कि अगली बैठक में नए बिंदुओं को भी शामिल किया जाए। बैठक में पाई गई कमियों को समय रहते दूर कर लिया जाए।

मंडलायुक्त ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रगति बढ़ाने पर जोर दिया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी की समीक्षा के दौरान सभी जनपदों को बी श्रेणी से ए श्रेणी में लाने तथा अवशेष परिवारों को शीघ्र शामिल करने को कहा। जल जीवन मिशन (ग्रामीण) की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने खराब हैंडपंपों को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए। पर्यटन विभाग की समीक्षा में सुल्तानपुर में चल रहे कार्यों की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्था को तेजी लाने तथा उप निदेशक पर्यटन को स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही, भूमि विवादों का त्वरित निस्तारण कर कार्यों में गति लाने पर बल दिया।

बैठक में अपर आयुक्त अजयकांत सैनी, डीआईजी सोमेन वर्मा, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, जिलाधिकारी सुल्तानपुर इंद्रजीत सिंह, जिलाधिकारी अमेठी संजय चौहान, जिलाधिकारी अंबेडकर नगर ईशा प्रिया व जिलाधिकारी बाराबंकी ईशान प्रताप सिंह व मंडल के मुख्य विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# होटल में लगाई थी लिफ्ट, बकाया पैसे मांगने पर कनपटी पर लगाई पिस्टल

अयोध्या कार्यालय।

- दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, केस दर्ज कर कोतवाली अयोध्या पुलिस ने शुरू की जांच

**अमृत विचार :** होटल में लिफ्ट लगाने के बाद बकाया पैसा मांगा तो होटल मालिक ने कनपटी पर पिस्टल लगाकर डरा धमकाया। विरोध करने पर दौड़ा दौड़ाकर पीटा। कोतवाली अयोध्या पुलिस ने दो सगे भाइयों व एक अन्य समेत अज्ञात पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

पीड़ित धीरेंद्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम निरिया, पोस्ट शिवदयालगंज, थाना नवाबगंज, जिला गोंडा जीरोडिले एलीवेटर्स प्रा.लि. नाम की लिफ्ट कंपनी चलाता है। पुलिस को दी तहरीर में उसने बताया कि भानुमति रोड कारसेवकपुरम स्थित होटल आर्केडिया अवध एंड व्यंजन के मालिक ने अपने रेस्टोरेंट में लिफ्ट लगाने का कार्य दिया था। इसका निर्माण दो माह में करना था। इसे समय सीमा के अंदर ही पूरा कर सुपुर्द कर दिया गया। बताया कि पूर्व में सुपुर्दगी के समय ही सम्पूर्ण भुगतान की बात हुई थी मगर होटल मालिक द्वारा प्रार्थी का पैसा फंसा दिया गया। कई शिफ्ट में थोड़ा-थोड़ा पैसा दिया। अभी करीब 29 हजार रुपये शेष हैं। अब होटल मालिक शेष पैसों का भुगतान नहीं कर रहा है। बार बार कहने पर उसे 28 अप्रैल को पैसा देने के लिए बुलाया गया। जब वह अपनी कंपनी के सह मालिक विशाल सिंह के साथ पैसे लेने पहुंचा तो वहां होटल मालिक के पुत्र शिवम सिंह व उनके बड़े भाई, छोटू व अन्य दो स्टाफ मौजूद थे। पैसा मांगने पर सभी ने उन्हें गालियां देते हुए हमला कर दिया गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। वह वहां से किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे व कुछ दूर स्थित रेलवे अंडरपास के पास जाकर खड़े हो गए। कुछ ही देर में सभी वहां पहुंचे, व एक ने उनके कनपटी पर पिस्टल लगाते हुए धमकी दी अगर दोबारा रुपया मांगने यहां दिखायी दिए तो जान से मार दूंगा। आरोप लगाया कि आरोपियों ने उनके गले में पहनी करीब 12 ग्राम की सोने की चेन भी छीन ली। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## नगर निगम में पोर्टल चालू जमा करा सकेंगे कर

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर निगम क्षेत्र के गृह स्वामियों के लिए एक सुखद खबर आ गई है। 10 दिन से कर जमा करने के लिए मुख्यालय के चक्कर काट रहे लोगों को अब मुक्ति मिल जाएगी। कर अनुभाग का पोर्टल चालू हो गया है। अब लोग आसानी से मौजूदा वित्तीय वर्ष का कर जमा कर सकेंगे, गुरुवार को नगर निगम कार्यालय में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और चालू वित्तीय वर्ष का कर जमा कराया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार ने बताया कि नागरिक अब चालू मांग (करंट ईयर) का कर जमा करा सकते हैं। उन्होंने अपील की कि लोग समय पर कर जमा करें, क्योंकि बकाया राशि पर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज लगाया जाएगा। कई लोगों ने अभी तक पिछले वर्ष का बकाया नहीं चुकाया है, ऐसे में ब्याज का बोझ बढ़ सकता है। वे आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से या कार्यालय पहुंचकर अपना कर जमा करें।

# न्यायिक अधिकारियों का दबदबा, 12 पदक जीते

अयोध्या कार्यालय।



विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट दीपक यादव को ट्रॉफी प्रदान करते उच्च न्यायालय इलाहाबाद लखनऊ खंडपीठ के वरिष्ठ न्यायमूर्ति राजन राय।

- 25वीं प्रादेशिक न्यायिक अधिकारी क्रीड़ा प्रतियोगिता

**अमृत विचार:** लखनऊ में आयोजित 25वीं प्रादेशिक न्यायिक अधिकारी क्रीड़ा प्रतियोगिता में अयोध्या के जिला जज समेत अन्य न्यायिक अधिकारियों का दबदबा रहा। इसमें सभी न्यायिक अधिकारियों और जिला जज ने मिलकर 12 पदक हासिल किए।

प्रतियोगिता में सबसे शानदार प्रदर्शन अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट दीपक यादव का रहा। उन्होंने चार स्वर्ण व दो रजत पदक हासिल करके पूरे प्रदेश में अयोध्या का परचम लहरा दिया। ट्रॉफी पाए सभी न्यायिक अधिकारियों को गुरुवार को जिला जज की अध्यक्षता में सम्मानित भी किया गया। इस प्रतियोगिता में जिला जज रणंजय कुमार वर्मा ने बैडमिंटन में सेमीफाइनल, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय राहुल कात्यान ने 4×100 मीटर रिले रेस में रजत पदक, शिवानी जायसवाल पीठासीन अधिकारी लारा ने सेमीफाइनल कैरम में डबल, विशेष न्यायाधीश एससी एसटी दीपक यादव ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मी की दौड़ में स्वर्ण पदक, डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक, शॉट पुट में रजत पदक तथा 4×100 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल करके अयोध्या जिले का नाम रोशन किया। अपर जिला जज रवि कुमार गुप्ता ने सेमीफाइनल कैरम, अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन प्रथम योगिता कुमार ने सेमीफाइनल वूमेन एकल बैडमिंटन व अपाचे इंडिया जूनियर डिवीजन आशुतोष सिंह ने सेमीफाइनल क्रिकेट पुरुष में खिताब जीता। इसके अलावा जिला जज रणंजय कुमार वर्मा ने बैडमिंटन डबल्स में क्वार्टर फाइनल में, रवि कुमार गुप्ता कैरम सिंगल में क्वार्टर फाइनल में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रिया सक्सेना ने महिला क्रिकेट में क्वार्टर फाइनल में, गीतिका सिंह द्वारा महिला टेबल टेनिस में सिंगल व डबल्स में क्वार्टर फाइनल में सफलता हासिल की है। गुरुवार को बहुमंजिला इमारत की मीटिंग हाल में ट्राफी पाए सभी न्यायिक अधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी तथा न्यायिक अधिकारी गण मौजूद रहे।

## अकाउंटेंट के खिलाफ सभासदों ने काटा हंगामा

**सोहावल,अयोध्या। अमृत विचार :** नगर पंचायत खिरौनी सुचितागंज के कई सभासदों ने शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. राम सुमेर भारती का घेराव करते हुए पंचायत के लिपिक अकाउंटेंट कुलदीप नारायण के खिलाफ आवाज बुलंद की। नगर पंचायत में अफरा तफरी का माहौल रहा। लिपिक पर कार्यालय की गोपनीयता भंग करने सहित ठेकेदारों से मिलकर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया गया। नगर पंचायत के 15 वार्ड में चल रही खेमेबाजी और प्रधानमंत्री आवास वितरण में हुई अनियमितता की चल रही जांच की निष्पक्षता को बनाए रखने की मांग सहित एक राजनीतिक दल से समर्थित कुछ सभासदों ने अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष दोनों को निशाने पर रखकर मिली भगत का आरोप लगाया। अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. राम सुमेर भारती ने बताया लिपिक अकाउंटेंट को हटाने की मांग सभासदों द्वारा प्रमुख रूप से की गई हैं। कार्रवाई न होने पर मंगलवार से धरना प्रदर्शन की बात कही गई है। अधिशासी अधिकारी आरती श्रीवास्तव ने बताया आक्रोशित सभासदों से लिखा पढ़ी में शिकायत मांगी गई है। जांच पड़ताल के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# सरदार पटेल ने भारत के मानचित्र को दिया नया आकार



गुजरात स्थापना दिवस पर पदयात्रा का नेतृत्व करते अवध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह व शामिल शिक्षक व विद्यार्थी। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में गुजरात स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार सुबह 6.30 बजे पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा मुख्य परिसर प्रशासनिक भवन से नाका हनुमानगढ़ी तक और वापस मुख्य परिसर में संपन्न हुई। पदयात्रा में बड़ी संख्या में शिक्षकों अधिकारियों और छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। दौरान हाथों में तिरंगा और भारत माता की जय के उद्घोष के साथ छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता का परिचय देते हुए जनमानस के मध्य एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया।

कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि गुजरात राज्य का गठन 1 मई 1960 को हुआ था। अहमदाबाद इसकी पहली राजधानी थी और 1970 में इसे गांधीनगर कर दिया गया। कुलपति ने बताया कि भारत के एकीकरण में गुजरात का योगदान न केवल महत्वपूर्ण है, बल्कि यह वह नींव है जिस पर आधुनिक भारत खड़ा है। जब हम एकीकरण की बात करते हैं, तो गुजरात ने देश को सबसे बड़े व्यक्तित्व दिए जिन्होंने भारत के मानचित्र को नया आकार दिया। पटेल को भारत के एकीकरण का असली सूत्रधार कहा जाता है। सरदार पटेल गुजरात के खेड़ा जिले से थे उनके बिना 562 रियासतों का विलय असंभव था। देश को सुदृढ़ प्रशासनिक ढांचा देने

- गुजरात स्थापना दिवस पर अवध विवि द्वारा निकाली गई पदयात्रा

का श्रेय भी सरदार पटेल को जाता है। कुलपति ने कहा कि प्रशासनिक एकता के तहत भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था की स्थापना में मुख्य भूमिका निभाई, जिसे देश की एकता को बनाए रखने के लिए "स्टील फ्रेम" कहा जाता है। सरदार पटेल के कड़े रुख और जनमत संग्रह के बाद, जूनागढ़ भारत का अभिन्न अंग बना। यह भारत की क्षेत्रीय अखंडता की पहली बड़ी जीत थी। पदयात्रा में प्रो. एसएस मिश्र, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक,प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. शैलेंद्र कुमार, प्रो. फर्रुख जमाल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया।

## कृषि विश्वविद्यालय में निकाली गई पदयात्रा, की साफ-सफाई

**अयोध्या, अमृत विचार।** गुजरात स्थापना दिवस पर आचार्य नरेंद्र देव कृषि व प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति डॉ. पीएच प्रामणिक के निर्देशन में गुरुवार को छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. डी. नियोगी के संयोजन में करीब चार किमी. पदयात्रा निकाली गई। इस दौरान पदयात्रा में मारी-माटी, मारू गुजरात के नारे लगे। लेक्चर हाल के पास शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों ने साफ-सफाई की। वहीं दूसरी तरफ मात्सियकी अधिष्ठाता डॉ. सीपी. सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं को महर्षि वामदेव मन्दिर बवां और अयोध्या का भ्रमण कराया गया। मंदिर के पौराणिक इतिहास के विषय में जानकारी दी गई तथा अपनी प्राचीन धरोहरों को संरक्षित करने हेतु संकल्पित किया गया। मात्स्यिकी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गोद लिए गए ग्राम सिधौना में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की। वहीं डॉ. भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में वानिकी महाविद्यालय के छात्रों के दल को कुलपति ने हरी डंडी दिखाकर मां कामाख्या मंदिर और जंगल फॉरेस्ट्री के लिए रवाना किया।



सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों व उनके परिवारीजनों के साथ एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी।

## सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी विदाई

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** पुलिस कार्यालय में तैनात पांच अधिकारी व कर्मचारी गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने सभी को स्मृति चिन्ह भेंट कर पुलिस विभाग में उनके द्वारा दिए गए योगदान की प्रशंसा करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय जीवन तथा दीर्घायु होने की कामना की। सेवानिवृत्त होने वालों में निरीक्षक रेडियो रेवती रमन सिंह, उप निरीक्षक शिव पूजन सिंह, महिला उप निरीक्षक मुन्नी देवी, मुख्य आरक्षी मुकेश कुमार मिश्रा व राम सिंह शामिल हैं।

# किसान से अभद्रता का ऑडियो वायरल, लेखपाल पर गिरी गाज

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचार:** तहसील में तैनात लेखपाल बृजेश सिंह मीणा का एक कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। किसान से गाली-गलौज और अभद्र भाषा के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम मिल्कीपुर सुधीर कुमार ने तत्काल प्रभाव से लेखपाल का वेतन रोक दिया है। पूरे मामले में स्पष्टीकरण तलब किया है।

वायरल ऑडियो में देवरिया गांव के एक किसान से बातचीत के दौरान लेखपाल द्वारा अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया है। ऑडियो सामने आते ही प्रशासन हरकत में आया और मामले की जांच शुरू कर दी गई। एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि ऑडियो की

- एसडीएम ने वेतन रोका, मांगा स्पष्टीकरण जांच के बाद होगी अगली कार्रवाई

सत्यता की पुष्टि कराई जा रही है और दोष सिद्ध होने पर कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, आरोपों पर अपनी सफाई देते हुए लेखपाल बृजेश मीणा ने कहा कि वर्तमान में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य चल रहा है, जिसमें संबंधित किसान के नाम शुद्धिकरण का मामला लंबित था। उन्होंने बताया कि उनके स्तर से रिपोर्ट तैयार कर राजस्व निरीक्षक को भेज दी गई थी। लेखपाल के अनुसार, नाम संशोधन के लिए आवश्यक 41 और 45 की नकल किसान द्वारा उपलब्ध नहीं कराई जा रही थी, जिससे प्रक्रिया बाधित हो रही थी। लेखपाल ने कहा कि जिस ऑडियो के वायरल होने की बात कही जा रही है, उसे उन्होंने अभी तक सुना भी नहीं है।

## फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का पंचम दिवस संपन्न


**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय में सस्टेनेबल एनवायरमेंटल मैनेजमेंट इंटीग्रेटिंग इंडियन नॉलेज सिस्टम पॉलिसी फ्रेमवर्क एंड टेक्नोलॉजिकल इन्नोवेशंस विषय पर आयोजित 12 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के पंचम दिवस का सफल आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. आशुतोष कुमार पांडेय, व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय रहे। सत्र के प्रारंभ में डॉ. राकेश कुमार ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए उनका संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने पॉलिसी फ्रेमवर्क फॉर प्रमोटिंग इको फ्रेंडली ट्रेडिशनल प्रैक्टिस विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पॉवर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन की सहायता से पर्यावरण-अनुकूल पारंपरिक प्रथाओं के संवर्धन हेतु नीति ढांचे की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# प्रधानाचार्य पर आरोपों की गवाह बनी पीड़ित छात्रा की मार्कशीट

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** मिल्कीपुर तहसील के कुचेरा बाजार स्थित आजाद इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की एक छात्रा को प्रयोगात्मक परीक्षा में जानबूझकर कर कम अंक देकर फेल किए जाने का मामला तूल पकड़ गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने जांच के आदेश तो दिए हैं लेकिन जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी को सौंपने के बजाए बोर्ड परीक्षा प्रभारी लिपिक प्रदीप कुमार को सौंप दी है। हालांकि इस बीच आरोपी प्रधानाचार्य देव कुमार यादव का हास्यास्पद बयान सामने आया है ऐसा कम्प्यूटर की त्रुटि से हुआ है।

मार्कशीट में विज्ञान में 2, सामाजिक विज्ञान में 4, हिंदी में 3, अंग्रेजी में 2 व गृह विज्ञान 3 और संस्कृत में 4 अंक दर्ज हैं। प्रत्येक विषय में 30 अंक का प्रैक्टिकल होता है। सवाल यह उठता है कि गलती एक विषय में हो सकती है, लेकिन सभी छह विषयों में कैसे? सूत्र बताते हैं कि संबंधित



माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

High School (10th) Examination Result - 2026

CANDIDATE DETAILS

| | |
|---|---|
| Roll No. | 1261487582 |
| Candidate Name | NANDINI |
| Mother's Name | MEENA DEVI |
| Father's Name | HARIRAM MISHRA |
| Date of Birth | 22 / 06 / 2009 |
| District / School Code | 62 / 1174 |

MARKS DETAILS

| SUBJECT | THEORY | PRACTICAL | TOTAL | GRADE |
|---|---|---|---|---|
| HINDI | 041F | 003F | 044F | C2 |
| ENGLISH | 034F | 002F | 036F | D |
| SANSKRIT | 042F | 004F | 046F | C2 |
| HOME SCIENCE | 045F | 003F | 048F | C2 |
| SCIENCE | 024F | 002F | 026F | E1 |
| SOCIAL SCIENCE | 048F | 004F | 052F | C1 |
| Result | FAILED | | | |

DISCLAIMER

1. This is a Computer Generated Provisional Score Card. The result is for immediate information and cannot be treated as an original mark sheet.
2. Data provided by Board of High School & Intermediate Education Uttar Pradesh, Prayagraj.
3. Neither the Board nor the service provider is responsible for any inadvertent error.
4. For any clarification, contact UTTAR PRADESH MADHYAMIK SHIKSHA PARISHAD.

New Search | Print Result

पीड़ित छात्रा की हाईस्कूल की मार्कशीट। अमृत विचार

कॉलेज के प्रधानाचार्य एक कालेज के प्रबंधक भी हैं। अपने रसूख के बल पर माध्यमिक शिक्षा परिषद

- आजाद इंटर कॉलेज पलिया कुचेरा बाजार में हाईस्कूल की छात्रा को फेल करने का मामला

और विभाग दोनों में अच्छी पैठ रखते हैं। इसी को लेकर छात्रा व उसके परिजनों ने साजिश के तहत फेल करने का आरोप लगाते हुए डीआईओएस से शिकायत की।

डीआईओएस डॉ. पवन तिवारी का कहना है कि, प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के नियमानुसार प्रैक्टिकल के अंक आंतरिक व बाह्य परीक्षक मिलकर देते हैं। ऐसे में सभी विषयों में इतने कम अंक कैसे चढ़े, इसकी जांच की जाएगी। जांच अधिकारी / बोर्ड परीक्षा प्रभारी प्रदीप कुमार ने कहा कि प्रधानाचार्य को मार्कशीट संशोधन के लिए निर्देशित किया गया है और प्रैक्टिकल अंकों का ब्यौरा तलब किया गया है। छात्रा को न्याय दिलाया जाएगा। पीड़ित छात्रा के अन्य आरोपों की जांच की जा रही है उसमें अभी समय लगेगा। जांच रिपोर्ट डीआईओएस को सौंपी जाएगी।

# 10वीं में सान्वी, 12वीं में अतुल ने किया टॉप

### सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज का सीआईएससीई बोर्ड में शानदार प्रदर्शन, 100 प्रतिशत रहा परिणाम



सेंट पीटर्स स्कूल में मेधावी बच्चों को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य फादर बैप्टिस्ट डीसूजा व साथ में मौजूद अन्य। अमृत विचार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** नगर के प्रतिष्ठित सेंट पीटर्स स्कूल ने सीआईएससीई वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं में एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी शैक्षिक गुणवत्ता का प्रमाण प्रस्तुत किया है। विद्यालय के 10वीं और 12वीं दोनों ही कक्षाओं में 100 प्रतिशत परिणाम रहा, जिससे छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी की लहर है। 10वीं आईसीएसई के विज्ञान वर्ग में सान्वी सिंह ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं 12वीं आईएससी के विज्ञान वर्ग में अतुल दुबे ने 97.5 प्रतिशत अंक के साथ पहला स्थान प्राप्त किया।

12वीं आईएससी बोर्ड के विज्ञान वर्ग में अतुल दुबे ने 97.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं श्रेया वर्मा 95.5 प्रतिशत द्वितीय, रिदा खुर्शीद 95.25 प्रतिशत एवं हंसिका 95.25 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। इस वर्ग में कुल 65 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए, जिनमें से 21 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं वाणिज्य वर्ग में काव्या श्रीवास्तव ने 93.25 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऋषि वर्मा 89.75 प्रतिशत, द्वितीय तथा शिवम भारद्वाज 83.5 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इस वर्ग में कुल 17 छात्र शामिल हुए, जिनमें से 2 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। वहीं 10वीं आईसीएसई के विज्ञान वर्ग में सान्वी सिंह ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया हैं। जबकि अभिज्ञान वर्मा 97.8 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं रचित मिश्रा 97.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इस वर्ग में कुल 167 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 47 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। वहीं वाणिज्य वर्ग में माही सिंह ने 96.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयुष यादव 90.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा नैन्सी वर्मा 89.4 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान पर रहीं। जहां एक और कक्षा 10 में 11 बच्चों ने हिस्ट्री जियोग्राफी में, दो बच्चों ने गणित में तीन बच्चों ने कंप्यूटर ने दो बच्चों ने इंग्लिश में वह एक बच्चे ने हिंदी में 100 में से 100 अंक हासिल किया।

### शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है रिजल्ट



सान्वी सिंह 98.6 प्रतिशत



अतुल दुबे 97.5 प्रतिशत

विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रधानाचार्य फादर बैप्टिस्ट डीसूजा ने कहा कि यह सफलता छात्रों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है आज हम अपने विद्यार्थियों के आईसीएसई और आईएसई बोर्ड परीक्षाओं में इस वर्ष के उत्कृष्ट परिणाम पर अत्यंत गर्व महसूस करते हैं। विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण और लगन ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि हमारे विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# सुहेलदेव विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ फूटा छात्रों का गुस्सा



कुलपति का पुतला जलाने जाते छात्र। अमृत विचार

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** जिले में महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, विवादों के घेरे में है। विश्वविद्यालय प्रशासन पर भ्रष्टाचार, नियुक्तियों में धांधली और लचर परीक्षा प्रणाली के गंभीर आरोप लगाते हुए छात्र नेताओं ने कलेक्ट्रेट चौराहे पर मोर्चा खोल दिया है। छात्र नेता अविनाश सिंह 'बंटी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के दर्जनों छात्रों ने के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और कुलपति व रजिस्ट्रार का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए अविनाश सिंह 'बंटी' ने कहा कि जिस मंशा के साथ इस महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी, प्रशासन उसे पूरी तरह मटियामेट करने पर तुला है। उन्होंने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में पठन-पाठन का माहौल पूरी तरह समाप्त हो चुका है। कक्षाएं समय पर नहीं चल रही हैं और शिक्षकों की कमी के कारण छात्रों का भविष्य अंधकार में है। सबसे तीखा हमला विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली पर बोला गया। छात्र नेताओं का कहना है कि नई शिक्षा नीति की आड़ में सेमेस्टर सिस्टम को इस तरह लागू किया गया है कि छात्रों पर आर्थिक बोझ दोगुना हो गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** थाना राजेसुल्तानपुर क्षेत्र के ग्राम नथमलपुर हेठरिया निवासी अनिल वर्मा 44 की गुडग़ांव में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अनिल वर्मा गुडग़ांव शहर में नौकरी करते थे। बताया गया कि 27 अप्रैल को उनकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई, जिसकी सूचना 28 अप्रैल को पुलिस ने परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन गुडग़ांव पहुंचे, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को गांव लाया गया। गुरुवार को शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी रिंकू देवी, पुत्री रिया, पुत्र आदर्श और मां ज्ञानमती सहित सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के छोटे भाई राहुल का तिलक 1 मई को और विवाह 7 मई को होना था। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन अचानक हुई इस घटना से खुशियां मातम में बदल गई।

## युवक के शव की शिनाख्त परिजनों को हत्या की आशंका

**न्यौरी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अमड़ी टोल प्लाजा के पास मिले अज्ञात शव की शिनाख्त कराने में पुलिस को सफलता मिली है। मृतक की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के अजमलपुर गांव निवासी मायाराम के रूप में हुई है। मृतक के भाई संतराम ने बताया कि मायाराम 25 तारीख को जलालपुर के बड़ागांव में स्थित अपनी बहन के घर शादी समारोह में शामिल होने गए थे। उसी रात वह कार्यक्रम स्थल से अचानक लापता हो गए था। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका। बुधवार को उनकी लाश अमड़ी टोल प्लाजा के पास मिली, जिसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। संतराम के अनुसार मायाराम के परिवार में दो पुत्रियां और एक पुत्र हैं, जिनमें एक पुत्र और एक पुत्री की शादी हो चुकी है।

## सर्प दंश से महिला की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** अमृत विचार। ब्लॉक भियांव क्षेत्र के अम्बरपुर निवासिनी बासमती उम्र करीब 45 वर्ष पत्नी हरिशंकर जो गुरुवार सुबह करीब 5 :30 बजे सब्जी बनाने के लिए आलू लेने को हाथ बढ़ाया तभी एक जहरीले सांप ने हाथ की उंगली में डस लिया। थोड़ी देर बाद जब तबियत खराब होने लगी तो परिजनों को बताया कि कुछ काट लिया है। जानकारी होते ही परिजन जलालपुर स्थित डॉ. शुक्ला के निजी अस्पताल पर ले गए, जहां से उन्हें जवाब दे दिया गया, इसके बाद परिजन कही और ले जाते तभी रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। रोजी-रोटी के लिए पति दिल्ली रहते है। मृतक के एक पुत्र अमन और इसके अलावा दो पुत्री नीरज 20 वर्ष तथा नैन्सी 18 वर्ष की हैं। परिजन ने इसकी लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से की मुलाकात

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नव नियुक्त जिलाधिकारी ईशा प्रिया से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान जिलाधिकारी को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। बैठक के दौरान व्यापारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री संतोष अग्रवाल, जिला महामंत्री कृष्ण कुमार सोनी, नगर अध्यक्ष टांडा भूपेश जायसवाल, नगर अध्यक्ष अकबरपुर रवि अग्रहरि, सुधीर अग्रहरि, सतीश जायसवाल एवं पंकज सोनी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कानूनगो के निधन से विभाग में शोक की लहर

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर तहसील में तैनात तेज-तर्रार कानूनगो शिव पूजन का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उन्होंने टांडा के सद्दरपुर स्थित महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज में अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से पूरे राजस्व विभाग सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। वह आगामी डेढ़ वर्ष में सेवानिवृत्त होने वाले थे। शिव पूजन अपने कर्तव्यनिष्ठ और कर्मठ कार्यशैली के लिए जाने जाते थे। जलालपुर उपजिलाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि शिव पूजन एक मेहनती, ईमानदार और जिम्मेदार अधिकारी थे। उनके निधन से विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है। तहसीलदार निखिलेश कुमार ने भी गहरा दुख जताते हुए कहा कि उनका कार्य व्यवहार और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत था। उनके जाने से जो क्षति हुई है उसकी भरपाई संभव नहीं है। लेखपाल संघ अध्यक्ष जयकरण पाल ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शिव पूजन एक सजग और सहयोगी अधिकारी थे, जिन्होंने हमेशा कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया। उनका निधन पूरे राजस्व परिवार के लिए बड़ी क्षति है। इसके अलावा कई लेखपालों और कानूनगो साथियों ने भी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया। अंतिम संस्कार में जलालपुर नायब तहसीलदार अमरनाथ द्विवेदी और भियांव नायब तहसीलदार हरिराम सहित कई राजस्व कर्मी मशान घाट पहुंचे और उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं का हुआ समाधान

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** अंबेडकरनगर में जिलाधिकारी के निर्देश पर एनआईसी सभागार में सैनिक बंधु बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) और कर्नल बी. के. शुक्ला के संरक्षण में हुई, जिसमें बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त सैनिक, वीर नारियां और उनके आश्रित शामिल हुए। गुरुवार को आयोजित बैठक की शुरुआत में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने केंद्रीय सैनिक बोर्ड, राज्य सैनिक बोर्ड और अन्य मुख्यालयों से प्राप्त पत्रों एवं नीतिगत दस्तावेजों पर विस्तृत चर्चा की। पिछली बैठक में प्राप्त 5 प्रार्थना पत्रों में से 4 का निस्तारण कर दिया गया, जबकि एक पर कार्रवाई अभी जारी है। बैठक में गन लाइसेंस के नवीनीकरण और अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) से जुड़े मामलों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। सेवानिवृत्त सैनिकों को निर्देश दिया गया कि वे अपने हथियार राजकोषागार या संबंधित थाने में जमा कराने हेतु प्रार्थना पत्र दें। जिन पूर्व सैनिकों को एनओसी प्राप्त नहीं हुई है, उन्हें आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रभारी अधिकारी से संपर्क कर प्रक्रिया पूर्ण करने को कहा गया।

## कलेक्ट्रेट के बाहर हिंदू संगठनों का धरना

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के बैनर तले हिंदूवादी संगठनों ने कलेक्ट्रेट परिसर के सामने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समीप धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए विभिन्न मुद्दों पर कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने किछौछा दरगाह से जुड़े मामलों को लेकर गंभीर आरोप लगाए। ज्ञापन में झाड़-फूंक के नाम पर महिलाओं और किशोरियों के कथित शोषण, धर्मांतरण और 'लव जिहाद' जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की गई। साथ ही दरगाह क्षेत्र में संचालित गेस्ट हाउसों की जांच, अवैध गेस्ट हाउसों की सूची तैयार करने, सीसीटीवी लगाने और आगंतुकों के पहचान सत्यापन को अनिवार्य किए जाने की भी मांग शामिल रही। संगठनों ने आरोप लगाया कि दरगाह परिसर में अनैतिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं, जिन पर नियंत्रण जरूरी है। इसके अलावा सरकारी जमीन पर कथित अवैध कब्जे हटाने तथा परिसर में स्थित एक पुराने मंदिर को हिंदू समुदाय को सौंपकर पूजा-पाठ शुरू कराने की मांग भी उठाई गई।

# बैंक लंबित मामलों का शीघ्र करें निस्तारण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति एवं जिला व्यापार बंधु समिति की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सभी योजनाओं में नियमित बेहतर प्रगति सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य 2100 के सापेक्ष 2204 लाभार्थियों को 916.68 लाख रुपए की धनराशि वितरित की गई। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राप्त लक्ष्य 2200 के सापेक्ष अब तक 40 लाभार्थियों को 17.49 लाख रुपए की धनराशि बैंकों के माध्यम से वितरित की जा चुकी है। इस पर जिलाधिकारी ने लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण एवं वितरण सुनिश्चित करने हेतु अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने लाभार्थियों को उनके उद्यम एवं रोजगार को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किए जाने के निर्देश भी दिए।

# नीट परीक्षा के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 3 मई को अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक जनपद के 11 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली नीट एनईईटी परीक्षा को सकुशल एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के तैयारियों की समीक्षा के लिए परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए जोनल, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों, पर्यवेक्षकों और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक किया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा





कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करतीं जिलाधिकारी ईशा प्रिया।

केंद्र के भीतर किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधियों को रोकने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं और अभ्यर्थियों की गहन जांच सिक्योरिटी फ्रिस्किंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में परीक्षा केंद्र के भीतर वर्जित वस्तुओं की विस्तृत सूची साझा करते हुए वीके यादव प्राचार्य नवोदय विद्यालय जो नीट परीक्षा को संपन्न कराने के लिए एनटीए के तरफ से सिटी कोआर्डिनेटर एवं जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि किसी भी परिस्थिति में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, इयरफोन, पेजर, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर और पेन ड्राइव आदि ले जाना सख्त मना है। इसके अतिरिक्त स्टेशनरी मदों में ज्यामिति या पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, लिखने के पैड, स्केल, इरेजर और किसी भी प्रकार की लिखित सामग्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। व्यक्तिगत सामान जैसे वॉलेट, हैंडबैग, बेल्ट, टोपी, बड़े चश्मे और किसी भी प्रकार के धातु की वस्तुएं पहनकर आने की अनुमति नहीं होगी।

### व्यवस्थाओं की उपलब्धता करें सुनिश्चित

जिलाधिकारी ने कहा कि यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षा है। अत: परीक्षा से संबंधित समस्त गतिविधियों, प्रक्रियाओं एवं दिशा-निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लिया जाए तथा उनका अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया जाए। जोनल, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा केंद्रों का पुन: भ्रमण कर सभी व्यवस्थाओं और सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी के अपहरण का आरोप, केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि एक युवक ने शादी का झांसा देकर उसे बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया। काफी तलाश के बाद भी किशोरी का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने जयसिंहपुर के भैरोपुर निवासी अशोक कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि किशोरी की तलाश के लिए टीम लगाई गई है।

### बीएसए के मुकदमें में बहस चार को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले की पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी के कार्यालय में घुसकर सरकारी काम में बाधा डालने, गाली-गलौज तथा धमकी के मुकदमे में वकीलों के प्रस्ताव के कारण गुरुवार को सुनवाई नही हो सकी। बचाव पक्ष के वकील सन्तोष पाण्डेय ने बताया कि सीजेएम नवनीत सिंह की अदालत ने शेष बहस के लिए चार मई की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात के बेलामोहन निवासी सुरेश प्रताप सिंह पर 22 फरवरी 2023 को ये केस दर्ज हुआ था।

### छह केंद्रों पर अभ्यर्थी देंगे नीट परीक्षा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** आगामी तीन मई को नीट की परीक्षा प्रस्तावित है। परीक्षा को लेकर एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें परीक्षा की तैयारियों को लेकर मंथन किया गया। उन्होंने बताया कि छह केंद्रों पर नीट परीक्षा आयोजित होगी जिनमें तीन हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे।

# आईसीएसई बोर्ड: 95.8 प्रतिशत अंक पाकर कृतिका बनीं टॉपर



गुरुचरन कौर पब्लिक स्कूल के मेधावियों के साथ खुशियां मनातीं प्रिंसिपल। ● अमृत विचार



कृतिका 95 .8% अलीजा फातिमा 95% शिफा आसिफ 92 .8% उत्कृष्ट 92 .4% अनुष्का 92 .4%



सुनिधी 92 .4% दक्ष 91 .8% आराध्या 91%20% यशस्वी 91% शाश्वत दीप 90 .4%

संवाददाता, सुलतानपुर

● **टॉप-3 में छात्राओं का दबदबा, 62 में सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण**

**अमृत विचार:** आईसीएसई बोर्ड की कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही गुरुचरन कौर पब्लिक स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय ने शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के कुल 62 विद्यार्थियों (23 छात्र एवं 39 छात्राएं) ने परीक्षा दी, और सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

परीक्षा में कृतिका पांडेय ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। अलीज़ा फातिमा 95 प्रतिशत के साथ द्वितीय और शिफा आसिफ 92.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा, उत्कृष्ट यादव, अनुष्का यादव एवं सुनिधी मिश्रा ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। दक्ष श्रीवास्तव (91.8 प्रतिशत) पांचवें, आराध्या अग्रवाल एवं यशस्वी यादव (91 प्रतिशत) छठे तथा शाश्वत दीप (90.5 प्रतिशत) सातवें स्थान पर रहे।

परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल बन गया। प्रधानाचार्या तेजिंदर कौर एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सेंट जॉन्स कॉन्वेंट स्कूल का भी शत-प्रतिशत परिणाम

**बल्दीराय, सुलतानपुर :** तहसील क्षेत्र के गनापुर स्थित सेंट जॉन्स कॉन्वेंट स्कूल ने भी आईसीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में शत-प्रतिशत सफलता हासिल कर क्षेत्र में अपना परचम लहराया। विद्यालय में राज सिंह ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। पीयूष यादव 88 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे तथा अर्णव सिंह 81 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य शिवम श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

### रैंकिंग में सुधार लायें अन्यथा होगी कार्रवाई

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले में विकास कार्यों की धीमी रफ्तार पर अब बड़ा एक्शन शुरू हो गया है। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने 50 लाख से अधिक लागत वाली निर्माणाधीन परियोजनाओं और विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक में साफ चेतावनी दे दी है। सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से हुई इस हाईटेक समीक्षा में बी और सी श्रेणी में आए विभागों पर डीएम ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि कार्यशैली सुधारे नहीं तो जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई होगी। डीएम ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभागों को रैंक बनाए रखने और कमजोर विभागों को सुधार के निर्देश दिए गए।

# हाईवे पर हादसा, अमेठी के दो की मौत

## बन्धुआकला क्षेत्र में हुई दुर्घटना, कटर से वाहन काटकर निकाले गए फंसे हुए शव

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** बन्धुआकला थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के एक सड़क हादसे में दो की मौत हो गई। लखनऊ-सुलतानपुर हाईवे पर खोखीपुर बाईपास के पास एक तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा इतना भीषण था कि दोनों मृतक वाहन के अंदर बुरी तरह फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और राहत टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद कटर की मदद से शवों को बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान अमेठी जनपद के नारायणपुर, थाना भाले सुल्तान निवासी शिवनाथ पुत्र राम मनोहर और बाजार शुक्ला थाना क्षेत्र के पूरे भरोसे का पुरवा निवासी शाह प्रसाद पुत्र शिव बहादुर के रूप में हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों व्यक्ति दिल्ली से प्रयागराज की ओर प्रदर्शनी का सामान लेकर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि मृतकों के परिजन भी दूसरी गाड़ी से आगे चल रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही वे घटनास्थल पर पहुंच गए, जहां का मंजर देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि दुर्घटना किस वाहन से हुई। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच-पड़ताल जारी है।




सड़क हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार

# अनुशासनहीनता के आरोप में ड्यूटी बाधित

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** जिले में एक होमगार्ड द्वारा जिलाधिकारी के सीयूजी नंबर पर फोन करना विवाद का कारण बन गया है। जिला कमांडेंट होमगार्ड ने गजेंद्र प्रताप सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उन्हें ड्यूटी और परेड से प्रतिबंधित कर दिया है। एडिशनल कमांडेंट के अनुसार, 26 अप्रैल की रात करीब 8रू44 बजे होमगार्ड द्वारा जिलाधिकारी के सीयूजी नंबर पर बार-बार कॉल कर अधिकारियों के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया। शिकायत के बाद कंपनी प्रभारी ने संपर्क किया, लेकिन वहां भी कथित अभद्रता सामने आई। 28 अप्रैल को कार्यालय में बुलाने पर भी उनका व्यवहार अनुशासनहीन पाया गया, जिसके चलते कार्रवाई की गई। वहीं, होमगार्ड गजेंद्र प्रताप सिंह ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है। उनका कहना है कि गांव उघड़पुर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने पर उन्होंने जनहित में अधिकारियों को फोन किया था। जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तब उन्होंने डीएम के सरकारी नंबर पर संपर्क किया।गजेंद्र ने आरोप लगाया कि डीएम आवास पर तैनात एक लिपिक द्वारा उन्हें फोन कर आपत्ति जताई गई और व्यक्तिगत कार्य न करने पर उनके खिलाफ झूठी शिकायत कर दी गई। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा है कि कॉल रिकॉर्डिंग की जांच कर सत्य सामने लाया जाए और निर्दोष पाए जाने पर उनकी ड्यूटी बहाल की जाए।



शिकायती पत्र दिखाता होमगार्ड।

● **डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर होमगार्ड ने की जांच की मांग**

# मोबाइल हैक कर खाते से साइबर ठगों ने उड़ाए 91 हजार

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार:** साइबर ठगों ने अमेठी के शाहगढ़ थाना क्षेत्र के छपेडवा निवासी रामसजीवन के मोबाइल को हैक कर उसके बैंक खातों से 91,899 रुपये उड़ा दिया। गौरतलब है कि राम संजीवन आवश्यक कार्य के चलते सुलतानपुर में रहता है। 16 नवंबर 2025 को उसके यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और भारतीय स्टेट बैंक के खाते से चार बार में पैसा निकाल लिए गए।

पैसा खाते से निकलने की जानकारी मिलते ही साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई, जिसका नंबर भी जारी हुआ। इसके बावजूद भी साइबर थाना सुलतानपुर ने एफआईआर दर्ज नहीं की। साइबर पुलिस ने आरोपी का खाता फ्रीज करने की बात कही, लेकिन ठगी की रकम वापस नहीं मिली। सात मार्च 2026 को पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में अर्जी देकर एफआईआर दर्ज कराने और कार्रवाई की मांग की। साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

● **स्थानीय पुलिस से नहीं मिला न्याय तो कोर्ट की ली शरण तब दर्ज हुआ मुकदमा**

# धर्म परिवर्तन व ब्लैकमेल में क्रिमिनल हिस्ट्री तलब

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** धर्म परिवर्तन, ब्लैकमेल और धमकी के आरोप में जेल में निरुद्ध आजमगढ़ निवासी शाजिद अहमद उर्फ भोलू की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए अदालत ने उसकी क्रिमिनल हिस्ट्री तलब कर ली है। न्यायाधीश संध्या चौधरी की अदालत ने मामले में अगली सुनवाई के लिए पांच मई की तिथि नियत की है।

अभियोजन पक्ष के एडीजीसी पवन कुमार दूबे के अनुसार, कोतवाली नगर क्षेत्र की एक विवाहिता ने 17 अप्रैल को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि आरोपी शादी से पहले पीड़िता का पीछा करता था और अश्लील हरकतें करता था। साथ ही अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करता रहा और दो बार में 30 हजार रुपये वसूल लिए। शिकायत में यह भी कहा गया है कि वर्ष 2012 में शादी के बाद पीड़िता सुलतानपुर में रहने लगी, लेकिन आरोपी लगातार उसे धमकाता रहा। आरोप है कि एक लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। साथ ही दबाव बनाकर नमाज पढ़वाने और फिर से 30 हजार रुपये लेने का भी आरोप है। आरोप है कि बीती 31 मार्च को आरोपी ने फोन कर धर्म परिवर्तन कर निकाह करने की बात कही और विरोध करने पर अपहरण की धमकी दी। मामले में अदालत ने गंभीरता दिखाते हुए आरोपी की आपराधिक पृष्ठभूमि की रिपोर्ट तलब कर जमानत पर सुनवाई की अगली तिथि तय कर दी है।

● **जमानत को लकर कोर्ट पांच मई को करेगी सुनवाई**

### दिल्ली के दो पूर्व मंत्री समेत तीन का केस एमपी-एमएलए कोर्ट के सुपुर्द

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अमेठी जिले मे 12 साल पूर्व दिल्ली के पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती, सत्येन्द्र जैन व कवि कुमार विश्वास के खिलाफ दर्ज आचार संहिता उल्लंघन का मामला अब एमपी-एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में पहुंच गया है। जिसमे कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 15 मई की तारीख निर्धारित की है। पांच मई 2014 की घटना में अमेठी के तत्कालीन कोतवाल मोहम्मद हमीद ने यूपी के पांचवे चरण के मतदान में चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन में आम आदमी पार्टी के पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती, सत्येन्द्र जैन, कवि कुमार विश्वास और पंकज शुक्ला के खिलाफ केस दर्ज किया था। दौरान तफ्तीश पुलिस ने पंकज शुक्ला को क्लीन चिट देते हुए सोमनाथ भारती, सत्येन्द्र जैन व कुमार विश्वास के खिलाफ 27 अक्टूबर 2017 को चार्जशीट दाखिल की थी।

● **15 मई को होगी सुनवाई, आचार संहिता उल्लंघन का मामला**

# पीट-पीटकर हत्या के बाद बवाल 36 घंटे तक नहीं कीअंत्येष्टि

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के भिटौरा गांव में जसवंत सिंह की पीट-पीटकर हत्या के बाद हालात बिगड़ गए। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को शव घर पहुंचा, लेकिन परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से साफ इंकार कर दिया। गांव में तनाव फैल गया।

मृतक पक्ष ने ग्राम प्रधान समेत छह लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने तेजी दिखाते हुए बुधवार रात ही तीन नामजद आरोपियों सुरेश, रामजस और नीरज को गिरफ्तार कर लिया। इसके बावजूद परिजन नहीं मानें। उनकी मांग थी कि बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी, सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस और पत्नी दिव्या सिंह को सरकारी नौकरी दी जाए।

स्थिति बिगड़ती देख लंभुआ एसडीएम प्रीति जैन और सीओ ऋतिक कपूर मौके पर पहुंचे। घंटों चली बातचीत, समझाइश और आश्वासन के बाद आखिरकार मामला शांत हुआ।

करीब 36 घंटे बाद गुरुवार शाम जसवंत सिंह का अंतिम संस्कार कराया गया। गांव में अब भी पुलिस बल तैनात है और बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।

● **गिरफ्तारी व नौकरी की मांग पर अड़े रहे परिजन, वार्ता के बाद अंत्येष्टि को राजी हुए परिजन**

# आधुनिक वर्कशॉप/सर्विस स्टेशन का लोकार्पण

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** नगर क्षेत्र के गोराबारिक (अमहट) वार्ड घासीगंज में नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई व जलकल विभाग के वाहनों के लिए आधुनिक वर्कशॉप/सर्विस स्टेशन का निर्माण कराया गया, जिसका लोकार्पण पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने किया। इस नई सुविधा से नगर के सफाई वाहनों की पार्किंग, मरम्मत और रख-रखाव की व्यवस्था एक ही स्थान पर सुनिश्चित होगी।

पालिकाध्यक्ष ने बताया कि वाहनों की बढ़ती संख्या और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या को देखते हुए इस परियोजना को 15वें वित्त आयोग मद से करीब पौने दो करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। इसमें बाउंड्रीवाल, इंटरलॉकिंग मार्ग, हल्के व भारी वाहनों के लिए शेड, वाशिंग एरिया, प्रशासनिक भवन, विश्राम कक्ष व शौचालय जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज ने बताया कि वर्कशॉप के संचालन हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी भी निर्धारित कर दी गई है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज, सफाई व खाद्य निरीक्षक अधूलिका, अवर-अभियन्ता नीलम कुमारी, सभासद दिनेश चौरसिया, अरूण कुमार तिवारी, अफजल अंसारी, अरविन्द कुमार यादव, गिरीश मिश्र, संजय कप्तान, अरशद हबीब व अजय सिंह, मनीष जायसवाल आदि मौजूद रहे।




सर्विस स्टेशन का लोकार्पण करते पालिकाध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल। ● अमृत विचार

# पोषण पुनर्वास केंद्र का लिया जायजा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी ने गुरुवार को जिला अस्पताल स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी 10 बेड भरे पाए गए। उन्होंने वहां भर्ती बच्चों के अभिभावकों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य में हो रहे सुधार की जानकारी ली और सुझाव दिए।

डीपीओ ने बताया कि एनआरसी में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित देखभाल और पोषण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दौरान सभी बच्चों को फल भी वितरित किए गए। उन्होंने अभिभावकों को अपना मोबाइल नंबर देते हुए आश्वासन दिया कि यदि गांव में आंगनवाड़ी द्वारा बच्चों का वजन, लंबाई मापन या खाद्य सामग्री समय पर उपलब्ध नहीं कराई जा रही हो, तो वे सीधे संपर्क कर सकते हैं। एनआरसी इंचार्ज मंजीत को बच्चों की नियमित जांच और रजिस्टर में पूरा विवरण दर्ज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अभिभावकों को मिलने वाली धनराशि समय से देने पर भी जोर दिया गया।



पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण करते डीपीओ। ● अमृत विचार

● **डीपीओ ने भर्ती बच्चों के अभिभावकों से ली स्वास्थ्य की प्रगति की जानकारी**


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

पहले मेरा नाम SEEMA TIWARI था अब बदलकर SEEMA TEWARI हो गया है मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये अन्य कोई नाम नही है। **W/O-NAVIN TEWARI पटेल नगर थाना कोतवाली जिला–बाराबंकी (उ0प्र0)।**

**सूचना**

पहले मेरा नाम NAVIN TIWARI था अब बदलकर NAVIN TEWARI हो गया है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये अन्य कोई नाम नही है। **S/O-हरी नारायन दास पटेल नगर थाना कोतवाली जिला– बाराबंकी (उ0प्र0)।**

**सूचना**

पहले मेरा नाम निशा भारतीया था मै अपना नाम बदलकर निशा सिंह रख लिया हूँ। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **निशा सिंह पुत्री स्व0 अशोक कुमार अग्रवाल A–404 बहादुर बिहार सेक्टर–8 वृंदाबन योजना लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम DOLLY GUPTA से DOLI GUPTA कर लिया है। भविष्य में मैं इसी नाम से जानी व पहचानी जाऊं। **DOLI GUPTA, MD-3, SECTOR-C, NEHRU VATIKA, ALIGANJ, LUCKNOW.**

**सूचना**

मै माधुरी तिवारी पत्नी अजय कुमार तिवारी निवासी ग्राम सिंगहाचंदा तरबगंज जनपद गोण्डा प्राईमरी स्कूल की प्रधानाध्यापिका हूं। सूचित किया जाता है कि मेरा बी.टी.सी फाइनल ईयर की मार्कशीट अनुक्रमांक 8634005 सत्र 2004 कहीं खो गई है। किसी अन्य के द्वारा इसका उपयोग अवैध होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि हमने अपने पुत्र अम्बुज कुमार व पुत्रवधू पूजा को उनके गलत आचरण, मनमानी व हमारा कहना न मानने के कारण क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा व हमारे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **शान्ती देवी पत्नी भैया लाल व भैया लाल पुत्र शिवचरन लाल निवासीगण– तरसावां मिश्रिख सीतापुर, मिश्रिख उत्तर प्रदेश–261401**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं बृजेंद्र बहादुर यादव पुत्र सन्तराम यादव ग्राम खंडहरा पोस्ट सेमरी तहसील भीटी जनपद अम्बेडकर नगर का स्थाई निवासी हूं। मेरा हाईस्कूल सह अंक पत्र 2014 अनुक्रमांक 2459830 व प्रमाण पत्र संख्या 3472793 वास्तव में कहीं खो गया है बहुत खोजबीन के बाद भी नहीं मिला।

**सूचना**

मै SATISH YADAV मैने अपने पुत्र GANESH YADAV का नाम बदल कर VINAYAK YADAV रख दिया है भविष्य मे मेरे पुत्र को VINAYAK YADAV के नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O-SATISH YADAV R/O, 410/60, CHAUPATIYAN ROAD, NEAR MANSHA DEVI MANDIR NAI BADA SAADATGANJ, LUCKNOW.**


फूटा गुस्सा

## बैठक शुरू होते ही अधिवक्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए शुरू कर दी नारेबाजी

# बाइलॉज संशोधन वापस, वकीलों के आगे झुका बार नेतृत्व

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** अधिवक्ता संघ की नियमावली (बायलॉज) में प्रस्तावित संशोधनों के खिलाफ गुरुवार को हुई साधारण सभा बैठक हंगामेदार रही। सुबह 11 बजे बैठक शुरू होते ही अधिवक्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह को बैठक आधे घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी।

पुनः बैठक शुरू होने पर भी अधिवक्ताओं का आक्रोश जारी रहा और अध्यक्ष व महासचिव के खिलाफ नारेबाजी करते हुए संशोधन तत्काल वापस लेने की मांग उठी। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने किसी तरह आक्रोशित वकीलों को शांत कराया और प्रस्तावित बदलावों को अधिवक्ताओं के हितों के विपरीत बताया। लगातार विरोध और वकीलों की एकजुटता को देखते हुए बार अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने प्रस्तावित बाइलाज संशोधन वापस लेने की घोषणा कर दी। इस फैसले के बाद अधिवक्ताओं ने इसे अपनी जीत बताया, जबकि कई वकीलों ने प्रस्ताव को अधिवक्ताओं के साथ विश्वासघात करार दिया।

इस मौके पर पूर्व सचिव रविकांत मिश्र, बद्री प्रसाद पांडेय, जयंत मिश्र, रवि पांडेय, मदन तिवारी, राकेश पांडेय, रोहित अवस्थी, विश्वम्भर नाथ शुक्ल, सूर्यनाथ यादव, वेदांग त्रिपाठी, अंकित सिंह, विमल दूबे, मानवेंद्र शुक्ल, शिवाकृष्ण पाण्डेय, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, राजकुमार सिंह, अशोक सिंह विसेन, अखिलेश शुक्ल, श्रवण पांडेय, मृत्युंजय सिंह, सजल सिंह, आलोक दूबे, जयंत मिश्र, प्रशांत सिह समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। वहीं, विरोध के चलते दीवानी न्यायालय में दिनभर न्यायिक कार्य लगभग ठप रहा।



साधारण सभा की बैठक में मौजूद अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### बिजली का तार टूटने से कई गांव अंधेरे में

**भदैया, सुलतानपुर,अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के कई गांवों में बुधवार शाम करीब 8 बजे बिजली का मुख्य तार टूटने से आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दरियापुर 400 केवी उपकेंद्र से होने वाली सप्लाई बाधित होने के कारण शिवपुर, गौरा, पाल्हनपुर, नरहरपुर और पांडेपुर सहित दर्जन भर गांव अंधेरे में डूबे रहे। बिजली विभाग के अनुसार नरायनपुर गांव के पास 1100 लाइन का तार टूटने से यह समस्या उत्पन्न हुई। जेई अमित ने बताया कि विभाग को सूचना मिलते ही टीम को मौके पर भेज दिया गया है और मरम्मत कार्य तेजी से कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द बिजली बहाल करने की मांग की है। विभाग का कहना है कि मरम्मत कार्य पूरा होते ही आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी।

# आईसीएसई बोर्ड: धैर्य व कल्पना ने जिले में किया टॉप

## इस बार भी बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते टॉप रैंक में बनाया स्थान, परिणाम घोषित होते ही खुशी से खिले मेधावियों के चेहरे

**दिखायी मेधा**

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** आईसीएसई बोर्ड ने गुरुवार को हाईस्कूल परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। इस बार भी बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप रैंक पर कब्जा जमाया है। मनकापुर के फातिमा स्कूल की छात्रा कल्पना सिंह कनौजिया ने 95.8 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। इसी स्कूल की तान्या 95.6 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। शहर के इंद्रा इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अनुष्का यादव ने 95 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। फातिमा स्कूल की ही आराध्या सोनी 91.2 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर रहीं, जबकि इंद्रा इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अब्दुल कदीर अहमद ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान हासिल किया। वहीं जोहा निसार और श्वेता शुक्ला ने 89-89 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से छठवां स्थान पाया।

जिले के मनकापुर स्थित फातिमा स्कूल, शहर का इंद्रा इंटरनेशनल स्कूल और यशमय पब्लिक स्कूल आईसीएसई बोर्ड से संचालित हैं, जहां हाईस्कूल तक की पढ़ाई होती है। यहां के धैर्य टंडन को 96.2 प्रतिशत अंक मिले हैं।

इस वर्ष इन स्कूलों का ओवरऑल परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा। इंद्रा इंटरनेशनल स्कूल के अन्य छात्रों में आकर्षित कुशवाहा (87%), हमजा हलीम (85%), कार्तिकेय त्रिपाठी (84%), वैष्णवी मिश्रा (83.5%), मोहम्मद क़वाशीन (83%) और आर्यन सियाल (82%) ने भी अच्छे अंक हासिल किए। वहीं फातिमा स्कूल के मोहम्मद अयान (88%) और अंश तिवारी (87.4%) ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर इंद्रा इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य एच. मोलॉय ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के संयुक्त प्रयास का परिणाम है।

उन्होंने बताया कि स्कूल ने डिजिटल लर्निंग और व्यक्तिगत मार्गदर्शन पर विशेष ध्यान दिया, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है। स्कूल के प्रबंधक इंजीनियर मनोज त्रिपाठी ने भी इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं।


छात्रा अनुष्का यादव को मिठाई खिलाती इंदिरा स्कूल की प्रिंसिपल एच मोलाय।


प्रधानाचार्य के साथ सफलता की खुशी मनाती छात्राएं। ● अमृत विचार

**बढ़ाया मान**


कल्पना सिंह।


तान्या।


आराध्या सोनी।


धैर्य।


परीक्षा परिणाम घोषित होते ही खुशी से उछलते सफल छात्र। ● अमृत विचार

# वैन ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, बच्ची की मौत

**हादसा**

- छोटी बहन गंभीर, घटना से आक्रोशित लोगों ने लगाया जाम

बालपुर, गोंडा

**अमृत विचार :** लखनऊ-गोंडा हाईवे पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में ई-रिक्शा सवार आठ वर्षीया बच्ची की मौत हो गई। तेज रफ्तार इको वैन ने पीछे से ई-रिक्शे में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बच्ची सड़क पर गिर गई और मौके पर ही उसकी जान चली गई जबकि एक अन्य बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गयी। गनीमत रही कि ई-रिक्शा पलटने से बच गया वरना बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने हाईवे पर जमकर बवाल काटा। इस दौरान भीड़ के कब्जे से वैन चालक को छुड़ाने में पुलिस व परिजनों के बीच नोकझोंक भी हुई।


घटनास्थल पर लोगों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

देहात कोतवाली क्षेत्र के बालपुर जाट निवासी सुनील कुमार इन दिनों परिवार के साथ गांव आए हुए हैं। उनकी पत्नी अनीता अपने बच्चों शिवानी (8), नैन्सी (5) और अनूप (2) के साथ ई-रिक्शा से बालपुर बाजार जा रही थीं। ई-रिक्शा सुनील के बड़े भाई अनिल चला रहे थे। तिवारी पुरवा गांव के पास स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने पीछे से आ रही तेज रफ्तार इको वैन ने ई-रिक्शे को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शिवानी व नैन्सी उछलकर सड़क पर गिर गईं। हादसे में शिवानी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि नैन्सी गंभीर रूप से घायल हो गयी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गुस्साए लोगों ने वैन चालक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस को चालक को भीड़ से बचाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान पुलिस और परिजनों के बीच नोकझोंक भी हुई। घटना से आक्रोशित परिजनों ने बच्ची का शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया, जिससे हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस के काफी समझाने-बुझाने के बाद परिजन जाम हटाने को तैयार हुए। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में देहात कोतवाल समशेर बहादुर सिंह ने बताया कि वैन और उसके चालक को थाने लाया गया है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है, मामले की जांच की जा रही है।


शिवानी फाइल फोटो


घायल नैन्सी।

# 10 हजार रिश्वत लेते ग्राम पंचायत सचिव गिरफ्तार

- एंटी करप्शन टीम ने मनकापुर कोतवाली में दर्ज कराया मुकदमा

**गोंडा, अमृत विचार :** एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ग्राम पंचायत सचिव को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। मामला विकासखंड बभनजोत क्षेत्र का है, जहां तैनात ग्राम पंचायत सचिव उमेश कुमार भारती को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया।

जानकारी के अनुसार, बभनजोत निवासी अजमल पुत्र मोहम्मद अख्तर ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी कि उनके परिचित अजहरुद्दीन के तीन बच्चों, महमूदुद्दीन, समरू निशा खान और फरीन खान के जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए सचिव लगातार 10 हजार रुपये की मांग कर रहे थे। रिश्वत न देने पर प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा था, जिससे पीड़ित परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शिकायत के सत्यापन के बाद एंटी करप्शन देवीपाटन मंडल की टीम ने जाल बिछाया और आरोपी सचिव को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ दबोच लिया। गिरफ्तारी के दौरान सचिव की जेब से रिश्वत की रकम भी बरामद की गई। पूरी कार्रवाई का वीडियो भी सामने आया है। एंटी करप्शन थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि आरोपी को मनकापुर कोतवाली लाकर उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# विभिन्न हादसों में दो युवकों की गयी जान

उमरी बेगमगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** क्षेत्र में गुरुवार को दो अलग-अलग हादसों में दो युवकों की मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पहली घटना में ऐली परसौली निवासी ननकू (26) पुत्र राजेश एक शादी समारोह से बाइक से घर लौट रहे थे। वजीरगंज के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

दूसरी घटना सिधौटी गांव की है, जहां सुरजीत (25) पुत्र भीखे की करंट लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह एक शादी समारोह में काम कर रहे थे, तभी अचानक 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए। तेज करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दोनों घटनाओं के बाद गांवों में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उमरी पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पिकअप की टक्कर से वृद्ध की मौत

**बालपुर, गोंडा, अमृत विचार:** बुधवार को कोतवाली करनैलगंज के बालपुर चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत परसा गोड़री के मजरा छोटी पुरवा निवासी हृदय नारायण (75) गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए लखनऊ ले जाया गया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह हृदय नारायण अपने घर से परसा स्कूल के पास तंबाकू लेने के लिए लखनऊ-गोंडा हाईवे की ओर जा रहे थे। तभी करनैलगंज की तरफ से आ रही पिकअप ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन वृद्ध को जिला चिकित्सालय ले गए। डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# डीजे पर गाना बदलने में विवाद युवक को पीटकर किया बेहोश

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** बारात में डीजे पर गाना बदलने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। लाठी-डंडों और हॉकी से की गई पिटाई में एक युवक गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर गैर-इरादतन हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

होलापुर तालिब गांव निवासी राम शंकर द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार उनके चचेरे भाई नरेश की शादी तरबगंज के पुरैनी गांव से नवाबगंज गिर्द के धरमपुरवा निवासी आशाराम की बेटी से तय थी। मंगलवार रात वह बारात में होने गए थे। आरोप है कि रात करीब एक बजे बारात में डीजे पर फिल्मी गानों पर लोग नृत्य कर रहे थे। इसी दौरान गांव के अशोक, रंजीत और आदित्य मौके पर पहुंचे और फिल्मी गाने बंद कर 'जय भीम' गीत चलाने की मांग करने लगे। मना करने पर तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित का कहना है कि विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और हॉकी से उस पर हमला कर दिया। वह बेहोश होकर गिर पड़ा, जिसके बाद उसके सिर पर हॉकी से वार किया गया, जिससे गंभीर चोट आई। लोगों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या के प्रयास की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# घर में फंदा लगाकर किशोरी ने दी जान

**गोंडा, अमृत विचार :** एक किशोरी ने अज्ञात कारणों से घर में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला कोतवाली देहात के नैनागढ़ गांव का है।

गांव के रहने वाले रामफेर सोनकर की 16 वर्षीया बेटी राधा ने अज्ञात कारणों से घर में फंदे से लटककर जान दे दी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में कोतवाल देहात शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

**उपलब्धि** | **वार्षिक वित्तीय परिणाम घोषित**

# इंडियन बैंक का रहा शानदार प्रदर्शन

**गोंडा, अमृत विचार:** सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक इंडियन बैंक ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष 2025-26 के अपने वार्षिक वित्तीय परिणाम घोषित कर दिए हैं। बैंक ने वर्ष के दौरान व्यवसाय वृद्धि, आय में सुधार और परिसंपत्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज करते हुए संतुलित एवं सुदृढ़ प्रदर्शन पेश किया है।

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 3,103 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में करीब 4.97 प्रतिशत अधिक है। वहीं कुल आय बढ़कर लगभग 19,980 करोड़ हो गई, जो पिछले वर्ष 18,599 करोड़ थी। शुद्ध ब्याज आय में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की

- चौथी तिमाही में 3,103 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया


अंचल प्रमुख राजेश बडोरिया।

गई, जो बैंक की परिचालन दक्षता को दर्शाती है। बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 18.25 प्रति शेयर लाभांश की अनुशंसा भी की है। बैंक के कुल व्यवसाय (जमा और ऋण) में लगभग 12.79 % की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। जमा में 12.29 % और ऋण में 13.43 % की वृद्धि हुई, जो मजबूत क्रेडिट मांग और ग्राहकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। बैंक ने पूंजी आधार को मजबूत करने के लिए 5,000 करोड़ तक की पूंजी जुटाने की योजना को मंजूरी दी है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनोद कुमार ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंक की रणनीति 'वृद्धि, गुणवत्ता और रिटर्न' पर केंद्रित रही है। उन्होंने कहा कि मजबूत बैलेंस शीट, बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता और डिजिटल पहलों के जरिए बैंक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। गोंडा अंचल प्रमुख राजेश बडोरिया ने बताया कि उच्च प्रबंधन के दिशा-निर्देशों और क्षेत्र महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में गोंडा अंचल ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है। गोंडा अंचल 84 शाखाओं, 307 ग्राहक सेवा केंद्रों, 2 ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों और 46 एटीएम के नेटवर्क से ग्राहकों को सेवाएं प्रदान कर रहा है।

# पुरानी रंजिश में गन्ना जलाने का आरोप

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के पकवान गांव निवासी युवक ने गांव के तीन लोगों पर पुरानी रंजिश में तीन बीघा गन्ना जलाने का आरोप लगाया है।

मनीष कुमार यादव ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर मंगलवार की सुबह 8 बजे गांव के तीन लोगों ने तीन बीघा गन्ना जला दिया है। वे लोग पहले से ही इसकी धमकी दे रहे थे जिसकी तहरीर थाने पर दी गयी थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष उमरीबेगमगंज रविन्द्र कुमार ने बताया कि बड़े साहब छुट्टी पर हैं वह खुद देख रहे हैं इस मामले को, जबकि दोनों लोगों के बीच काफी दिनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है।

# प्रधान के अधिकार सीज समिति करेगी कामकाज

- रामगढ़ पंचायत में 6.61 लाख के गबन पर डीएम ने की कार्रवाई

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत रामगढ़ में सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले में डीएम प्रियंका निरंजन ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। पंचायत के कार्यों के संचालन के लिए त्रिसदस्यीय समिति गठित की गई है।

डीएम के आदेश के मुताबिक, ग्राम पंचायत में शासकीय धन के दुरुपयोग की शिकायत पर कराई गई जांच में 6 लाख 61 हजार 275 रुपये की सरकारी क्षति सामने आई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रधान सुमन सिंह समेत अन्य जिम्मेदार अधिकारियों पर धनराशि वसूली की कार्रवाई शुरू की गई है। आदेश के अनुसार ग्राम प्रधान सुमन सिंह से 2 लाख 20 हजार 425 रुपये, सचिव एवं ग्राम विकास अधिकारी अवधेश तिवारी से 1 लाख 34 हजार 756 रुपये, तत्कालीन सचिव अजीत गुप्ता से 85 हजार 668 रुपये तथा अवर अभियंता लघु सिंचाई गोपाल जी से 2 लाख 20 हजार 425 रुपये की वसूली प्रस्तावित की गई है। प्रकरण में प्रधान को बीती 30 जनवरी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन तय समय में स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। इसे गंभीरता से लेते हुए डीएम ने कार्रवाई की। मामले की अंतिम जांच के लिए परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

## अखंड का दिल्ली विवि में पीएचडी के लिए चयन


अखंड प्रताप सिंह।

**करनैलगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम मुंडेरवा निवासी अखण्ड प्रताप सिंह ने मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर बड़ी सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नेट परीक्षा में जेआरएफ प्राप्त करने के बाद उनका चयन देश के प्रतिष्ठित दिल्ली विश्वविद्यालय में पीएचडी (हिंदी) के शोधार्थी के रूप में हुआ है। अखण्ड प्रताप सिंह ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय, बनारस से स्नातक तथा परास्नातक केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश से सम्मान सहित उत्तीर्ण किया है। हिंदी विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें "हिमाचल राजभाषा सम्मान" से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## माधुरी, करिश्मा व सितारा बनीं पावर एंजिल


मीनामंच की छात्राओं को सम्मानित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम में गुरुवार को विभागीय निर्देशों के तहत मीना मंच का पुनर्गठन पारदर्शी प्रक्रिया के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक तरीके से मतपेटिका के माध्यम से मतदान कर अपने प्रतिनिधियों का चयन किया। मतगणना का कार्य शिक्षक अरुण कुमार सिंह, शिक्षिका पूनम वर्मा, अनुराधा मिश्रा व पूनम यादव द्वारा वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार की देखरेख में संपन्न कराया गया। कुल 120 विद्यार्थियों ने मतदान में भाग लिया, जिसमें चांदनी यादव को 68 मत प्राप्त हुए और वे अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुईं। चुनाव परिणाम में माधुरी, करिश्मा व सितारा को पावर एंजेलि चुना गया, जबकि अजीत को कोषाध्यक्ष, विनोद को सचिव और आदित्य मौर्य को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिली। मीना प्रेरक के रूप में शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया ने पूरे आयोजन का सफल संचालन किया।इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक बलजीत सिंह कनौजिया ने निर्वाचित पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मीना मंच बालिकाओं को बाल विवाह, बाल श्रम, लैंगिक भेदभाव तथा भय जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। विद्यालय परिवार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी सम्मानित


ट्राफी के साथ मेधावी व शिक्षक। ● अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** दयानंद बाल मंदिर उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय में हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं एवं मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में जनपद में नौवां एवं दसवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं खुशी मिश्रा एवं अलफिसा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से खुशी मिश्रा और अलफिसा को ट्रॉफी एवं 2100-2100 रुपये नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं अरशिया, रुद्रांश कमल सिंह तथा मो. जैद को ट्रॉफी एवं 1100-1100 रुपये देकर सम्मानित किया गया। ओजस्वी तिवारी, अभिषेक तिवारी और दिव्यांशी सिंह को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, जबकि माही गोस्वामी एवं प्रस्तुति साह को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्रों से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की तैयारी केवल परीक्षा के समय नहीं, बल्कि पूरे वर्ष शिक्षकों के मार्गदर्शन में करनी चाहिए तथा लिखने का नियमित अभ्यास भी जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए उपप्रधानाचार्य कमल किशोर कसेरा ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों के प्रयास और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम सदैव गौरवशाली रहा है। वर्ष 2023-24 में विद्यालय के बच्चों ने प्रदेश स्तरीय मेरिट सूची में भी स्थान बनाया था। प्रधानाचार्या अर्चना सक्सेना ने कहा कि विद्यार्थी प्रतिदिन विद्यालय आएं और मन लगाकर पढ़ाई करें। विद्यालय के प्रबंधक शिव नंदन वैश्य ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

## लू और गर्मी को लेकर किया जागरूक


जागरूकता शिविर में उपस्थित छात्र और छात्राएं। ● अमृत विचार

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** गुरुवार को पार्वती देवी इंटर कॉलेज में राधे फाउण्डेशन द्वारा हीट वेव जागरूकता एवं सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षक रजनीकान्त तिवारी द्वारा छात्र-छात्राओं को लू से बचाव के तौर-तरीके, शरीर में पानी की कमी से बचने व धूप में बाहर निकलते समय बरती जाने वाली सावधानियों को बताया गया। उन्होंने कहा कि धूप में अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें, पूरी बांह के कपड़े पहने तथा शरीर में पानी की कमी न होने दें। उन्होंने लू से पीड़ित व्यक्ति को तत्काल राहत पहुंचाने के तरीके बताये साथ ही 30 छात्रों को प्राथमिक सहायता प्रदान करने का प्रशिक्षण भी दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुशील कुमार तिवारी ने किया। राजीव रंजन मिश्र, सतीश शुक्ल, राजू सोनी आदि उपस्थिति रहे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी का विस्तार

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षक संघ की इटियाथोक इकाई की कार्यकारिणी का गुरुवार को विस्तार किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार एवं मंत्री स्वामी नाथ उपाध्याय के नेतृत्व में रिक्त पदों पर सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों में कमल किशोर नरवरिया को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शुभम जायसवाल को संयुक्त मंत्री तथा शुभम रस्तोगी को लेखाकार बनाया गया है। वहीं शिवनाथ गौतम, सोनू बघेल और हिमांशु कुमार को उपाध्यक्ष, सावित्री देवी को महिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन मंत्री पद पर अभिषेक तिवारी, शैलेंद्र शुक्ला, रवि प्रताप और रंजीत का मनोनयन हुआ है। महिला संगठन मंत्री के रूप में माधुरी पांडे को जिम्मेदारी दी गई है। प्रचार मंत्री पद पर नेहा, पूजा यादव, विजय चौधरी, शिवम पांडे और कुसुम पांडे को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा पूर्णानंद सिंह, रामबाबू, मुनीब कुमार और विमल कुमार को सदस्य बनाया गया है।

## भाजपा नेता प्रेम चौरसिया की पुण्यतिथि मनायी गयी

**गोंडा, अमृत विचार :** बड़गांव स्थित भाजपा कार्यालय में स्व. प्रेम चौरसिया पूर्व सभासद एवं पूर्व सदस्य, जिला कार्यसमिति भाजपा की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शांति देवी चौरसिया पूर्व सभासद एवं उपाध्यक्ष, भाजपा ने की। शांति देवी ने कहा कि प्रेम चौरसिया सदैव जरूरतमंदों की सहायता के लिए अग्रणी भूमिका में रहते थे। उन्होंने बताया कि वे वर्ष 1985 से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहे और प्रदेश के विधानसभा चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव तक पार्टी प्रत्याशियों की जीत के लिए समर्पित रहे। विपरीत परिस्थितियों और अन्य दलों की सरकारों के समय भी उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखी। इस मौके पर शेष चौरसिया पूर्व सभासद, ऋषि चौरसिया, सचिन चौरसिया, जुग्गी लाल साहू, राधेश्याम साहू, चंद्रभान दुबे, चंद्रिका पासवान, चंद्रिका चौरसिया, लल्लन चौरसिया, निखिल पाण्डेय, अनिल सिंह, सूरज गौतम, संदीप साहू, अनिल तिवारी, विकी कश्यप, राजू कौशल, मोहित कौशल, राकेश सिंह, अनुराग शुक्ला, राम गोपाल गुप्ता, राम किशुन गुप्ता, सूरज साहू, विशाल शुक्ला, रवि नंदा, शिवम श्रीवास्तव, मोहित श्रीवास्तव, सनी गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, नंदलाल यादव मौजूद रहे।

# 12वीं में हसन व 10वीं में आयुष बने जिला टॉपर

## आईएससी-आईसीएसई के घोषित परिणाम में जीसस एंड मैरी स्कूल के छात्र-छात्राओं का दबदबा

**छलकी खुशी**

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन का परिणाम गुरुवार सुबह 11 बजे घोषित होते ही विद्यार्थियों का इंतजार खत्म हो गया। रिजल्ट आते ही खुशी की लहर दौड़ गई और छात्र-छात्राएं एक-दूसरे को फोन कर परिणाम साझा करते नजर आए।

आईएससी (12वीं) में जीसस एंड मैरी स्कूल के हसन शोएब ने 92.3 प्रतिशत अंक के साथ जिला टॉप किया, जबकि आईसीएसई (10वीं) में इसी विद्यालय के आयुष गोयल ने 98.6 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। दोनों ही वर्गों में विद्यालय का दबदबा रहा।

**12वीं में टॉप-8 तक जीसस एंड मैरी का कब्जा :** वैभव विश्वकर्मा (92%) दूसरे, यूनुस अबरार अंसारी (91.5%) तीसरे स्थान पर रहे। शुभम चौधरी, शिवम चौधरी व जीत श्रीवास्तव (90.8%) संयुक्त रूप से चौथे, हर्षवर्धन सिंह (90.5%) पांचवें, सिद्धि तिवारी (88.8%) छठे, रतन श्रीवास्तव व युवराज गुप्ता (88%) सातवें तथा वैष्णवी सिंह (87.3%) आठवें स्थान पर रहीं। स्टार वाड्‌र्स पब्लिक स्कूल, तुलसीपुर की जैनब (86.7%) नौवें और अंशिका सोनी (85.2%) ने भी सूची में स्थान बनाया।

**हाईस्कूल में भी वर्चस्व कायम :** आईसीएसई में तेज मणि त्रिपाठी व श्याम अहमद सिद्दीकी (95.2%) संयुक्त रूप से दूसरे, दिव्यांशु पांडेय (93.4%) तीसरे, वैष्णवी सिंह (92.6%) चौथे, पियूष यादव व श्रेयांश शुक्ल (92.4%) पांचवें स्थान पर रहे। स्टार वाड्‌र्स की फातिमा (90.2%) नौवें स्थान पर रहीं।

**मिठाई खिलाकर मनाई खुशी :** जीसस एंड मैरी स्कूल में प्रधानाचार्य क्रेग बटरफील्ड व नताशा बटरफील्ड ने मेधावियों को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। 12वीं में 137 में से 132 और हाईस्कूल में 183 में से 181 विद्यार्थी सफल रहे। वहीं स्टार वाड्‌र्स पब्लिक स्कूल, तुलसीपुर में प्रबंधक विनोद सिंह कलहंस, प्रबंध निदेशक शिवम कलहंस व प्रधानाचार्य प्रभा सिंह ने छात्रों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



जीसस एंड मैरी स्कूल में बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर मेधावी को मिठाई खिलाकर खुशी जताते प्रबंधन के लोग। ● अमृत विचार


बेहतर परीक्षा परिणाम पर मेधावियों को बधाई देते स्टार वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक विनोद सिंह कलहंस व अन्य। ● अमृत विचार

## ई-संजीवनी से सुदृढ़ हो रहीं स्वास्थ्य सेवाएं : सीएमओ

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में ई-संजीवनी प्लेटफॉर्म अहम भूमिका निभा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देशन में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर इस सेवा का प्रभावी संचालन किया जा रहा है।

सीएमओ ने बताया कि ई-संजीवनी के माध्यम से मरीज घर बैठे या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से ऑनलाइन परामर्श ले सकते हैं। इससे खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बड़ी राहत मिल रही है, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सीमित रहती है। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य इकाइयों को निर्देश दिए गए हैं कि अधिक से अधिक मरीजों को इस सेवा से जोड़ा जाए। इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। ई-संजीवनी के जरिए मरीजों को परामर्श के साथ दवाओं और जांच संबंधी सुझाव भी समय पर मिल रहे हैं, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत हो रही है।

## 100 से अधिक श्रमिकों को मिला मुफ्त स्वास्थ्य लाभ


श्रमिक स्वास्थ्य मेले में परीक्षण करते चिकित्सक व अन्य। ● अमृत विचार

**बलरामपुर अमृत विचार :** विश्व मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में बड़े पुल पर दो दिवसीय श्रम मेले का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन आदर्श नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। मेले में 100 से अधिक श्रमिकों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्हें आवश्यक दवाएं वितरित की गईं और विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। आयोजन का उद्देश्य श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें जागरूक करना है। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार चौधरी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी हिमांशु कुमार श्रीवास्तव, सभासद नंदलाल तिवारी और मनोज साहू मौजूद रहे। इसके अलावा स्वास्थ्य कर्मियों और आशा कार्यकर्ताओं ने भी अहम भूमिका निभाई। आयोजन में बिंदू विश्वकर्मा और पुष्पा आशा के योगदान की सराहना की गई।

## 43 वर्षों की सेवा के बाद लिपिक को दी गयी विदाई



सेवानिवृत्त लिपिक को विदाई देते लोग। ● अमृत विचार

**तुलसीपुर, बलरामपुर, अमृत विचार :** बसन्त लाल इंटर कॉलेज में गुरुवार को वरिष्ठ लिपिक कृष्ण कुमार पांडे के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह आयोजित हुआ। विद्यालय परिवार ने उनके दीर्घ सेवाकाल, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को याद करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र व अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि व ट्रस्ट प्रबंध समिति अध्यक्ष विवेक गोयल ने कहा कि बसन्त बाबा के शिक्षा उत्थान के संकल्प को आगे बढ़ाने में पांडे का योगदान उल्लेखनीय रहा है। उनकी कार्यशैली सदैव प्रेरणादायी रहेगी। उन्होंने उनके स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त कृष्ण कुमार पांडे ने सहयोगियों के प्रति आभार जताते हुए सभी को ईमानदारी से कार्य करने की सीख दी। अंत में साथियों ने उन्हें मिष्ठान खिलाकर नम आंखों से विदाई दी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अशोक पांडे सहित शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भूसा दान महादान अभियान से जुड़ें लोग : डीएम

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने जनपदवासियों से निराश्रित गौवंशों के संरक्षण व भरण-पोषण के लिए 'भूसा दान महादान' अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील की है। गेहूं कटाई के बाद उन्होंने लोगों को अधिकाधिक भूसा दान करने के लिए प्रेरित किया। जनपद के 81 गौ आश्रय स्थलों में 10,863 गौवंशों के लिए चारे की व्यवस्था की जा रही है। नागरिक अपने नजदीकी गौ आश्रय स्थल पर भूसा, हरा चारा, पशु आहार आदि दान कर सकते हैं या 'जनपद स्तरीय गौ संरक्षण एवं संवर्धन कोष' में आर्थिक सहयोग भी दे सकते हैं। इसके लिए बैंक का नाम—इंडियन बैंक, खाता संख्या—7245522495 और आईएफएससी कोड—IDIB000V531 निर्धारित है। डीएम ने बताया कि दान की गई सामग्री व धनराशि का उपयोग केवल गौवंशों के भरण-पोषण व कल्याण में किया जाएगा।

# पर्यावरण संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी


कलेक्ट्रेट सभागार की बैठक में मौजूद एनजीटी जज और अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**निर्देश**

- **एनजीटी जज की अध्यक्षता में हुई जिला पर्यावरण समिति की बैठक**

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को गति देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के जज डॉ. अफरोज अहमद की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें सभी विभागों के समन्वित प्रयास आवश्यक हैं।

बैठक में जिला पर्यावरण प्रबंधन योजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जज ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की समीक्षा करते हुए एमआरएफ प्लांट, कंपोस्ट पिट, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, स्रोत पर कचरा पृथक्करण और प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि कचरा प्रबंधन वैज्ञानिक ढंग से संचालित हो। घरेलू सीवेज प्रबंधन पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि अपशिष्ट जल के निस्तारण के लिए कार्ययोजना तैयार कर जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाया जाए। विद्यालयों व मोहल्ला समितियों के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने और स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने पर बल दिया। बैठक में सुआव नदी के जीर्णोद्धार कार्यों की भी समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) शिव नारायण सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## करनैलगंज में दो स्थानों से बाइक चोरी

**करनैलगंज, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से दो बाइकों की चोरी होने का मामला सामने आया है। दोनों पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना में थाना कटरा बाजार क्षेत्र के बखेरा निवासी रोहित कुमार ने बताया कि वह 26 अप्रैल को अपने भाई की बाइक से तिलक में पुरवा परसागोड़री गए थे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बाइक पास के खेत में खड़ी कर दी थी। रात करीब 10 बजे लौटने पर बाइक गायब मिली। दूसरी घटना में रिसाला करनैलगंज ग्रामीण निवासी सुमित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 अप्रैल को दोपहर करीब दो बजे उन्होंने अपनी बाइक घर के सामने खड़ी की थी। कुछ देर बाद बाहर आने पर बाइक गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी वाहन का पता नहीं चल सका। दोनों मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# डीएम के हस्तक्षेप से समाप्त हुई कर्मचारियों की हड़ताल

संवाददाता, बलरामपुर

**आंशिक समाधान**

- **अवर अभियंताओं का विरोध प्रदर्शन जारी**

**अमृत विचार :** सिंचाई विभाग के बाढ़ खंड में अवर अभियंता और ड्राफ्टमैन के बीच हुए विवाद के बाद पैदा हुए गतिरोध में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन के हस्तक्षेप से आंशिक समाधान निकल आया है।

डीएम के निर्देश पर मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन, ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ ने अपना धरना-प्रदर्शन स्थगित कर दिया है, जिससे विभागीय कार्य फिर से पटरी पर लौटने लगा है।

बताया जाता है कि जेई अरुण कुमार और ड्राफ्टमैन राजेश कुमार के बीच विवाद के बाद मारपीट का मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके विरोध में डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के बैनर तले अवर अभियंता प्रदर्शन कर रहे थे, जबकि अन्य कर्मचारी संगठनों ने भी कामकाज ठप कर दिया था। जिलाधिकारी ने सभी पक्षों से वार्ता कर तत्काल आंदोलन समाप्त करने के निर्देश दिए, जिसे कर्मचारी संगठनों ने मान लिया। हालांकि अवर अभियंताओं ने स्थानीय स्तर पर प्रदर्शन भले ही रोक दिया हो, लेकिन गोंडा और बस्ती में अधिकारियों के खिलाफ घेराव व प्रदर्शन जारी रखा है। इधर अन्य संगठनों ने इसे उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना बताते हुए चेतावनी दी है कि यदि एकतरफा कार्रवाई हुई तो वे भी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# जिले में 7 परियोजनाओं के लिए 7.86 करोड़ रुपये स्वीकृत

संवाददाता, बलरामपुर

- **बलरामपुर सदर के गिधरैया तहसील मंदिर के लिए 68 लाख की धनराशि की गयी मंजूर**

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने आस्था और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बलरामपुर जनपद की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में 7 परियोजनाओं के लिए 7.86 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी है।

स्वीकृत धनराशि से धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। बलरामपुर सदर के गिधरैया तहसील मंदिर के लिए 68 लाख, गैसड़ी के इमिलिया कोडर में ग्रामीण पर्यटन हेतु 18 लाख और भियूरा बाबा स्थल के लिए 1 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं।

इसी क्रम में उतरौला के प्राचीन शिव मंदिर के लिए 1 करोड़, तुलसीपुर के गनवरिया शिव मंदिर के लिए 235 लाख, नगर पंचायत के मुख्य मार्गों पर सजावटी प्रकाश व्यवस्था के लिए 115 लाख तथा म्यूरल वॉल निर्माण के लिए 150 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं।

परियोजनाओं का कार्य उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम को सौंपा गया है। मंत्री ने कहा कि इन कार्यों से धार्मिक स्थलों का विकास होगा, श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

## बहूभोज के दौरान दो पक्षों में मारपीट

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** गैलनग्रन्ट मजरा जमुनहा में बहूभोज में खाना खाने को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। दोनों पक्षो की तहरीर पर पुलिस ने आठ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पहले पक्ष के शिवप्रसाद चौहान ने आरोप लगाया है कि विपक्षी अमर चौहान, शकुन्तला, सरिता व इदल चौहान ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध पर आरोपियों ने शिवप्रसाद, उनके बेटे रामसागर व बहू लाली को मारपीट कर घायल कर दिया। दूसरे पक्ष की शकुन्तला ने तहरीर में आरोप लगाया कि बहुभोज के विवाद को लेकर सागर चौहान, उजागर चौहान, रामसिंह व लवकुश चौहान ने उनके परिवार पर हमला कर दिया। आरोप है कि गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडों से मारपीट की गई।

# अदालत के आदेश पर 5 पर केस

- **उधार दिये रुपये वापस मांगने पर मारपीट का मामला**

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** उधारी के पैसे को लेकर हुए विवाद में हुई मारपीट के मामले में अदालत के आदेश पर पुलिस ने चार नामजद और एक अज्ञात समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के सुभागपुर गांव निवासी तीरथराम यादव ने बताया कि गांव के राम सबेरे यादव ने उनके सगे भाई राघवराम यादव से करीब एक वर्ष पहले एक लाख रुपये उधार लिए थे। आरोप है कि एक महीने में रुपये लौटाने का वादा किया गया था, लेकिन तय समय के बाद भी पैसा वापस नहीं किया गया। पीड़ित के अनुसार, जब उनके भाई राघवराम यादव अपनी बीमारी के दौरान उधारी की रकम मांगने राम सबेरे के घर गए, तो उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई और भगा दिया गया। इसके बाद 15 मार्च को बीमारी और मानसिक सदमे के चलते उनकी मौत हो गई। तीरथराम यादव ने बताया कि अंतिम संस्कार के बाद 17 मार्च को उन्होंने थाने में तहरीर दी। आरोप है कि उसी दिन शाम करीब चार बजे राम सबेरे यादव, पिंटू, रोहित, देवी प्रसाद और एक अज्ञात व्यक्ति उनके घर पहुंचे और घर में घुसकर उनके साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने आए उनके भाई घनश्याम को भी आरोपियों ने पीटा। पीड़ित का आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि अदालत के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों के विवाद में मारपीट, दो पर मुकदमा

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** बच्चों के विवाद में दंपति की लाठी से पिटाई कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने दो आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। अहलावा परसपुर गांव में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद में गांव के राहुल शुक्ल तथा उसकी पत्नी आरती देवी पर इसी गांव के अंकित कुमार व अजय कुमार ने लाठियों से हमला कर दिया। जिससे दंपति घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि इस संबंध में दोनों आरोपियों के विरुद्ध हमला तथा धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज कर घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया है।

**कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बलरामपुर।**

पत्रांक: 60/निविदा/सूचना/2026–27 दिनांक: 28.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद–बलरामपुर के उद्यान विभाग में वर्ष 2026–27 में राजकीय पार्को / पौधशालाओं एवं राजकीय प्रक्षेत्रों पर कराये जाने वाले सम–सामयिक कार्यो व सामग्री आपूर्ति आदि हेतु जनपद बलरामपुर में जनपद स्तर पर सीलबन्द निविदा दिनांक–07.05.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा हेतु निविदा प्रपत्र (तकनीकी एवं वित्तीय) एवं नियम एवं शर्ते कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बलरामपुर से किसी भी कार्यालय दिवस में रू0 200/– (दौ सौ रूपया) जमा कर दिनांक–06.05.2026 को सांय 5.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक निविदादाताओं द्वारा दिनांक 07.05.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बलरामपुर में रखे निविदा बाक्स में निविदाएं पृथक –पृथक डाली जायेगी, जो दिनांक–08.05.2026 को सायं 03.00 बजे गठित निविदा समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष तकनीकी निविदा खोला जायेगा। उपयुक्त पायी गयी तकनीकी निविदाओं की ही वित्तीय निविदाएं उसी दिन समिति के समक्ष खोली जायेगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी/निविदा शर्ते कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बलरामपुर से किसी भी कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

आहरण संवितरण अधिकारी/
जिला उद्यान अधिकारी,
बलरामपुर।

**समस्या** | चिलचिलाती धूप में घंटों कतार में लगने को विवश हैं नागरिक

# पेट्रोल–डीजल की किल्लत से लोग परेशान

उतरौला, बलरामपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में इन दिनों पेट्रोल और डीज़ल की किल्लत ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। भीषण गर्मी के बीच तापमान 40 से 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है, वहीं पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि ईंधन वितरण में मनमानी जारी है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि वे सुबह 5 बजे से ही लाइन में लग जाते हैं, लेकिन उनकी बारी आने पर कर्मचारियों द्वारा कभी "सादा पेट्रोल खत्म" तो कभी "प्रीमियम पेट्रोल उपलब्ध नहीं" कहकर टाल दिया जाता है। इससे उपभोक्ताओं को अपनी जरूरत के अनुसार ईंधन नहीं मिल पा रहा। वर्तमान में सादा पेट्रोल 94.64 रुपये प्रति लीटर और प्रीमियम पेट्रोल 103.64 रुपये प्रति लीटर बेचा जा रहा है। लोगों का यह भी आरोप है कि रसूखदार और जान-पहचान वाले व्यक्तियों को बिना कतार के आसानी से ईंधन उपलब्ध करा दिया जाता है, जबकि आम लोग धूप में खड़े रहकर परेशान होते हैं। इस मामले में सप्लाई इंस्पेक्टर शिव कुमार का कहना है कि यदि किसी उपभोक्ता को समस्या है तो वह लिखित शिकायत दर्ज कराए। शिकायत मिलने पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पेट्रोल पंपों की व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए और सभी उपभोक्ताओं को समान रूप से ईंधन उपलब्ध कराया जाए, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।


पेट्रोल लेने के लिए एक पंप पर लगी दोपहिया वाहन सवारों की भीड़। ● अमृत विचार

## वाहन चालक और उसके भाई की पिटाई

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** वाहन चालक से विवाद के बाद चालक तथा उसके भाई की लाठी से पिटाई की गई, जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दो आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। केवलपुर छबिसवा निवासी राम शंकर सोनकर भिनगा से डीसीएम वाहन लेकर घर वापस आ रहा था। बलवंत नगर चौराहे के पास सड़क पर वाहन खड़ी करने को लेकर मोतीगंज के सीहा गांव निवासी शहजाद एवं जुबेर व चार अन्य अज्ञात लोगों से विवाद हो गया। आरोपियों ने डीसीएम चालक राम शंकर सोनकर तथा उसके भाई सुरेश सोनकर पर लाठी डंडे से हमला कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि घायल चालक के तहरीर पर दो नामजद सहित चार अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घायलों को सीएचसी भेजा गया है।

**कार्यालय कलेक्टर/ लाईसेंस प्राधिकारी, अयोध्या।**

संख्या:–242/जि.आ.अ./ व्यवस्थापन/ई–लॉटरी/विज्ञप्ति/2026–27/अयोध्या/ दिनांक: अप्रैल 29,2026

**विज्ञप्ति**

आबकारी आयुक्त, उ.प्र. प्रयागराज के अर्धशासकीय पत्र संख्या 2443–518/दस–लाइसेंस 367/ सुझाव आबकारी नीति (संशो)/2026–27, दिनांक:: 12 फरवरी, 2026 के अनुपालन में निर्गत आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के कार्यालय पत्र संख्या 91/ टास्क फोर्स–2/ई–लाटरी/2026–27/ दिनांक: अप्रैल, 27, 2026 के अन्तर्गत दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद अयोध्या में ई–नवीनीकरण तथा ई–लॉटरी के तृतीय चरण के पश्चात अव्यवस्थित अवशेष देशी मदिरा की 02 दुकानों [ **1. देवकाली (शॉप आई.डी.–15339) 2. मोदहा (शॉप आई.डी.–15297)** ] तथा प्रतिभूति धनराशि के अन्तर की धनराशि अनुमन्य सीमान्तर्गत जमा न किये जाने के कारण निरस्त 01 देशी शराब दुकान **1. कुरावन (शॉप आई.डी.–17626)** तथा 01 कम्पोजिट दुकान **1. कुरावन (भिटारा चौराहा) (शॉप आई.डी.–39472)** का ई–लाटरी के चतुर्थ चरण के माध्यम से व्यवस्थापन की प्रक्रिया दिनांक: 30.04.2026 से प्रारम्भ होगी। सर्वप्रथम दुकानों की ई–लॉटरी हेतु आवेदन पत्र दिनांक 30.04.2026 (समय मध्यान्ह 12:00 बजे) से दिनांक 04.05.2026 (सायं 05:00 बजे) तक ई–लॉटरी पोर्टल **https://exciseelotteryup.upsdc.gov.in** पर आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदकों को सूचित किया जाता है कि–

''समस्त आवेदक ई–लॉटरी पोर्टल पर ई–लॉटरी के लिए पंजीकरण करते समय अपने नवीनतम पैनकार्ड पर अंकित पैन नम्बर, नाम व जन्मतिथि से ही पंजीकरण करें।''

आवेदित दुकानों के व्यवस्थापन हेतु ई–लॉटरी का चतुर्थ चरण दिनांक 07.05.2026 को समय प्रातः 11:00 बजे के पश्चात से समाप्ति तक कलेक्ट्रेट सभागार, जनपद अयोध्या में सम्पन्न किया जायेगा।

जनपद में अव्यवस्थित उपरोक्त दुकानों के आवंटन हेतु इच्छुक आवेदक दुकानों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी जनपद की वेबसाईट **www.ayodhya.nic.in** तथा विभागीय वेबसाइट ई–लॉटरी पोर्टल **https://exciseelotteryup.upsdc.gov.in** पर प्राप्त कर सकते हैं।

(सुरेश चन्द्र मिश्र)
जिला आबकारी अधिकारी,
अयोध्या ।

(शशांक त्रिपाठी)
कलेक्टर/लाइसेंस प्राधिकारी
अयोध्या।

# कार्ययोजना शीघ्र उपलब्ध कराएं विभाग: डीएम

## जिलाधिकारी ने जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सम्बन्धित विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित ''बाढ़ स्टेयरिंग ग्रुप'' की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बाढ़ से सम्बन्धित विभागों को दिशा-निर्देश दिएए हैं कि अपने-अपने विभाग की कार्ययोजना जल्द से जल्द उपलब्ध करा दें। जिससे बाढ़ के सम्बन्ध में प्रभावी कार्ययोजना को अन्तिम रूप प्रदान किया जा सके।

जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए डीएम ने सभी सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि समय रहते बाढ़ चौकियों के लिए चिन्हित स्थानों का भ्रमण कर आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित कराएं। क्षेत्र के चिन्हित गोताखोरों एवं नाविकों के मोबाइल नम्बर तथा क्षेत्र में नावों की उपलब्धता इत्यादि की सूची तैयार कर ली जाए। सम्भावित सूखे एवं ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर ड्रेनेज, नलकूप व जिला पंचायत राज विभाग को निर्देश दिया गया कि ग्राम पंचायतों के माध्यम से सभी जल स्रोतों को एक सप्ताह में भरवाना सुनिश्चित करें ताकि आमजन तथा मवेशियों को संभावित सूखे के दौरान पानी की दिक्कत न हो।

डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में हैण्डपम्पों को क्रियाशील रखा जाय। सिंचाई विभाग को निर्देश दिया है कि रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन सुनिश्चित कराते हुए यह भी सुनिश्चित करें कि पानी नहरों की टेल तक अवश्य पहुँचे। नलकूप विभाग को निर्देश दिया गया है कि शुष्क मौसम एवं संभावित सूखे को दृष्टिगत रखते हुए सभी राजकीय नलकूपों को चालू हालत में रखें। यांत्रिक एवं विद्युत दोष से बन्द नलकूपों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित कराया जाय तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि छोटी-मोटी फाल्ट से नलकूप बन्द न होने पाएं। समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि गर्मी के मौसम में लू-प्रकोप के दृष्टिगत सभी कार्यस्थलों पर श्रमिकों इत्यादि के लिए स्वच्छ पेयजल का उपयुक्त प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाए। विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया है कि खराब ट्रांसफामर्स को तत्काल ठीक करा दें तथा जिन स्थानों पर ओवर लोडिंग के कारण कोई समस्या हो वहॉ पर उचित बन्दोबस्त कर दिये जाएं। विशेषकर बाढ़ क्षेत्रों में संभावित बाढ़ के लिए अभी से कार्ययोजना तैयार कर लें। बाढ़ खण्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लो.नि.वि. के अधिकारियों के साथ अलग से बैठक कर बाढ़ क्षेत्र के सड़कों इत्यादि के अनुरक्षण समय से कराना सुनिश्चित करें ताकि बचाव व राहत कार्यों के संचालन में कोई कठिनाई न हो।

बैठक का संचालन मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने किया। इस अवसर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ. संजय कुमार, बीएसए आशीष कुमार, बाढ़, सिंचाई व नलकूप खण्ड के अधि.अभि., सम्बन्धित तहसीलों के एसडीएम व तहसीलदार, पशुपालन, स्वास्थ्य, पंचायती राज विभाग के अधिकारी, नगर निकायों के अधि. अधि. तथा जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट में बैठक करते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व मौजूद अन्य अधिकारी।

### सूखे के मद्देनजर पशुओं के चारे व उपचार की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करा लें

डीएम ने सीवीओ को निर्देश दिया कि बाढ़ एवं सूखे के मद्देनजर पशुओं के चारे व उपचार आदि की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करा लें। कृषि, आपूर्ति एवं पुलिस विभाग को भी खाद, बीज, उर्वरक, खाद्यान्न तथा सुरक्षा व्यवस्था हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये गये। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया है कि बाढ़ एवं सूखे की स्थिति में सभी आवश्यक दवाओं के प्रबन्ध तथा पीएचसी व सीएचसी पर आवश्यक स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाय। आमजनमानस द्वारा अपनायी जाने वाली सावधानियों इत्यादि के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये ताकि लोगों को इस बात की जानकारी रहे कि किसी आपदा की स्थिति में उन्हें क्या करना है और क्या नहीं करना है।

## न्यूज ब्रीफ

### बालिका से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**खैरीघाट (बहराइच), अमृत विचार :** थाना खैरी घाट अंतर्गत एक गांव निवासी 10 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया। बीते बुधवार को नाबालिग बच्ची के पिता ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी 10 वर्षीय बच्ची से बीते बुधवार को सुबह लगभग 11 बजे विपक्षी घर आकर उसे तंबाकू मंगाने के बहाने बुला ले गया। जब बालिका तंबाकू लेकर वापस आई तो उसे आरोपी ने अपने घर में खींचकर अंदर से दरवाजा बंद करके उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के चिल्लाने पर मेरी दूसरी लड़की और लड़का दौड़ कर गए और शोर मचाए तो वह दरवाजा खोलकर भाग गया। थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद सिंह ने बताया की पिता की सूचना पर आरोपी के ऊपर पास्को एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया। बीती रात इसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

### कार गड्ढे में गिरी, दो महिलाएं घायल

**जरवल रोड (बहराइच), अमृत विचार :** बहराइच से लखनऊ जा रही एक डिजायर कार लखनऊ- बहराइच मार्ग मुस्तफाबाद हाईवे पर हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि कार चालक को अचानक नींद आ जाने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया के पास दाहिनी ओर गड्ढे में जा कर पेड़ से टकरा गया। जानकारी के अनुसार कार के चालक नीरज गुप्ता पुत्र ननकू गुप्ता निवासी हनुमान पुरी कॉलोनी, थाना दरगाह शरीफ, बहराइच वाहन चला रहे थे। हादसे में कार में सवार शालिनी पुत्री मानवेंद्र एवं गीता पाठक पत्नी मानवेंद्र निवासी इंदिरा नगर, थाना गाजीपुर, लखनऊ को अंदरुनी गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी मुस्तफाबाद पहुंचाया गया।

### छापेमारी में सैकड़ों लीटर डीजल बरामद

**बलहा (बहराइच), अमृत विचार :** ब्लॉक अंतर्गत एक गांव में भारी मात्रा में डीजल बरामद किया गया है। ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर में करीब 2 बजे एक घर में छापेमारी की गई जिसमें सैकड़ों लीटर डीजल बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार गांव में उस समय हलचल मच गई जब जिला पूर्ति अधिकारी के आदेश पर उसी गांव के रहने वाले अजय वर्मा पुत्र स्वामी दयाल के घर छापेमारी की गई। छापेमारी में अजय के घर 15 ड्रम डीजल बरामद किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत 2 .5 लाख रुपए आंकी गई है। खेती के नाम पर यह डीजल अपने घर में रख रखा था जिसमें पिता के नाम पर करीब 26 बीघा, माता के नाम पर 12 बीघा और अधिया पर करीब 18 बीघा खेत दिखा कर इतना डीजल इकट्ठा किया था। टीम में पूर्ति विभाग के अमन कुमार इंस्पेक्टर, सलीम सिद्दीकी लिपिक व साधना श्रीवास्तव खाद्य पूर्ति अधिकारी बलहा तथा पुलिस विभाग की ओर से उपनिरीक्षक ममता सिंह यादव, सौर वर्मा तथा धूप नारायण मौर्य आदि पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### हाईवे पर सात ई-रिक्शा सीज

**जरवल रोड (बहराइच), अमृत विचार :** पुलिस प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जरवल कस्बा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सात ई-रिक्शा को सीज कर दिया। यह कार्रवाई विभिन्न प्रमुख मार्गों पर की गई, जिनमें जरवल रोड-रामनगर हाईबे जरवल रोड-बहराइच हाईवे, तथा जरवल रोड-करनैलगंज हाईवे शामिल हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि एसपी के निर्देश पर अभियान चलाया गया। अभियान में घाघरा घाट चौकी प्रभारी दिनेश कुशवाहा, उपनि. प्रमोद कुमार और उपनिरीक्षक आदित्य कुमार ने भूमिका निभाई।

# इंटरमीडिएट में राजवीर तथा हाई स्कूल में श्रेयांश रहे टॉपर

बलहा (बहराइच)

**अमृत विचार।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीआईएससीई बोर्ड) ने गुरुवार को 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित कर दिए। शहर के सेंट पीटर इंटर कॉलेज में श्रेयांश वर्मा ने हाई स्कूल में 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया, जबकि राजवीर सिंह ने इंटरमीडिएट में 94.5 प्रतिशत अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया।


श्रेयांश वर्मा ने हाई स्कूल में अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं, राजवीर सिंह ने इंटरमीडिएट में भी शानदार अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।सुबह से ही विद्यार्थियों और उनके परिजनों में परिणाम को लेकर उत्सुकता बनी हुई थी। जैसे ही परिणाम घोषित हुए, सफल विद्यार्थियों, शिक्षकों और उनके परिजनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

हाई स्कूल में अन्य प्रमुख प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी और उनके प्रतिशत इस प्रकार रहे: देवेश श्रीवास्तव (93%), श्लोक कुमार गुप्ता (91.75%), स्नेहा श्रीवास्तव (91.25%), आकर्ष श्रीवास्तव (89.75%), आयुषी खेमका (88.75%), प्रेरणा मिश्रा (86.75%), जयंशु घोष (86.25%), अतुल मौर्या (83%) और अंशित गुप्ता (83%)।

वहीं इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अन्य विद्यार्थियों में याचिका रुपानी (93%), शौर्य गुप्ता (91.75%), आयुष वर्मा (91.25%), मो. ताबिश (89.75%), फलक इम्तियाज़ (88.75%), सुधांशु सिंह (86.75%), जाह्नवी चौहान (86.25%), जोया समद (83%) और सुमित सिंह (83%) शामिल हैं।

**नाम किया रोशन**


राजवीर सिंह।


श्रेयांस वर्मा।

# सोते हुए लोगों पर कुत्ते ने हमला कर छह को किया घायल

खैरीघाट (बहराइच)

**अमृत विचार।** खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात मक्कापुरवा गांव में एक आवारा कुत्ते के हमले से 6 लोग घायल हो गए, एक को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घटना बीते बुधवार की रात करीब 2:30 बजे हुई, जब एक कुत्ते गांव के कई घरों के आंगन में घुसकर सो रहे लोगों पर हमला बोल दिया। हमले में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

कुत्ते ने सबसे पहले आंगन में सो रही 60 वर्षीय शिव कुमारी पत्नी कैलाश के ऊपर हमला कर दिया जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट आई ,इसके बाद उसने 48 वर्षीय समसुल्लका, 30 वर्षीय मीरा देवी और उनके 8 वर्षीय बेटे अंकित,12 वर्षीय गजरा देवी और 6 वर्षीय चंटा देवी पुत्री बाबादीन को काटकर घायल कर दिया। सभी पीड़ित अपने घरों में सो रहे थे तभी उन पर हमला हुआ। हमले की घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों और परिजनों ने किसी तरह कुत्ते से लोगों को बचाया और सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद, गंभीर रूप से घायल शिव कुमारी को बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य घायलों का सीएचसी में इलाज के पश्चात घर भेज दिया गया।

**महिला रेफर**


हमले में घायल महिला। अमृत विचार

# राहगीर से टकराई बाइक, युवक की मौत

बदला चौराहा (श्रावस्ती),


**अमृत विचार।** जमुनहा बहराइच मार्ग स्थित महतवपुरवा गांव निकट बुधवार देर रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर राहगीर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया।

सोनवा थाना क्षेत्र के नासिरगंज बाजार निवासी चमन (24) व पिंटू सैनी बुधवार बाइक से टेंट का सामान लेने बहराइच गए थे। जहां से देर रात दोनों वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार बहराइच जमुनहा मार्ग स्थित महतवपुरवा के पास पहुंचे। तभी उनकी बाइक के सामने अचानक एक युवक आ गया। इससे बाइक सवार अनियंत्रित हो युवक से टकराकर गिर गए। हादसे में चमन व पिंटू गंभीर रूप से घायल हो गए। पिंटू सैनी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल चमन को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज बहराइच भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने चमन को मृत घोषित कर दिया। वही पिंटू को प्राथमिक उपचार के बाद वापस घर भेज दिया गया। युवक के मौत की सूचना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**हादसे में बालिका समेत तीन गंभीर, श्रावस्ती:** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के नगरिया गांव निवासी राधेश्याम पाल पुत्र तिलक राम व गोण्डा जिले के थाना खरगूपुर के धोबियन पुरवा निवासी प्रिंस पुत्र बच्छराज एक ही बाइक से रिश्तेदारी में जा रहे थे। इस दौरान नवीन माडर्न थाना श्रावस्ती क्षेत्र के खरगौरा गनेश गांव के पास पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी मांशी पुत्री सुनील कुमार से टकरा गयी। हादसे में किशोरी समेत तीनों गंभीररूप से घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। जहां मांशी को मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया। जबकि बाइक सवार घायलों को जिला अस्पताल भिनगा भेजा दिया गया।

### मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवक की गई जान

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भयापुरवा गांव निवासी संजय कुमार (23) पुत्र जंगली बुधवार शाम को बाइक से जरूरी काम से इकौना गया था। जहां से वह देर शाम को वापस अपने घर लौट रहा था। रास्ते में भिनगा कोतवाली के ही सेमरी चौराहे के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में संजय गंभीररूप से घायल हो गया। एम्बुलेंस से घायल संजय को जिला अस्पताल भिनगा पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। जिसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


संजय कुमार की फाइल फोटो।

### हैंडपंप खराब होने से लोग प्यास से बेहाल

**सिरसिया (श्रावस्ती), अमृत विचार।** सिरसिया के बालापुर मोड़ पर लगा सरकारी हैंडपंप कई माह से खराब है। इसकी मरम्मत न होने से राहगीरों सहित स्थानीय निवासियों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। इसकी कई शिकायत के बाद भी न तो ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव ध्यान दे रहे है। और न ही जलनिगम के जिम्मेदार अधिकारी ही। ऐसे में स्थानीय निवासियों ने डीएम से हस्तक्षेप कर हैंडपंप मरम्मत कराने की मांग की है।


बालापुर मोड़ के निकट खराब हैंडपंप।

### समाज कल्याण अधिकारी से मांगा गया स्पष्टीकरण

**बहराइच, अमृत विचार।** आईजीआरएस व अन्य स्तरों से प्राप्त सन्दर्भों के निस्तारण में रूचि न लेने के कारण सन्दर्भों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण न होने से अनवरत रूप से शिकायकर्ता द्वारा एक ही प्रकरण में पृथक-पृथक माध्यम से प्रार्थना-पत्र प्रेषित किये जाने तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से प्राप्त सन्दर्भों में बिना समुचित परीक्षण किये प्रकरण की नियत तिथि पर स्पेशल क्लोज का प्रस्ताव प्रेषित करने का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा कड़ा संज्ञान लिया गया है। डीएम श्री त्रिपाठी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया है कि निर्धारित समय में कार्यवाही न करने तथा आख्या न प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में अपना लिखित स्पष्टीकरण 03 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। डीएम श्री त्रिपाठी ने सम्बन्धित अधिकारी को सचेत किया है कि समय सीमा के अन्दर स्पष्टीकरण प्राप्त न होने अथवा स्पष्टीकरण संतोषजनक न होने की स्थिति आपके विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

### जीवित पक्षियों के साथ दबोचा गया तस्कर


**सिरसिया (श्रावस्ती), अमृत विचार।** पश्चिमी सोहेलवा रेंज के वन दारोगा गौरव पटेल, अंजनी कुमार शुक्ला के साथ एसएसबी 62 वीं वाहिनी की सीमा चौकी गुज्जर गौरी के इंस्पेक्टर राहेश सिंह राना, शैलेश कुमार, रमेश यादव, राजू ठाकुर मोहम्मद नूर हसन सीमा व जंगल की सुरक्षा को लेकर गश्त कर रहे थे। इस दौरान बिल्ली जंगल में आधा दर्जन जीवित हारिल प्रजाति के पक्षियों के साथ एक तस्कर जा रहा था। टीम ने उसे पकड़ लिया और पक्षियों को उसके कब्जे से जब्त कर लिया। तस्कर की पहचान रोज अली (32) पुत्र मुस्तकीम निवासी जोगा गांव पिपरहवा थाना सिरसिया के रूप में हुई है। टीम ने मौके से पक्षियों को सुरक्षित कब्जे में लेते हुए आरोपी को वन रेंज कार्यालय ले आई। जहां वन्य जीव संरक्षण के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया। रेंजर पंकज कुमार चौधरी ने बताया कि विभाग से अनुमति के बाद बरामद पक्षियों को सुरक्षित स्थान पर आजाद कर दिया गया है। वन्यजीवों की तस्करी रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### स्थानांतरित एएसपी को दी गई विदाई

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिले में तैनात रहे अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम का स्थानांतरण प्रयागराज जनपद हो गया है। साथ ही चन्द्रकेश सिंह को जिले के एएसपी की कमान मिली है। विदाई समारोह का आयोजन कर स्थानांतरित एएसपी को विदाई दी गई। पुलिस लाइन सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी की अध्यक्षता में बुधवार शाम को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्थानांतरित अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम को एसपी समेत अन्य अधिकारियों ने फूलमाला पहनाकर विदाई दी। एसपी राहुल भाटी ने कहा कि स्थानांतरित एएसपी ने अपने कार्यकाल के दौरान श्रावस्ती में कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं स्मृति चिन्ह व फूल माला पहनाकर ससम्मान विदाई दी गयी। इस मौके पर सभी क्षेत्राधिकारी, शाखा प्रभारी आदि मौजूद रहे।

### लोगों को हीटवेव बचाने के लिए अभियान शुरू

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिले में डूबकर हो रही मृत्यु और हीटवेव की बढ़ती संभावना को देखते हुए डीएम अन्नपूर्णा गर्ग ने विद्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। इसी के क्रम में आपदामित्रों ने विद्यालयों व गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य शुरू कर दिया है। विदित हो कि डीएम ने सभी विभागाध्यक्षों से अपने कार्यालय में हीटवेव से बचाव के लिए सभी आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिये हैं। वहीं नगर निकायों को सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ संचालित करने के साथ ही जीव जंतुओं के लिए भी पानी की व्यवस्था करने को कहा गया है। सिंचाई विभाग व जिला पंचायत राज विभाग को तालाबों मे पानी भराने, समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों, पेट्रोल पंप संचालकों व समाजसेवी संस्थाओं से लोगों को हीटवेव से बचाने के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था करने को कहा है।


स्थानांतरित एएसपी को विदाई देते एसपी व अन्य।

### किशोर ने फांसी के फंदे से लटककर दी जान

**खैरीघाट (बहराइच)।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर धोबिया हार में बीते बुधवार की शाम एक किशोर ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान धर्मेंद्र वर्मा पुत्र अच्छे लाल उम्र लगभग 19 वर्ष के रूप में हुई है। वैवाही चौकी इंचार्ज महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बीती शाम करीब 7 बजे धर्मेंद्र ने घर का मुख्य द्वार बंद कर अंदर से कुंडी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने बताया कि बीती रात अच्छे लाल अपने पूरे परिवार के साथ रिश्तेदारी में एक मिट्टी में गए थे जब वापस आए तो दरवाजा अंदर से बंद था कुछ समय बीतने के बाद जब उन्होंने दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई तो अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। कई बार आवाज देने के बावजूद दरवाजा नहीं खुलने पर उन्हें संदेह हुआ। इसके बाद उन्होंने जोर लगाकर दरवाजा तोड़ा और अंदर पहुंचे तो देखा धर्मेंद्र का शव छत के लट्टान में बंधी रस्सी से लटका हुआ था। यह देख परिवार के लोग चीख-पुकार करने लगे शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए थे।

# महिलाओं ने निकाली जन आक्रोश पदयात्रा



पदयात्रा निकालते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार


विपक्ष के नेताओं का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता।

संवाददाता, पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के विकासखंड मुख्यालय पर गुरुवार को महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान के मुद्दे पर 'जन-आक्रोश' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख वंदना पांडेय के नेतृत्व में उमड़ी महिलाओं की भीड़ ने न केवल अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया, बल्कि केंद्र सरकार के 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का विरोध करने वाले राजनीतिक दलों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख वंदना पांडेय ने कहा की नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करना महिला विरोधी मानसिकता का प्रतीक है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ब्लॉक सभागार में सर्वसम्मति से विपक्षी दलों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पांडेय, मंडल अध्यक्ष विष्णु दयाल चौहान, राजकुमार शुक्ला, संजीव तिवारी, त्रिलोकी चौबे और दिनेश सिंह ने भी विचार रखे।

**मटेरा में निकली जन आक्रोश पदयात्रा, नानपारा:** मण्डल अध्यक्ष भाजपा मटेरा कुश शुक्ला के नेतृत्व में मटेरा में महिला जन आक्रोश पदयात्रा निकाली गई। यात्रा लोकसभा में नारी शक्ति वंदन बिल का विरोध करने वाले कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के विरुद्ध थी। इस अवसर पर स्वाति तिवारी महिला मोर्चा अध्यक्ष, कविता गुप्ता, संगीता प्रजापति पूर्व मण्डल अध्यक्ष, आलोक अग्रवाल लीलाधर पांडे, सत्येंद्र मिश्रा, विक्की यादव, राजेश जायसवाल, विकास आदि रहे।

# डीएम ने एनआरसी में भर्ती महिलाओं से मिलकर जाना हाल


जिला अस्पताल के एनआरसी का निरीक्षण करतीं डीएम। अमृत विचार

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** संयुक्त जिला चिकित्सालय स्थित पोषण पुर्नवास केन्द्र (एनआरसी) का गुरुवार डीएम ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ने चिकित्सकों की उपस्थिति, कुपोषित बच्चों के उपचार, पोषण व्यवस्था एवं देखरेख की विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान डीएम अन्नपूर्णा गर्ग को एनआरसी में आठ बच्चे भर्ती मिले। डीएम ने भर्ती महिलाओं से मिलकर उनका हाल जाना। साथ ही उन्हें दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। यहां डीएम ने भर्ती बच्चों को दिए जा रहे पोषाहार, दवा व स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित को निर्देश दिया कि बच्चों के पोषण व उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। एनआरसी में उपलब्ध बेड के सापेक्ष शत-प्रतिशत मरीजों की भर्ती करने, सफाई को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। इस दौरान सीएमएस डॉ. राजपाल सिंह, चिकित्सक डॉ. गोविंद शुक्ला सहित अन्य कर्मचारी रहे।

**119वीं जयंती पर विशेष**

**पंजाब में आंदोलन के दौरान गिरफ्तारी के बाद जालंधर जेल में बिताए तीन माह व 13 दिन**

# हिंदी रक्षा आंदोलन के अग्रणी रहे सत्यनारायण सिंह


विनोद शुक्ला, जरवलरोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** राष्ट्रभाषा हिंदी की अस्मिता की रक्षा के लिए वर्ष 1957 में चले ऐतिहासिक 'हिंदी रक्षा आंदोलन' में बहराइच के सत्यनारायण सिंह की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उन्होंने सत्याग्रहियों के जत्थे का नेतृत्व करते हुए पंजाब में आंदोलन को धार दी और इसी दौरान गिरफ्तारी के बाद जालंधर जेल में तीन माह तेरह दिन तक विचाराधीन कैदी के रूप में रहे। उनकी यह भूमिका आज भी जिले के लिए गौरव का विषय है।

उस समय पंजाब की तत्कालीन प्रताप सिंह कैरो सरकार द्वारा हिंदी के प्रति भेदभावपूर्ण रुख अपनाए जाने के विरोध में पंजाब और दिल्ली में व्यापक आंदोलन खड़ा हुआ, जिसे 'हिंदी रक्षा आंदोलन' के नाम से जाना गया। इस आंदोलन में सत्यनारायण सिंह ने चंडीगढ़ पहुँचकर नेतृत्व संभाला और उन्हें सर्वाधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया। जेल प्रवास के दौरान भी उनकी सक्रियता और नेतृत्व क्षमता बनी रही, जिसके चलते उन्हें सत्याग्रहियों की व्यवस्थापिका सभा का प्रधान चुना गया। उनकी निष्ठा, कर्मठता और संगठन क्षमता से प्रभावित होकर देशभर से आए सत्याग्रहियों ने 14 दिसंबर 1957 को उन्हें एक विशाल मानपत्र देकर सम्मानित किया।

सत्यनारायण सिंह का जन्म 1 मई 1907 को कैसरगंज के निकट ग्राम गुथिया में एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। स्वतंत्रता संग्राम में भी उन्होंने सक्रिय भागीदारी निभाई। वर्ष 1952 में देश के प्रथम आम चुनाव में उन्होंने संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार के रूप में बहराइच पश्चिमी (कैसरगंज) लोकसभा क्षेत्र से 'दीपक' चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ा।

इसी वर्ष सत्यनारायण सिंह ने आचार्य विनोबा भावे के भूदान आंदोलन में भी सहभागिता की और कोलैला घाट से श्रावस्ती तक पदयात्रा की। वे आर्य समाज के सुधार आंदोलनों से आजीवन जुड़े रहे और शिक्षकों के अधिकारों के लिए गुवाहाटी में आयोजित शिक्षक सम्मेलन में भी भाग लिया।


आन्दोलन में 1957 में भाग लेने जाते सत्यनारायण सिंह। (फाइल फोटो)

### शिक्षा के क्षेत्र में भी रहा उल्लेखनीय योगदान

शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। सत्यनारायण सिंह ने जिले में कई शिक्षण संस्थानों की स्थापना कर समाज को नई दिशा दी। समाज सेवा और शिक्षा के उत्थान के लिए समर्पित सत्यनारायण सिंह का 27 नवंबर 1963 को निधन हो गया, लेकिन उनके आदर्श और संघर्ष आज भी प्रेरणा देते हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**पयागपुर (बहराइच):** बीती रात थाना पयागपुर क्षेत्र अंतर्गत खुटेहना चौराहे के निकट साप्ताहिक बाजार के पास एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, बाजार के पास एक अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ दिखाई दिया, जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई सूचना पर पयागपुर थाना पुलिस, तथा खुटेहना चौकी पुलिस व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस के मुताबिक, काफी मशक्कत के बाद शव की शिनाख्त जरकुश उम्र 22 वर्ष पुत्र स्वर्गीय लखन निवासी नगरौरा नटडेरा के रूप में हुई। थाना अध्यक्ष पयागपुर दीपक सिंह ने कहा-पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

अमृत विचार
शुक्रवार, 1 मई 2026



अब तक के सभी समाजों का इतिहास वर्ग संघर्ष का इतिहास है।
-कार्ल मार्क्स, जर्मन दार्शनिक



# विकास का महामार्ग

उत्तर प्रदेश का गंगा एक्सप्रेस वे केवल 594 किमी लंबा राजमार्ग नहीं, बल्कि राज्य की आर्थिक संरचना को पुनर्परिभाषित करने की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इसे एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की धुरी कहना अतिशयोक्ति नहीं, परंतु यह तभी संभव होगा, जब सड़क निर्माण के साथ-साथ औद्योगिक, सामाजिक और संस्थागत सुधार समान गति से और साथ-साथ आगे बढ़ें। मेरठ से प्रयागराज तक 12 जिलों को जोड़ने वाला यह एक्सप्रेसवे यूपी के पश्चिमी, मध्य व पूर्वी हिस्सों को एक आर्थिक गलियारे में बदलने की क्षमता रखता है।

पहले जहां इन क्षेत्रों के बीच यात्रा में 13 से 14 घंटे लगते थे, अब यह दूरी 6 से 7 घंटे में सिमट सकती है। 120 किमी प्रति घंटे की डिजाइन गति केवल यात्रियों की सुविधा नहीं बढ़ाएगी, बल्कि लॉजिस्टिक्स लागत को घटाकर व्यापार की प्रतिस्पर्धात्मकता भी बढ़ाएगी। तेजी से माल की ढुलाई होने से कृषि उत्पाद, डेयरी, हस्तशिल्प और लघु उद्योगों को नए और बड़े बाजार मिलेंगे। यह कहना भी सर्वथा उचित है कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश के बदलते विकास मॉडल की अभिव्यक्ति है। जो राज्य कभी पलायन और अवसरहीनता के लिए जाना जाता था, वह अब निवेश आकर्षित करने की दिशा में सक्रिय है। एक्सप्रेसवे के किनारे प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्रों— जिनमें लॉजिस्टिक्स पार्क, वेयरहाउसिंग, खाद्य प्रसंस्करण और एमएसएमई क्लस्टर शामिल हो सकते हैं— स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देंगे, हालांकि इन क्षेत्रों में वास्तविक निवेश और रोजगार सृजन इस बात पर निर्भर करेगा कि भूमि, बिजली, श्रम और नीति स्थिरता कितनी प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराई जाती है। धार्मिक और पर्यटन दृष्टि से भी यह परियोजना महत्वपूर्ण है। मेरठ से प्रयागराज, जो कुंभ और संगम के कारण वैश्विक पहचान रखता है का सीधा जुड़ाव तीर्थ यात्रियों के लिए वरदान होगा, परंतु टोल शुल्क का सवाल यहां प्रासंगिक है। यदि टोल अत्यधिक हुआ, तो आम यात्रियों के लिए यह सुविधा सीमित हो सकती है, इसलिए टोल नीति में संतुलन आवश्यक है, ताकि लागत वसूली और सामाजिक समावेशन दोनों साथ चल सकें।

रणनीतिक दृष्टि से शाहजहांपुर के पास 3.5 किमी की हवाई पट्टी इस परियोजना को विशेष बनाती है। आपातकालीन या युद्ध की स्थिति में यह लड़ाकू विमानों के लिए आपातकालीन वैकल्पिक रनवे के रूप में काम कर सकती है, जिससे हिंडन, आगरा और बरेली एयरबेस को लाभ पहुंचेगा, युद्ध या ऐसी स्थितियों में इन सैन्य एयर बेस पर दबाव कम होगा और सामरिक लचीलापन बढ़ेगा। जहां तक इस एक्सप्रेस वे की लागत का प्रश्न है, इसके निर्माण में करीब 37,350 करोड़ रुपये, यानी लगभग 63 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर खर्च हुए हैं। पहली नजर में अधिक लग सकता है, लेकिन भूमि अधिग्रहण, उच्च गुणवत्ता निर्माण, पुलों, इंटरचेंज और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखें, तो यह लागत राष्ट्रीय औसत के अनुरूप ही है। असली सवाल लागत नहीं, बल्कि निवेश पर मिलने वाले सामाजिक-आर्थिक प्रतिफल का है। वस्तुतः गंगा एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश के लिए 'सड़क' से अधिक 'संभावनाओं का मंच' है। यह विकास का गेटवे तभी बनेगा, जब इसके किनारे उद्योग, कौशल और निवेश की वास्तविक धारा बहे।

## प्रसंगवश

# गौतम बुद्ध एवं उनके समकालीन मत

जिस वक्त सिद्धार्थ ने प्रव्रज्या ली, उस समय मानसिक जगत में बहुत उथल-पुथल मची हुई थी। देश में अलग-अलग दर्शन की बासठ परंपराएं विद्यमान थीं। इनमें से कम से कम छः ध्यान देने योग्य थीं। इन दार्शनिक परंपराओं में से पहली परंपरा के मुखिया का नाम पूर्ण-काश्यप था। इनका मत अक्रियावाद कहलाता था। उनका विचार था कि 'कर्म' का 'आत्मा' पर किसी भी तरह से कोई प्रभाव नहीं पड़ता। दूसरी परंपरा नियतिवाद के नाम से जानी जाती थी। इसके मुख्य उपदेशक मक्खली गोसाल थे। इनका मत 'भाग्यवादी' या 'पूर्व निश्चयवादी' था। इनके अनुसार न कोई कुछ कर सकता है और न होने से रोक सकता है।

तीसरी परंपरा 'उच्छेदवाद' के नाम से जानी जाती थी। इसके प्रस्तुतकर्ता अजित केसकंबल थे। इनका मत 'सर्वनाशवाद' का था। इनके अनुसार यज्ञ, होम बेकार हैं। कर्मफल जैसी कोई चीज नहीं होती, जिन्हें 'आत्मा' भोग सके या उसे भुगतने पड़े। चौथी परंपरा 'अन्योन्यवाद' कहलाती थी। इस मत के मुखिया पकुध कच्चायन थे। इनके अनुसार प्राणी सात तत्वों- पृथ्वी, जल, तेज, वायु, सुख, दुःख और आत्मा के समुच्चय से मिलकर बना है। ये सारे तत्व स्वतः निर्मित हैं और नित्य हैं। इनका किसी भी तरह से नाश नहीं हो सकता है। पांचवी परंपरा 'विक्षेपवाद' के नाम से जानी जाती थी। इसके प्रवर्तक संजय बेलट्ठिपुत्त थे। इनके दर्शन में घोर संदेहवाद था।



डॉ. सुभाष चंद्र
उप पुस्तकालयाध्यक्ष

छठी परंपरा 'चातुर्याम संवरवाद' के नाम से जानी जाती थी। इसके प्रमुख निगण्ठनाथ पुत्त थे, जो उस समय जीवित थे, जब गौतम प्रकाश की खोज में रत थे। इनका मानना था कि 'आत्मा' को अपने पूर्व जन्मों के कर्म तथा वर्तमान जन्म के कर्मों के परिणाम स्वरूप ही पुनर्जन्म ग्रहण करना पड़ता है, इसलिए इन्होंने सलाह दी थी कि तपश्चर्या के द्वारा बुरे कर्मों को समाप्त कर देना चाहिए।


बुद्ध ने अपने समकालीन दार्शनिकों के मतों को स्वीकार नहीं किया। बुद्ध का उनकी शिक्षाओं को अस्वीकार करना सकारण था। बुद्ध का कहना था यदि पूर्ण-काश्यप के सिद्धांत को माना जाए, तब तो कोई कुछ भी बुरा कर सकता है, किसी को भी हानि पहुंचा सकता है, एक, दूसरे की हत्या कर सकता है और उस पर किसी भी प्रकार का सामाजिक उत्तरदायित्व नहीं होगा। यदि मक्खली गोसाल का सिद्धांत ठीक मान लिया जाए, तो मनुष्य भाग्य का गुलाम हो जाएगा तथा वह किसी भी तरह से अपने को बंधनों से मुक्त नहीं कर सकेगा।

यदि अजित केसकंबल का सिद्धांत ठीक मान लिया जाए तो इंसान के लिए खाने, पीने और मौज करने के अलावा कोई कार्य शेष नहीं रहता। यदि संजय बेलट्ठिपुत्त का सिद्धांत सत्य मान लिया जाए तो मनुष्य केवल जल की तरह यों ही बहता रहेगा तथा उसका जीवन निरूद्देश्य हो जाएगा। यदि निगण्ठनाथ पुत्त का मत सही मान लिया जाए तो मनुष्य का जीवन कायक्लेश और तपश्चर्या के अधीन हो जाएगा, जिससे उसकी इच्छाओं और मूल भावनाओं का सर्वथा निच्छेद हो जाएगा।

इसीलिए इन दार्शनिकों का कोई भी मत बुद्ध को उपयुक्त प्रतीत नहीं हुआ और आपने अन्यत्र ही कहीं से प्रकाश पाने की उम्मीद रखी। बुद्ध के अनुसार चार आर्य सत्य हैं। पहला- दुःख है, दूसरा दुःख का कारण है, तीसरा दुःख के कारण का निवारण है तथा चौथा दुःख निवारण का मार्ग है। चारों आर्य सत्य से निजात पाने के लिए बुद्ध ने आष्टांगिक मार्ग का अनुसरण बताया था। वे हैं सम्यक दृष्टि, सम्यक संकल्प, सम्यक वचन, सम्यक कर्म, सम्यक आजीविका, सम्यक व्यायाम, सम्यक स्मृति और सम्यक समाधि। बुद्ध के अनुसार इसी मार्ग के अनुसरण से मानव का कल्याण संभव है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# एग्जिट पोल्स: कहीं हैट्रिक तो कहीं सत्ता परिवर्तन के आसार






योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और पुडुचेरी, इन पांच महत्वपूर्ण राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में विधानसभा चुनावों की मतदान प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही भारतीय लोकतंत्र के महापर्व का एक महत्वपूर्ण अध्याय संपन्न हो गया है। अब जनता का जनादेश ईवीएम में सुरक्षित है और पूरे देश की नजर चार मई को आने वाले अंतिम परिणामों पर टिकी है, लेकिन परिणामों से पहले, विभिन्न सर्वेक्षण एजेंसियों के 'एग्जिट पोल' ने राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। इन आंकड़ों ने कहीं जश्न का माहौल बना दिया है, तो कहीं रणनीतियों पर फिर से विचार करने को मजबूर कर दिया है। ये एग्जिट पोल्स न केवल संभावित परिणामों का संकेत देते हैं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जटिलताओं, क्षेत्रीय राजनीतिक समीकरणों और मतदाताओं की बदलती प्राथमिकताओं को भी उजागर करते हैं, हालांकि एग्जिट पोल्स को लेकर हमेशा एक सावधानी भी जुड़ी रहती है कि ये अंतिम परिणाम नहीं, बल्कि एक अनुमान मात्र होते हैं। फिर भी इन अनुमानों के जरिए हम राजनीतिक रुझानों और संभावित सत्ता संतुलन को समझने की कोशिश कर सकते हैं।

पश्चिम बंगाल की 294 सीटों पर हुआ मुकाबला इस साल का सबसे दिलचस्प चुनाव रहा है। यहां बहुमत के लिए 148 सीटों की आवश्यकता है। एग्जिट पोल के आंकड़ों पर नजर डालें, तो अपने एग्जिट पोल में चाणक्य स्ट्रैटेजीज ने भाजपा को 150-160, टीएमसी को 130-140, कांग्रेस को शून्य तथा अन्य को 6-10 सीटें दी हैं। केवल पीपुल्स पल्स का एग्जिट पोल ऐसा सामने आया है, जिसमें टीएमसी की सत्ता वापसी का अनुमान लगाया गया है। इस एग्जिट पोल में टीएमसी को 117-187, भाजपा 95-110, कांग्रेस 1-3, लेफ्ट 0-1 तथा अन्य को शून्य सीटें मिलने का अनुमान है। पीपुल्स पल्स को छोड़कर बंगाल के सभी एग्जिट पोल्स राज्य में सत्ता परिवर्तन की ओर इशारा कर रहे हैं। भाजपा को यहां स्पष्ट बहुमत मिलता दिख रहा है। 'प्रजापोल' जैसे सर्वेक्षण तो भाजपा को 200 के पार ले जा रहे हैं। यदि ये आंकड़े सही साबित होते हैं, तो यह भारतीय राजनीति के इतिहास में एक बड़ा उलटफेर होगा। भाजपा का ध्रुवीकरण और 'परिवर्तन' का नारा जमीनी स्तर पर काम करता दिख रहा है, जबकि टीएमसी के लिए सत्ता विरोधी लहर और भ्रष्टाचार के आरोप बड़ी चुनौती बन गए हैं।

असम की 126 सीटों पर मतदान नौ अप्रैल को ही संपन्न हो गए थे। यहां बहुमत का आंकड़ा 64 है। यहां हिमंत बिस्वा सरमा का नेतृत्व और विकास के साथ-साथ पहचान की राजनीति का मेल भाजपा के लिए 'विनिंग फॉर्मूला' साबित होता दिख रहा है। असम में सभी एग्जिट पोल्स एक स्वर में भाजपा की प्रचंड जीत की भविष्यवाणी कर रहे हैं। यहां भाजपा गठबंधन न केवल सत्ता बचाए रखने में सफल दिख रहा है, बल्कि उसकी सीटें पिछली बार के मुकाबले बढ़ने का अनुमान है। कांग्रेस गठबंधन यहां काफी पिछड़ता नजर आ रहा है। एग्जिट पोल्स के अनुसार, भाजपा गठबंधन को 68 से लेकर 100 सीटों तक मिलने का अनुमान है, जबकि कांग्रेस गठबंधन 22-36 सीटों तक सीमित दिख रहा है।

केरलम की 140 सीटों पर भी नौ अप्रैल को मतदान हुआ था और यहां सत्ता की चाबी पाने के लिए 71 सीटों की जरूरत है। केरलम का रिवाज रहा है कि यहां हर पांच साल में सत्ता बदलती है, जिसे पिछले चुनाव में वामपंथी मोर्चे (एलडीएफ) ने तोड़ा था, लेकिन इस बार के एग्जिट पोल्स संकेत दे रहे हैं कि जनता फिर से 'यूडीएफ' (कांग्रेस गठबंधन) की ओर लौट रही है। पिनाराई विजयन की सरकार को तगड़ा झटका लगने का अनुमान है। यहां पर एग्जिट पोल्स अपेक्षाकृत एकमत दिखाई देते हैं और पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाला एलडीएफ 49-65 सीटों तक सिमटता दिख रहा है, जबकि यूडीएफ को 70-90 सीटों के बीच स्पष्ट बढ़त मिलती दिख रही है।

तमिलनाडु की 234 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान हुआ था और यहां बहुमत का आंकड़ा 118 है। तमिलनाडु में मुकाबला हमेशा की तरह दो द्रविड़ दिग्गजों के बीच है। यहां एमके स्टालिन के नेतृत्व वाला डीएमके गठबंधन बढ़त बनाता दिख रहा है, हालांकि एआईएडीएमके गठबंधन भी कुछ पोल्स में कड़ी टक्कर देता नजर आ रहा है, लेकिन बहुमत के जादुई आंकड़े के करीब फिलहाल डीएमके ही दिख रही है। स्टालिन के नेतृत्व में डीएमके गठबंधन को 122-160 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि एआईएडीएमके गठबंधन 65-110 सीटों के बीच रह सकता है।

पुडुचेरी की 30 सीटों पर एक्सिस माई इंडिया का पोल भाजपा गठबंधन (16-20 सीटें) को स्पष्ट बहुमत दे रहा है, जबकि कांग्रेस गठबंधन 6-8 सीटों पर सिमटता दिख रहा है। यह संकेत देता है कि छोटे, लेकिन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस केंद्रशासित प्रदेश में भाजपा अपनी स्थिति मजबूत कर सकती है।

यद्यपि एग्जिट पोल एक रोमांचक तस्वीर पेश करते हैं, लेकिन इनकी विश्वसनीयता पर हमेशा प्रश्नचिह्न लगा रहता है। इतिहास गवाह है कि एग्जिट पोल कई बार पूरी तरह धराशायी हुए हैं। हाल के वर्षों में हरियाणा, महाराष्ट्र (जहां महायुति की जीत का अंतर पोल्स से कहीं ज्यादा था) और झारखंड (जहां एनडीए की हार हुई) के नतीजों ने दिखाया है कि साइलेंट वोटर की नब्ज पकड़ना सर्वे एजेंसियों के लिए कितना कठिन है। इन सर्वे की अपनी सीमाएं भी हैं। दरअसल एग्जिट पोल एक बहुत छोटे 'सैंपल साइज' पर आधारित होते हैं। करोड़ों मतदाताओं वाले राज्यों में कुछ हजार लोगों की राय पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकती। कई बार मतदाता अपना असली झुकाव नहीं बताते या मतदान केंद्र से बाहर निकलते समय दबाव महसूस करते हैं। आज के दौर में एग्जिट पोल सूचना से ज्यादा मनोरंजन का हिस्सा बन गए हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

एग्जिट पोल्स को लेकर हमेशा एक सावधानी भी जुड़ी रहती है कि ये अंतिम परिणाम नहीं, बल्कि एक अनुमान मात्र होते हैं। आज के दौर में एग्जिट पोल सूचना से ज्यादा मनोरंजन का हिस्सा बन गए हैं।

## आमने



पीएम नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आते ही महिलाओं के नाम जनधन खाते खोले, तो सपा के लोगों ने मजाक उड़ाते हुए कहा कि कहां हैं 15 लाख रुपये, जबकि इन्हीं अकाउंट में कोविड के दौरान महिलाओं को शासन की सहायता दी गई। सपा के लोग महिलाओं के सम्मान के प्रति कभी संवेदनशील नहीं हैं।

-योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

## सामने



सदन का विशेष सत्र बुलाया गया, तो उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री जी नारी सशक्तिकरण पर अपनी बात रखेंगे, पर उन्होंने यहां प्रवचन किया। यही बातें मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के अभिभाषण पर कहीं। यही बातें मुख्यमंत्री ने बजट भाषण में कहीं। मुख्यमंत्री ने यहां भी वही पुराना कैसेट जारी कर दिया।

-संग्राम यादव
सपा विधायक

# मजदूर दिवस: श्रमिक अधिकार व खोता बचपन



संध्या राजपुरोहित
लेखिका

हर वर्ष पहली मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। यह दिन श्रमिकों के अधिकारों, उनके सम्मान और उनके संघर्षों को याद करने का अवसर है, किंतु इसी अवसर पर यह प्रश्न और तीखा हो उठता है कि क्या हमने उन बच्चों को देखा है, जिनका बचपन मजदूरी के बोझ तले दब गया है? मध्य प्रदेश, जहां देश की बड़ी आदिवासी आबादी निवास करती है, इस प्रश्न को और गहराई देता है। झाबुआ, अलीराजपुर, धार, डिंडोरी, मंडला और बड़वानी जैसे जिलों में बचपन अक्सर समय से पहले ही वयस्कता का बोझ उठाने लगता है। बच्चे परिवार की आय में हाथ बंटाने के लिए खेतों में काम करते हैं, जंगल से संसाधन जुटाते हैं, या शहरों में जाकर निर्माण स्थलों पर मजदूरी करते हैं।

इस समस्या की गंभीरता केवल अनुभवजन्य नहीं, बल्कि आंकड़ों में भी स्पष्ट दिखाई देती है। यूनिसेफ और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की संयुक्त रिपोर्ट बताती है कि दुनिया भर में लगभग 16 करोड़ बच्चे बाल श्रम में संलग्न हैं, जिनमें से लगभग आधे खतरनाक परिस्थितियों में काम करते हैं। देश में 2011 की जनगणना के अनुसार पांच से 14 वर्ष आयु वर्ग के एक करोड़ से अधिक बच्चे किसी न किसी रूप में श्रम में लगे थे और विशेषज्ञ मानते हैं कि वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है।

हालिया अभियानों और सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2023–24 के दौरान देशभर में 44,000 से अधिक बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया, जिनमें बड़ी संख्या आदिवासी और वंचित वर्गों से संबंधित थी। मध्य प्रदेश में भी 2024 के दौरान रायसेन जिले से 50 से अधिक आदिवासी बच्चों को जबरन मजदूरी से छुड़ाया जाना इस समस्या की जड़ों की गहराई को उजागर करता है।

आर्थिक दृष्टि से देखें तो यह समस्या केवल बाल श्रम नहीं, बल्कि जीविका संकट का परिणाम है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि आदिवासी समुदायों में गरीबी का स्तर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। सीमित कृषि भूमि, जंगल आधारित आजीविका का कमजोर होना और रोजगार के अवसरों का अभाव परिवारों को मजबूर कर देता है कि वे बच्चों को भी कमाने के लिए आगे बढ़ाएं।

आदिवासी समुदायों की आर्थिक स्थिति प्रायः कमजोर होती है। ये लोग वनों, पहाड़ों और दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करते हैं, जहां बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी होती है। इन समुदायों की आजीविका मुख्यतः कृषि, वनोपज संग्रह, और दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर होती है। जलवायु परिवर्तन, जंगलों की कटाई और औद्योगिक विकास के कारण आदिवासियों की पारंपरिक जीविका के स्रोत नष्ट होते जा रहे हैं। इस कारण परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय हो जाती है और बच्चों को भी कम उम्र में ही श्रम कार्यों में लगना पड़ता है।

बच्चों की यह मजबूरी कई बार उन्हें खतरनाक परिस्थितियों में काम करने पर विवश कर देती है। कुछ बच्चे पटाखा फैक्ट्री में लगाए जाते हैं, तो कई बच्चे खेतों में मजदूरी करते हैं। वहीं कुछ निर्माण स्थलों, ईंट-भट्टों और खदानों में काम करने को मजबूर हो जाते हैं। कई बार वे घरेलू नौकर के रूप में शहरी परिवारों में काम करने के लिए भेज दिए जाते हैं, जहां उनके साथ दुर्व्यवहार और शोषण की घटनाएं आम होती हैं।

कई बार उन्हें न्यूनतम मजदूरी से भी कम पैसे दिए जाते हैं और उनके काम के घंटों की कोई सीमा नहीं होती। उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया जाता है और वे कानूनी सुरक्षा से वंचित रह जाते हैं। इस प्रकार बचपन की मासूमियत श्रम के कठोर बंधनों में जकड़ जाती है। मौसमी पलायन इस समस्या को और जटिल बना देता है। मध्य प्रदेश के आदिवासी इलाकों से हर वर्ष हजारों परिवार गुजरात, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों की ओर पलायन करते हैं। श्रम विभाग और विभिन्न सामाजिक संगठनों की रिपोर्ट्स बताती हैं कि इन परिवारों के साथ जाने वाले बच्चे अक्सर स्कूल से कट जाते हैं और मजदूरी में शामिल हो जाते हैं। इस प्रकार शिक्षा का अधिकार कागजों तक सीमित रह जाता है।

शिक्षा के संदर्भ में स्थिति चिंताजनक है। आदिवासी बहुल जिलों में ड्रॉपआउट दर भी सामान्य से अधिक पाई गई है, विशेषकर प्राथमिक से माध्यमिक स्तर पर। शिक्षा से यह दूरी पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलने वाले गरीबी के चक्र को मजबूत करती है। वे अपने माता-पिता की तरह असंगठित श्रम में फंस जाते हैं। स्वास्थ्य के स्तर पर भी इसके गंभीर परिणाम सामने आते हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) के अनुसार मध्य प्रदेश में बच्चों में कुपोषण की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। जब कुपोषित बच्चे कठोर श्रम में लगते हैं, तो उनका शारीरिक और मानसिक विकास और अधिक प्रभावित होता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

बच्चों की मजबूरी कई बार उन्हें खतरनाक परिस्थितियों में काम करने पर विवश कर देती है। कुछ बच्चे पटाखा फैक्ट्री में लगाए जाते हैं, तो कई बच्चे खेतों में मजदूरी करते हैं।

## सोशल फोरम

# घर जो कभी सोता नहीं था

लखनऊ के पुराने मोहल्ले कैसरबाग में, पीपल वाले चौराहे से दो गलियां छोड़कर, एक हवेली खड़ी थी, जिसे सब 'जागता घर' कहते थे। 187 साल पुरानी, तीन मंज़िला, 14 कमरों की हवेली। उसकी खिड़कियों से रात के तीन बजे भी पीली रोशनी छनकर सड़क पर गिरती थी। लोग कहते थे कि जब पूरा शहर सो जाता है, तब भी वो घर जागता रहता है। हवेली के आखिरी वारिस थे रघुवीर बाबू। 78 साल की उम्र, कमर झुकी हुई। उनकी दिनचर्या उल्टी थी। जब मोहल्ले में सब्ज़ी वाले की आवाज़ गूंजती, रघुवीर बाबू सोने जाते। जब रात 11 बजे गलियां सुनसान हो जातीं, वो लालटेन जलाकर जाग जाते।



रश्मि त्रिपाठी
ब्लॉगर

हवेली में घड़ी नहीं थी। रघुवीर बाबू कहते, 'घड़ी का क्या है, वो तो वक़्त को कैद करती है। ये घर वक़्त को जीता है।' रात भर वो क्या करते थे? कभी छत पर बैठकर तारों की गिनती। कभी नीचे तहखाने में अपने दादा के ज़माने के खत पढ़ते। कभी रसोई में आधी रात खिचड़ी चढ़ा देते और कहते, 'हो सकता है कोई मुसाफिर भूखा गुज़र जाए।'

1931 की बात है। रघुवीर बाबू के दादा, ठाकुर शिव प्रताप सिंह, अंग्रेज़ों के खिलाफ पर्चे छापते थे। हवेली का तहखाना क्रांतिकारियों का अड्डा था। रात-रात भर मशीन चलती, पर्चे छपते और जवान लड़के आते-जाते। एक रात अंग्रेज़ सिपाहियों ने छापा मारा। शिव प्रताप ने सबको पिछले दरवाज़े से निकाल दिया, खुद पकड़े गए। जाते-जाते उन्होंने अपनी पत्नी से सिर्फ इतना कहा था, 'चिराग जलता रहना चाहिए। जब तक एक भी क्रांतिकारी बाहर है, ये घर सो नहीं सकता।' उस दिन से हवेली का चिराग नहीं बुझा। शिव प्रताप नौ साल बाद जेल से लौटे, मगर घर की आदत बदल चुकी थी। दिन में सोना, रात में जागना। वो कहते थे, 'रात ईमानदार होती है बेटा। दिन में तो सब मुखौटा पहन लेते हैं।'

ये आदत उनके बेटे को लगी, और बेटे से रघुवीर बाबू को।

2020 आया। लखनऊ बदल रहा था। बिल्डर हवेली के चक्कर काटने लगे। 'बाबू, 12 करोड़ देंगे। क्या करोगे इस भूतहा घर में?' हवेली नहीं बिकी। आज 2026 है। रघुवीर बाबू अब नहीं हैं। पर हवेली वहीं है। अब अविनाश और उनकी पत्नी वहां रहते हैं। उन्होंने हवेली को 'रात लाइब्रेरी' बना दिया है। रात 10 बजे से सुबह पांच बजे तक उसके दरवाज़े खुले रहते हैं। छात्र आते हैं पढ़ने। लेखक आते हैं लिखने। कोई मुसाफिर आता है तो खिचड़ी मिलती है। और हाँ, UPSC वाले लड़के तो वहीं सोते-बैठते हैं।

-फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# अमेरिका-ईरान तनाव का भारतीय शादियों पर प्रभाव

वर्तमान समय में पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव केवल उस क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव भारत जैसे देशों पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। खासकर भारतीय शादियों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है, जो पहले से ही महंगाई और बढ़ते खर्चों के दबाव में हैं। इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय तनाव का सबसे बड़ा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ता है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है, इसलिए जब वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल और एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित होती है, तो उसका असर घरेलू बाजार पर भी दिखाई देता है। शादी-विवाह के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है।

शादी समारोहों में बड़ी मात्रा में भोजन तैयार किया जाता है, जिसके लिए गैस सिलेंडरों की आवश्यकता अधिक होती है। कई क्षेत्रों में एलपीजी सिलेंडरों की कमी की शिकायतें सामने आती हैं। इससे कैटरिंग व्यवसाय और हलवाइयों को काफी परेशानी होती है। कई बार समय पर सिलेंडर न मिलने से भोजन व्यवस्था प्रभावित हो जाती है, जिससे पूरे आयोजन पर असर पड़ता है।



धनीश शर्मा
लेखक

महंगाई का असर केवल गैस तक सीमित नहीं रहता। तेल की कीमतों में वृद्धि से परिवहन महंगा होता है, जिसका सीधा असर सब्जियों, खाद्य सामग्री, टेंट, सजावट, बैंड-बाजा और अन्य सेवाओं पर पड़ता है। परिणामस्वरूप शादी का कुल खर्च काफी बढ़ जाता है। इसका सबसे अधिक प्रभाव मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ता है, जिनके लिए शादी का बजट संभालना चुनौती बन जाता है।

खाड़ी में तनाव के असर से सोना और चांदी के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। प्रतिदिन इनके भाव में होने वाली वृद्धि का सीधा असर भारतीय शादियों पर भी पड़ रहा है। हमारे समाज में विवाह के दौरान आभूषणों का विशेष महत्व होता है, खासकर लड़की पक्ष के लिए। अधिकांश परिवार अपनी बेटी की शादी में सोने-चांदी के गहने देना सामाजिक जिम्मेदारी और सम्मान से जोड़कर देखते हैं, लेकिन जब बाजार में सोने-चांदी के दाम आसमान छूने लगते हैं, तो इसका सबसे अधिक आर्थिक दबाव लड़की वालों पर पड़ता है। कई बार रिश्ते तय होने के बाद विवाह की तारीख आने तक कीमतें इतनी बढ़ जाती हैं कि पहले बनाया गया बजट पूरी तरह बिगड़ जाता है। इससे परिवारों को अतिरिक्त कर्ज लेना पड़ता है या अन्य जरूरी खर्चों में कटौती करनी पड़ती है। महंगाई का यह बोझ शादी जैसे शुभ अवसर को भी तनावपूर्ण बना देता है।

इन परिस्थितियों में अब कई लोग सादगीपूर्ण शादी की ओर भी बढ़ रहे हैं। वे अनावश्यक खर्चों को कम कर रहे हैं और अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार ही आयोजन कर रहे हैं। इससे आर्थिक बोझ कम होता है और समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय तनाव का असर अब हमारी सामाजिक परंपराओं तक पहुंच चुका है। शादी जैसे पारिवारिक और सांस्कृतिक आयोजनों पर भी वैश्विक राजनीति का प्रभाव दिखाई देने लगा है, हालांकि भारतीय समाज में ऐसे लोग भी हैं, जो दिखावे के साथ करोड़ो रुपये विवाह में खर्चा करने में पीछे नहीं हैं, जिससे मिडिल क्लास के लोगों के घरों में होने वाले वैवाहिक कार्यक्रम में उसका असर साफ दिखाई देता हैं। आपसी होड़ में विवाह का बजट पॉकेट के बाहर हो जाता है, जिससे मिडिल क्लास के कई परिवार कर्जो में डूब जाते हैं ये भी भारतीय समाज की कड़वी सच्चाई है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## खोज




# ऐसे हुआ ब्लेड का आविष्कार

शेविंग के इतिहास में 19वीं सदी का दौर एक बड़ा बदलाव लेकर आया। 1800 के मध्य में पुरुषों के बीच क्लीन शेव के साथ मूंछें रखने का ट्रेंड तेजी से लोकप्रिय होने लगा, लेकिन उस समय आज जैसे आधुनिक ब्लेड उपलब्ध नहीं थे। शुरुआती दौर में लोग कांसे या धातु की गोल, तेज वस्तुओं से शेव करते थे। बाद में 1890 के आसपास स्ट्रेट रेजर का चलन बढ़ा, जिन्हें टिकाऊ और प्रभावी माना जाता था, लेकिन इन्हें इस्तेमाल करना आसान नहीं था और धार बार-बार तेज करनी पड़ती थी।

इसी समस्या ने अमेरिकी आविष्कारक किंग कैंप जिलेट को नया समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया। पेशे से ट्रैवलिंग सेल्समैन रहे जिलेट को 1895 में शेविंग करते समय यह अहसास हुआ कि रेजर की धार जल्दी खत्म हो जाती है। उन्होंने ऐसा पतला, सस्ता और आसानी से बदला जा सकने वाला ब्लेड बनाने का विचार किया। शुरुआत में मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने इसे असंभव माना, लेकिन बाद में आविष्कारक विलियम निकर्सन की मदद से कई वर्षों की मेहनत के बाद यह सपना साकार हुआ। 1903 में पहला सेफ्टी रेजर बाजार में आया और 1904 में इसका पेटेंट कराया गया। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान कंपनी ने अमेरिकी सैनिकों को शेविंग किट उपलब्ध कराई, जिससे इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी। सैनिकों द्वारा लाखों ब्लेड और रेजर के उपयोग ने कंपनी को वैश्विक पहचान दिलाई। आगे चलकर जिलेट ने मल्टी-ब्लेड तकनीक, डिस्पोजेबल रेजर और आधुनिक ग्रूमिंग प्रोडक्ट्स के जरिए बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बनाई। 2005 में प्रॉक्टर एंड गैंबल द्वारा अधिग्रहण के बाद यह ब्रांड आज भी शेविंग इंडस्ट्री का अग्रणी नाम बना हुआ है।

### वैज्ञानिक के बारे में



किंग कैंप जिलेट का जन्म 5 जनवरी 1855 को अमेरिका के विस्कॉन्सिन राज्य में हुआ था। उनके पिता एक हार्डवेयर व्यापारी थे, जिससे उन्हें बचपन से ही व्यवसाय और तकनीक में रुचि मिली। युवावस्था में वे एक ट्रैवलिंग सेल्समैन के रूप में काम करते थे, जिसने उन्हें लोगों की जरूरतों को समझने का अवसर दिया। वे केवल आविष्कारक ही नहीं, बल्कि एक विचारक भी थे और समाज सुधार से जुड़े विचार रखते थे। उन्होंने "The Human Drift" नामक पुस्तक भी लिखी। 1932 में उनका निधन हुआ, लेकिन उनके आविष्कार ने उन्हें अमर बना दिया।



# गिद्धों की अद्भुत जीवन रक्षा तकनीक

गिद्ध एक ऐसा पक्षी है, जिसे अक्सर उपेक्षा की दृष्टि से देखा जाता है, लेकिन वही प्रकृति का सबसे कुशल सफाईकर्मी है। अपनी अद्भुत पाचन शक्ति, अनोखी जीवन रक्षा तकनीक और सामाजिक व्यवहार से गिद्ध पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित बनाए रखते हैं। आसमान में अथाह ऊंचाइयों पर हवा में तैरते, धरती पर पसरे सन्नाटे के साक्षी गिद्धों को देखकर मन में आकर्षण नहीं, बल्कि एक प्रकार की उपेक्षा का भाव ही पैदा होता है। उनका गंजा सिर, भारी सशक्त चोंच और मृत जीवों पर निर्भर जीवनशैली उन्हें 'अप्रिय' पक्षियों की पंक्ति में खड़ा कर देती है। किंतु यदि हम प्रकृति को उसके वास्तविक स्वरूप में समझने का प्रयास करें, तो यही गिद्ध हमें पृथ्वी के सबसे महत्वपूर्ण और कुशल सफाईकर्मी के रूप में दिखाई देते हैं, ऐसे प्रहरी जो बिना किसी पहचान या प्रशंसा के हमारे पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में सहायक होते हैं।


डॉ. कैलाश चन्द सैनी
वन्यजीव लेखक, जयपुर



## जटायु और संपाती का गौरव

भारतीय संस्कृति और रामायण के अमर प्रसंगों में गिद्ध केवल पक्षी नहीं, बल्कि उच्च आदर्शों और त्याग के प्रतीक के रूप में प्रतिष्ठित हैं।

## शौर्य और त्याग का प्रतीक

जब रावण माता सीता का हरण कर ले जा रहा था, तब वृद्ध जटायु ने ही अपनी क्षीण होती शक्ति की परवाह किए बिना उसका मार्ग रोका और वीरतापूर्वक युद्ध किया। यह केवल संघर्ष नहीं, बल्कि नारी-सम्मान की रक्षा का अद्वितीय उदाहरण था। भगवान राम द्वारा जटायु का अंतिम संस्कार स्वयं करना, इस पक्षी की श्रेष्ठता और त्याग का प्रमाण है।

संपाती दूरदृष्टि का अद्भुत उदाहरण जटायु के ज्येष्ठ भ्राता संपाती ने अपनी असाधारण तीक्ष्ण दृष्टि से हजारों मील दूर लंका में सीता जी की उपस्थिति को पहचान लिया था। यह प्रसंग गिद्धों की उस विलक्षण दृष्टि-क्षमता की ओर संकेत करता है, जिसे आज का आधुनिक विज्ञान भी स्वीकार करता है। गिद्ध 3-4 किलोमीटर की ऊंचाई से भी धरती पर पड़े 3 फुट के मवेशी को भी देख लेता है।

## पैरों पर विसर्जन: जीवन बचाने की एक अनूठी तकनीक

पहली नजर में यह व्यवहार विचित्र लगता है कि गिद्ध अपने ही पैरों पर मूत्र विसर्जन करते हैं, लेकिन यह कोई असामान्य आदत नहीं, बल्कि उनके लिए एक अत्यंत उपयोगी वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसे यूरोहाइड्रोसिस कहा जाता है। गिद्धों के पास पसीने निःसृत करने वाली ग्रंथियां नहीं होतीं। भीषण गर्मी में, जब अधिकांश जीव पसीने के माध्यम से शरीर का तापमान नियंत्रित करते हैं, ऐसे में पैरों पर तरल का विसर्जन 'वाष्पीकरण द्वारा शीतलन' का कार्य करता है, जो उनके शरीर को ठंडा रखता है।

## प्राकृतिक सैनिटाइजर

सड़े-गले मांस के संपर्क में रहने से उनके पैरों पर अनेक हानिकारक जीवाणु चिपक जाते हैं। इनके मूत्र में उपस्थित अम्लीय तत्व इन जीवाणुओं को नष्ट कर देते हैं, जिससे संक्रमण का खतरा समाप्त हो जाता है। यह प्रक्रिया उन्हें एक प्रकार की प्राकृतिक रोग-प्रतिरोधक सुरक्षा प्रदान करती है।

## सामाजिक सूचना तंत्र और ऊंची उड़ान

गिद्धों की उड़ान अद्वितीय है। वे हवा की गर्म धाराओं का उपयोग करते हुए बिना पंख फड़फड़ाए घंटों तक आकाश में मंडराते रहते हैं, जिससे ऊर्जा की अत्यधिक बचत होती है। इनका सामाजिक व्यवहार भी अत्यंत रोचक है। एक गिद्ध जब मृत पशु देखता है, तो किसी ऊंचे वृक्ष पर बैठकर विशेष प्रकार से 'चैंव-चैंव' की आवाज निकालते हुए गर्दन घुमाकर कुछ संकेत करता है। इस संकेत में यह सूचना होती है कि मरे हुए पशु की किस्म, स्थान और कितने गिद्धों के लिए भोजन उपलब्ध है। इस आवाज को जो भी दूसरा गिद्ध सुनता है, वह उसी तरह का संकेत अपने पीछे वाले गिद्धों के लिए भी कर देता है। भोजन की मात्रा के अनुसार गिद्ध एकत्र होने पर सबसे पहले खबर देने वाले को आगे चलने का सम्मान देते हैं, क्योंकि उसे उस पशु के मांस का सबसे नरम भाग खाने का अधिकार होता है। ऐसी सामाजिकता और न्यायप्रिय उदारता यदि मनुष्यों में भी होती, तो समाज में लूट-खसोट न होती।

## सुदृढ़ पाचन शक्ति: प्रकृति की जैविक प्रयोगशाला

गिद्धों का पाचन तंत्र किसी चमत्कार से कम नहीं। उनके पेट में मौजूद प्रबल अम्ल एंथ्रैक्स, हैजा और बोटुलिज्म जैसे खतरनाक बैक्टीरिया को भी नष्ट कर देता है। वास्तव में, वे प्रकृति की जैविक प्रयोगशाला हैं, जो मृत शवों का निस्तारण कर पर्यावरण को संक्रमण मुक्त बनाए रखते हैं।

## पारिस्थितिकी संकट और संरक्षण

भारत में एक समय गिद्धों की संख्या में तीव्र गिरावट देखी गई, जिसका मुख्य कारण पशुओं में प्रयुक्त दवा दर्द निवारक दवा डाइक्लोफेनाक था। इस दवा के अवशेष वाले मृत पशुओं को खाने से गिद्धों की मृत्यु होने लगी। गिद्धों की कमी से पर्यावरण में सड़न और आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ी, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि वे केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र के अभिन्न रक्षक हैं।

## उपेक्षा से उपयोगिता की ओर

गिद्ध हमें यह गहरा संदेश देते हैं कि प्रकृति में कोई भी जीव अनावश्यक नहीं होता। उनका हर व्यवहार चाहे वह कितना ही असामान्य क्यों न लगे जीवन के संतुलन के लिए जरूरी होता है। वे गंदगी के बीच रहकर भी संसार को स्वच्छ बनाते हैं और मृत्यु के बीच रहकर भी जीवन की रक्षा करते हैं। वास्तव में, गिद्ध केवल सफाईकर्मी नहीं, बल्कि प्रकृति के ऐसे नेकनीयत रखने वाले नायक हैं, जो बिना किसी पहचान के हमारी पृथ्वी को सुरक्षित और पर्यावरण को स्वस्थ बनाए रखने में निरंतर लगे हुए हैं।

## मरीन लाइफ

# जाइंट आइसोपोड : गहरे समुद्र का अद्भुत सफाईकर्मी

विशाल आइसोपोड (Giant Isopod) समुद्र की गहराइयों में पाया जाने वाला एक बेहद अनोखा और रहस्यमय जीव है, जो देखने में जमीन पर पाए जाने वाले कीड़ों या जूं जैसे जीवों से मिलता-जुलता लगता है, लेकिन आकार में उनसे कहीं अधिक बड़ा होता है। सामान्यतः जहां स्थलीय कीट छोटे होते हैं, वहीं यह समुद्री जीव लगभग 16 इंच तक लंबा हो सकता है, जो इसे अपने वर्ग के जीवों में खास बनाता है। यह मुख्य रूप से समुद्र तल यानी डीप-सी (Deep Sea) में रहता है, जहां सूरज की रोशनी तक नहीं पहुंच पाती और तापमान बेहद कम होता है। इतनी कठिन परिस्थितियों में जीवित रहना ही इसे एक अद्भुत जीव बनाता है। विशाल आइसोपोड का शरीर कठोर खोल से ढका होता है, जो इसे बाहरी खतरों से



बचाता है और इसके कई पैर होते हैं, जिनकी मदद से यह समुद्र की सतह पर धीरे-धीरे चलता है। यह जीव मांसाहारी प्रवृत्ति का होता है, लेकिन खुद शिकार करने की बजाय यह अधिकतर समुद्र में मरे हुए जीवों को खाकर जीवित रहता है, जिसे "स्कैवेंजिंग" कहा जाता है। समुद्र की गहराइयों में भोजन की कमी होती है, इसलिए यह जीव लंबे समय तक बिना खाए भी रह सकता है और जब इसे भोजन मिलता है, तो यह एक साथ अधिक मात्रा में खा लेता है।

इसकी सूंघने की क्षमता बहुत तेज होती है, जिससे यह दूर से ही मरे हुए जीवों का पता लगा लेता है। वैज्ञानिकों के लिए यह जीव खास रुचि का विषय है, क्योंकि यह हमें समुद्र के गहरे और कम खोजे गए हिस्सों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देता है। इसके अध्ययन से यह भी पता चलता है कि पृथ्वी पर जीवन कितनी कठिन परिस्थितियों में भी संभव है। विशाल आइसोपोड न केवल समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि यह प्रकृति की अद्भुत विविधता और अनुकूलन क्षमता का भी बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करता है। इसके अलावा, यह जीव अत्यधिक दबाव (pressure) वाली परिस्थितियों में भी आसानी से जीवित रह सकता है, जहां सामान्य जीवों का टिक पाना कठिन होता है। इसकी धीमी जीवनशैली और ऊर्जा बचाने की क्षमता इसे लंबे समय तक जीवित रहने में मदद करती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह जीव लाखों वर्षों से लगभग उसी रूप में मौजूद है, जिससे यह 'जीवित जीवाश्म' (living fossil) जैसा प्रतीत होता है। गहरे समुद्र में इसकी उपस्थिति यह दर्शाती है कि प्रकृति ने हर परिस्थिति के अनुसार जीवन को ढालने की अद्भुत क्षमता विकसित की है।



## वैज्ञानिक फैक्ट

# क्यों आता है हमें पसीना

पसीना आना एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है, जो हमारे शरीर को स्वस्थ और संतुलित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जब शरीर का तापमान बढ़ता है, तो उसे नियंत्रित करने के लिए शरीर पसीना छोड़ता है। यह प्रक्रिया शरीर की प्राकृतिक कूलिंग सिस्टम की तरह काम करती है।


मानव शरीर में लाखों स्वेद ग्रंथियां होती हैं, जो त्वचा के माध्यम से पसीना बाहर निकालती हैं। जब हम गर्म वातावरण में होते हैं, व्यायाम करते हैं या तनाव महसूस करते हैं, तो हमारा मस्तिष्क शरीर को ठंडा रखने के लिए इन ग्रंथियों को सक्रिय कर देता है। पसीना त्वचा पर आकर वाष्पित होता है, जिससे शरीर का तापमान कम हो जाता है। सौभाग्य से, शरीर में तापमान को महसूस करने और नियंत्रित करने के लिए बहुत ही परिष्कृत तंत्र मौजूद हैं। जैसे ही आपके शरीर का आंतरिक तापमान बढ़ने लगता है, आपका हाइपोथैलेमस (आपके मस्तिष्क का एक छोटा सा क्षेत्र) आपके पूरे शरीर में फैली हुई एक्राइन पसीना ग्रंथियों को बताता है कि पसीना उत्पन्न करके आपको ठंडा करने का समय आ गया है।


हालांकि शरीर को ठंडा करना सिर्फ पसीने के टपकने जितना आसान नहीं है। इस प्रक्रिया के लिए पसीने का कुछ हिस्सा त्वचा से वाष्पित होना जरूरी है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि पसीने के जरिए शरीर को ठंडा करने की प्रक्रिया भौतिकी के एक सिद्धांत पर आधारित है, जिसे 'वाष्पीकरण की ऊष्मा' कहा जाता है। पसीने को त्वचा से वाष्पित करने के लिए ऊर्जा की आवश्यकता होती है और वह ऊर्जा ऊष्मा है। शरीर की अतिरिक्त ऊष्मा पसीने की बूंदों को वाष्प में परिवर्तित करने में उपयोग होने लगती है, जिससे आपको ठंडक महसूस होने लगती है।

पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं। सबसे आम कारण है गर्मी या शारीरिक गतिविधि। इसके अलावा, भावनात्मक स्थिति जैसे डर, घबराहट या तनाव भी पसीना बढ़ा सकते हैं। आपने अक्सर देखा होगा कि परीक्षा या इंटरव्यू के समय हाथों में पसीना आने लगता है। यह भी शरीर की प्रतिक्रिया ही है। पसीने का एक और महत्वपूर्ण काम शरीर से विषैले तत्वों (toxins) को बाहर निकालना है। पसीने में ज्यादातर पानी और नमक होता है, लेकिन यह शरीर की सफाई में भी मदद करता है। कुछ लोगों को जरूरत से ज्यादा पसीना आता है, जिसे 'हाइपरहाइड्रोसिस' कहा जाता है। यह एक मेडिकल स्थिति हो सकती है, जिसमें व्यक्ति को बिना किसी खास कारण के भी अत्यधिक पसीना आता है। ऐसे मामलों में डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी होता है। पसीने से कभी-कभी बदबू भी आती है, जो सीधे पसीने की वजह से नहीं, बल्कि त्वचा पर मौजूद बैक्टीरिया के कारण होती है। जब ये बैक्टीरिया पसीने के साथ प्रतिक्रिया करते हैं, तब गंध उत्पन्न होती है। पसीना आना कोई बीमारी नहीं, बल्कि शरीर की एक जरूरी प्रक्रिया है। यह हमें गर्मी से बचाता है, शरीर का तापमान नियंत्रित रखता है और स्वास्थ्य बनाए रखने में सहायक होता है। इसलिए पसीने को लेकर घबराने की जरूरत नहीं, बल्कि इसे शरीर की एक प्राकृतिक और लाभदायक क्रिया के रूप में समझना चाहिए।

# इलाज में सहायक मस्तिष्क कोशिकाओं की आणविक क्रियाएं

आसान नहीं है दर्द को दूर करना। बिछुड़ने के गम और कारोबारी घाटे से अथवा चोट या घाव लगने के दर्द की न्यूरो-फिजियोलॉजी को समझना आसान बिल्कुल नहीं है। आयुर्वेद और भारत की लोकचिकित्सा में बहुत से दर्द निवारक तो बताए गए हैं, लेकिन अवसाद और इससे पैदा दर्द की मॉलिक्यूलर बायोलॉजी बिल्कुल अलग है। मध्यकाल में युद्धों के दौरान लगे घावों से पैदा दर्द के अहसास को दूर करने के लिए योद्धा लोग अक्सर अफीम को साथ रखते थे ताकि वे इसकी कुछ मात्रा के सेवन एक दवा के रूप में कर सकें। इनकी फार्माकोलॉजी और रासायनिक एवं इनके एक्टिंग मैकेनिज्म पर भी बहुत काम हुआ है। लोगों को अफीम के बारे में अमूमन मालूमात हैं, जो एक दर्दनिवारक नशीला पदार्थ है। शरीर विज्ञानियों ने शरीर के भीतर ही छिपे हुए कुदरती दर्दनिवारकों (बॉडीज ऑन नेचुरल ऑपिओइड्स) का पता लगाया है। इन सबको एंटागोनिस्ट कहा जाता है, जो मॉडर्न फार्माकोलॉजी की एक टर्म है। बात अफीमचियों द्वारा नशे के रूप में अफीम का सेवन करने की नहीं है। मॉडर्न क्लिनिकल फार्माकोलॉजी एक और विधा है, जिसमें दवा के असर को जीवों में देखा जाता है। सभी जीव इन कुदरती या शरीर द्वारा बनाए गए दर्द निवारकों को सिंथेसायिज करके लैब में बनाकर देखा जाता और फार्मूला सिद्ध होने के बाद इसे ड्रग इंडस्ट्री द्वारा बड़े स्तर पर एक प्रोडक्ट या दवा के रूप में उपलब्ध कराया जा सकता है। गोली या पेय के प्रति सभी लोग एक जैसी प्रतिक्रिया नहीं देते। दर्द निवारक की अधिक मात्रा, जैसे कि एस्पिरिन में मौजूद एक्टिव पुनर्प्राप्त रसायन एसिटिल सैलीसाइलिक एसिड जिसे सैलीसाइलिक एसिड से हासिल किया जाता है। इसके मॉलिक्यूल प्रोस्टाग्लैंडीन के स्राव को रोकते हैं, जो कि दर्द की अनुभूति के लिए एक मध्यस्थ कुदरती द्रव है।






रणबीर सिंह
विज्ञान लेखक

प्रोस्टाग्लैंडिन लिपिड यौगिक होते हैं, जो ऊतक क्षति या संक्रमण वाले स्थानों पर स्थानीय रूप से उत्पन्न होते हैं। ये रासायनिक संदेशवाहक के रूप में कार्य करते हैं और सूजन, रक्त प्रवाह और प्रजनन जैसी शारीरिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करते हैं।

पारंपरिक हार्मोनों के विपरीत, प्रोस्टाग्लैंडिन आवश्यकता पड़ने पर शरीर में संश्लेषित होते हैं और आमतौर पर अपने उत्पादन स्थल के निकट ही कार्य करते हैं, साथ ही इनका अर्द्ध-जीवनकाल बहुत कम होता है। एस्पिरिन के काम करने के तरीके में साइक्लोऑक्सीजिनेज एंजाइमों, खास तौर पर साइक्लोऑक्सीजिनेज-1 और साइक्लोऑक्सीजिनेज-2 को हमेशा के लिए रोकना शामिल है। यह रुकावट एराकिडोनिक एसिड को प्रोस्टाग्लैंडीन और थ्रोम्बोक्सेन में बदलने से रोकती है। ये दोनों कई शारीरिक प्रक्रियाओं में शामिल होते हैं। साइक्लोऑक्सीजिनेज-1 के एक्टिव हिस्से में मौजूद एक सेरीन अवशेष को एसिटाइलेट करके, एस्पिरिन प्लेटलेट्स में थ्रोम्बोक्सेन ए-2 के बनने को रोक देती है, जिससे प्लेटलेट्स का जमा होना और खून के थक्के बनना कम हो जाता है। इसलिए हृदयाघात से पीड़ितों को एस्पिरिन की मामूली सी मात्रा नियमित तौर से लेने की सलाह दी जाती है। यह हमेशा रहने वाला असर प्लेटलेट की 7 से 10 दिनों तक की जिंदगी तक बना रहता है। एस्पिरिन द्वारा साइक्लोऑक्सीजिनेज-13 को रोकने की वजह से ही इसमें सूजन-रोधी, दर्द-निवारक और बुखार-रोधी गुण भी होते हैं। कम मात्रा में लेने पर, एस्पिरिन मुख्य रूप से प्लेटलेट्स में मौजूद साइक्लोऑक्सीजिनेज-1 पर असर डालती है, जिससे दिल की बीमारियों से सुरक्षा मिलती है, लेकिन ज्यादा मात्रा में लेने पर, यह साइक्लोऑक्सीजिनेज-2 को भी रोकती है, जिससे इसके सूजन-रोधी और दर्द-निवारक असर और भी बढ़ जाते हैं।

प्रख्यात विज्ञान पत्रिका साइंस में छपी एक स्टडी के मुताबिक, साइंटिस्ट्स ने ब्रेन की एक ऐसी प्रक्रिया को ईजाद किया है, जिससे मालूम होता है कि कुछ लोगों में क्रोनिक दर्द से डिप्रेशन क्यों होता है, लेकिन दूसरों में नहीं। ये नतीजे इस सोच को चुनौती देते हैं कि लंबे समय तक दर्द से डिप्रेशन होना तय है। जानवरों पर स्टडी के साथ-साथ इंसानों में बड़े पैमाने पर ब्रेन इमेजिंग का इस्तेमाल करके, टीम ने पाया कि लगातार दर्द हिप्पोकैंपस में धीरे-धीरे बदलाव लाता है। यह ब्रेन का एक हिस्सा जो याददाश्त में अपनी भूमिका के लिए सबसे ज्यादा जाना जाता है। ये बदलाव इस बात पर असर डालते हैं कि कोई व्यक्ति समय के साथ डिप्रेशन में जाता है या इमोशनली मजबूत रहता है।

यूनिवर्सिटी ऑफ वारविक के प्रोफेसर जियानफेंग फेंग ने बताया है कि क्रोनिक दर्द अक्सर डिप्रेशन या एंग्जायटी में बदल जाता है, लेकिन अब तक हम यह नहीं समझ पाए हैं कि ऐसा कुछ लोगों के साथ क्यों होता है और दूसरों के साथ नहीं। शोध के नतीजों से पता चलता है कि हिप्पोकैंपस एक कंट्रोल सेंटर की तरह काम करता है, जो ब्रेन को लंबे समय तक दर्द के प्रति इमोशनल रिस्पॉन्स को रेगुलेट करने में मदद करता है। डिप्रेशन होना इस बात पर निर्भर करता है कि यह सिस्टम समय के साथ कैसे रिस्पॉन्स देता है।

## एडल्ट्स को प्रभावित करता क्रोनिक दर्द

क्रोनिक दर्द दुनियाभर में 20 प्रतिशत से ज्यादा एडल्ट्स को प्रभावित करता है और यह एंग्जायटी और डिप्रेशन से बहुत ज्यादा जुड़ा हुआ है, लेकिन लगातार दर्द वाले कई लोगों में ये दिक्कतें कभी नहीं होतीं और इस अंतर के पीछे के बायोलॉजिकल कारण अभी भी साफ नहीं है। इसका पता लगाने के लिए, रिसर्चर्स ने यूनाइटेड किंगडम के बायोबैंक समेत बड़े पॉपुलेशन डेटासेट से ब्रेन स्कैन की जांच की। जिन लोगों को क्रोनिक दर्द था और जिनमें डिप्रेशन नहीं हुआ, उनका हिप्पोकैंपल वॉल्यूम थोड़ा बड़ा था और इस हिस्से में एक्टिविटी ज्यादा थी। उन्होंने कुछ सीखने और याद रखने वाले कामों में भी बेहतर परफॉर्म किया, जिससे पता चलता है कि ब्रेन शुरू में लगातार दर्द के हिसाब से ढल सकता है। इसके उलट, जिन लोगों को क्रोनिक दर्द और डिप्रेशन दोनों थे, उनमें हिप्पोकैंपल वॉल्यूम कम था, एक्टिविटी में रुकावट थी और कॉग्निटिव परफॉर्मेंस खराब थी। लंबे समय के डेटा से पता चला कि ये अंतर एक साथ दिखने के बजाय धीरे-धीरे सामने आते हैं।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,913.50 | 23,997.55 |
| गिरावट | 582.86 | 180.10 |
| प्रतिशत में | 0.75 | 0.74 |

सोना 1,54,800 प्रति 10 ग्राम
चांदी 2,42,700 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, शुक्रवार, 1 मई 2026
www.amritvichar.com




## बिजनेस ब्रीफ

### फोनपे के पंजीकृत उपयोगकर्ताओं की संख्या 70 करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन भुगतान मंच फोनपे पर 29 अप्रैल 2026 तक कुल पंजीकृत उपयोगकर्ताओं की संख्या 70 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। कंपनी ने कहा कि यह उपलब्धि भारत में उसके व्यापक पहुंच और भुगतान तथा वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में उसके डिजिटल मंच के विस्तार को दर्शाती है। यह उपभोक्ताओं के बढ़ते भरोसे, और भरोसेमंद डिजिटल भुगतान अनुभव पर कंपनी के लगातार ध्यान को भी प्रतिबिंबित करती है। कंपनी के अनुसार, पहले 10 लाख उपयोगकर्ताओं तक पहुंचने में उसे 136 दिन लगे थे, जबकि अब इतने ही नए उपयोगकर्ता जोड़ने में लगभग छह दिन लगते हैं।

### 20 एकड़ का परिसर बनाएगी इन्फोसिस

**अमरावती।** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इन्फोसिस ने विशाखापत्तनम में 20 एकड़ में स्थायी परिसर स्थापित करने की योजना की घोषणा की है, जो इस क्षेत्र की आर्थिक एवं प्रौद्योगिकी संभावनाओं में उसके विश्वास को दर्शाता है। कंपनी की बृहस्पतिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह सुविधा 7,000 पेशेवरों का संभालने की क्षमता के हिसाब से तैयार की जाएगी। इसमें कहा गया कि पिछले दो वर्ष में बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में इन्फोसिस की वृद्धि तेज रही है जहां कर्मचारियों की संख्या 250 से बढ़कर 1,900 हो गई है। निकट भविष्य में अतिरिक्त 750 पद सृजित होंगे।

### सुनील राव बने रोब्लॉक्स भारत इकाई के नए एमडी

**नई दिल्ली।** गेमिंग कंपनी रोब्लॉक्स ने सुनील राव को भारत इकाई का प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राव देश में रोब्लॉक्स के वरिष्ठ प्रतिनिधि एवं बाजार प्रमुख के रूप में कार्य करेंगे। वे स्थानीय दलों और भागीदारों के साथ मिलकर भारत में कंपनी की रणनीति के दैनिक क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संभालेंगे। राव मई में कंपनी से जुड़ेंगे।


### बड़े शहरों में 20% तक बढ़े फ्लैट के दाम

**नई दिल्ली।** बढ़ती निर्माण लागत के बीच देश के सात प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में फ्लैट के दाम सालाना आधार पर आठ से लेकर 20 प्रतिशत तक बढ़ गए। संपत्ति सलाहकार फर्म जेएलएल इंडिया ने गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि बीती तिमाही में फ्लैट की बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 70,631 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 65,222 इकाई थी। वहीं, नए घरों की आपूर्ति 13 प्रतिशत बढ़कर 90,023 इकाई हो गई। गणना में दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, पुणे, चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता शामिल हैं।

# जन-धन खातों में 64,000 करोड़ की जमा के साथ शीर्ष पर उत्तर प्रदेश

## देशभर में जन-धन खातों में कुल जमा राशि का 18 प्रतिशत है यूपी के खातों में

नई दिल्ली, एजेंसी



- बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट नेटवर्क का संचालन करने वाली बीएलएस ई-सर्विसेज ने जारी किए आंकड़े
- दो दूसरे नम्बर पर हैं बिहार और पश्चिम बंगाल, जहां 30,000-30,000 करोड़ रुपये जमा हैं

वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने वाली प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत खुले खातों और जमा राशि के मामले में उत्तर प्रदेश देश में सबसे आगे है। राज्य में इस साल अप्रैल तक 10.32 करोड़ जन-धन खातों में करीब 64,000 करोड़ रुपये जमा हैं, जो कुल जमा का लगभग 18 प्रतिशत है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

बैंक प्रतिनिधि (बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट) नेटवर्क का संचालन करने वाली बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार, देशभर में जन-धन खातों में कुल जमा राशि अप्रैल 2026 तक बढ़कर लगभग 3.07 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

आंकड़ों के अनुसार, आठ अप्रैल 2026 तक जन-धन खातों की कुल संख्या बढ़कर 58.06 करोड़ हो गई जो अप्रैल 2025 में 55.28 करोड़ और अप्रैल 2024 में 52.01 करोड़ थी। जमा राशि में भी इसी अनुपात में बढ़ोतरी देखी गई है।

अप्रैल 2024 के 2.34 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर यह अप्रैल 2026 में 3.07 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है।

प्रधानमंत्री जन धन योजना, भारत सरकार का एक प्रमुख वित्तीय कार्यक्रम है। इसके तहत शून्य राशि यानी बिना किसी रकम के बैंक खाते खोले जाते हैं। इसका उद्देश्य हर परिवार को बैंकिंग सेवा से जोड़ना है। रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में खोले गए कुल 10.32 करोड़ जन-धन खातों में करीब 64,000 करोड़ रुपये जमा हैं। यह कुल जमा का लगभग 18 प्रतिशत है। उसके बाद बिहार और पश्चिम बंगाल का स्थान है, जहां क्रमशः 30,000-30,000 करोड़ रुपये जमा हैं।

बीएलएस ई-सर्विसेज के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) लोकनाथ पांडा ने कहा कि बिजनेस कोरेस्पोंडेंट केंद्र अब बैंक शाखाओं के प्रभावी विस्तार के रूप में कार्य कर रहे हैं। इससे न केवल ग्राहकों की भागीदारी बढ़ी है, बल्कि वित्तीय समावेश के प्रति लोगों का भरोसा भी मजबूत हुआ है।

### अन्य बड़े राज्यों की स्थिति

राजस्थान (24,000 करोड़ रुपये), महाराष्ट्र (22,000 करोड़ रुपये) और मध्य प्रदेश (19,000 करोड़ रुपये) के साथ कर्नाटक, ओडिशा, झारखंड और गुजरात जैसे राज्यों में भी खातों की सक्रियता में तेजी दर्ज की गई है।

जमा में यह बढ़ोतरी बैंक प्रतिनिधि नेटवर्क में तेजी से विस्तार का नतीजा है। बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट सेंटर बैंक का ऐसा सेवा केंद्र होता है जहां बैंक की शाखा न होते हुए भी बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके कारण बैंकिंग सेवाओं को गांवों और दूर-दराज क्षेत्रों तक पहुंचाने में मदद मिली है।

# कच्चे तेल में उबाल से फिसला शेयर बाजार, सेंसेक्स 583 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी



- 1,237.5 अंक तक लुढ़कने बाद दोपहर के सत्र में संभला
- निफ्टी भी 180 अंक गिरकर 23,997.55 अंक पर बंद हुआ

कच्चे तेल के ऊंचे स्तर, कमजोर वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार बृहस्पतिवार को गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स करीब 583 अंक नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 180 अंक टूट गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 582.86 अंक यानी 0.75 प्रतिशत टूटकर 76,913.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,237.5 अंक तक लुढ़क गया था लेकिन दोपहर के सत्र में कुछ संभल गया। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 180.10 अंक यानी 0.74 प्रतिशत गिरकर 23,997.55 पर बंद हुआ।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंग सेंग एक प्रतिशत से अधिक टूटकर बंद हुए, जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजार मिलेजुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को ज्यादातर गिरावट के साथ बंद हुए थे।

**बढ़त के साथ बंद हुए शेयर :-** सन फार्मा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई।

**नुकसान में रहे शेयर :-** हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर नुकसान में रहे।

### स्माल कैप 0.58% और मिडकैप 0.84% फिसला

मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.84 प्रतिशत के नुकसान में रहा जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.58 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड को सर्वाधिक 2.13 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा। पीएसयू बैंक खंड में 1.66 प्रतिशत, रियल्टी खंड में 1.44 प्रतिशत और जिंस खंड में 1.36 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

- विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,468.42 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक एवं शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने कहा कि शुरुआत में घबराहट भरी बिकवाली के बाद बाजार में सुधार देखने को मिला। हालांकि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा कि यह गिरावट मुख्य रूप से कच्चे तेल में आए तेज उछाल की वजह से आई।

# सरकारी बैंकों में एक साल में हुईं 50 हजार नयी भर्तियां

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकारी क्षेत्र के बैंकों के परिचालन को मजबूत बनाने के लिए कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त रूप से बढ़ाने की रणनीति के तहत वित्त वर्ष 2025-26 में 50,000 से ज़्यादा उम्मीदवारों का चयन किया गया जो इससे पिछले साल से 33 प्रतिशत अधिक है। ये नियुक्तियां बैंक कर्मी चयन संस्थान (आईबीपीएस) के जरिये की जाती हैं।

वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक एक विज्ञप्ति में बताया कि उसके वित्तीय सेवा विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में मानव संसाधन क्षमता को मज़बूत करने के लिए लगातार और लक्षित उपाय किए हैं। ये उपाय कर्मचारियों की संख्या को संतुलित तरीके से बढ़ाने, काम करने के तरीके को बेहतर बनाने और शासन-केंद्रित सुधारों के ज़रिए किए जा रहे हैं। सरकारी बैंकों में संस्थान के जरिये होने वाली ये भर्तियां इसमें शामिल बैंकों के कर्मचारियों से जुड़ी खास ज़रूरतों के हिसाब से होती है। यह केंद्रीकृत और मानकीकृत ढांचा, चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और कुशलता सुनिश्चित करता है।

विज्ञप्ति में सरकारी बैंकों से प्राप्त जानकारी के आधार पर बताया गया है कि 2025-26 में सरकारी बैंकों में कुल 50,552 उम्मीदवारों का चयन हुआ है और उन्हें नौकरी के प्रस्ताव के पत्र जारी किए गए हैं। यह बैंकिंग क्षेत्र की बढ़ती व्यावसायिक ज़रूरतों को पूरा करने के लिए कर्मचारियों की संख्या में हुई एक बड़ी बढ़ोतरी को दिखाता है। वर्ष 2023-24 में यह संख्या 30,827 थी, जो अब बढ़कर 37,860 हो गई।

# समाधान योजनाओं को एनसीएलटी की मंजूरी में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

नई दिल्ली, एजेंसी



**कहा-यह गंभीर स्थिति, युद्धस्तर पर नहीं हुआ समाधान तो दिवाला कानून का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा**

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में समाधान योजनाओं की मंजूरी में हो रही देरी पर स्वतः संज्ञान लेते हुए स्थिति को 'गंभीर' बताते हुए कहा है कि इस समस्या का युद्धस्तर पर समाधान नहीं हुआ तो दिवाला कानून का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा।

न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने बुधवार को देशभर की एनसीएलटी पीठों में स्टाफ और बुनियादी ढांचे की कमी को भी रेखांकित किया। इसके साथ ही पीठ ने निर्देश दिया कि मामले को मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत के समक्ष रखा जाए ताकि इसे उचित पीठ को सौंपा जा सके।

शीर्ष अदालत में एनसीएलटी की प्रधान पीठ की तरफ से रखी गई रिपोर्ट के मुताबिक, देशभर में 383 आवेदन समाधान योजनाओं की मंजूरी के लिए लंबित हैं, जिनमें देरी एक महीने से लेकर 700 दिनों से अधिक तक की है।

दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत किसी ऋणग्रस्त कंपनी को उबारने के लिए कर्ज समाधान योजना पेश की जाती है। इसमें आमतौर पर कंपनी के पुनर्गठन, कर्ज के पुनर्समायोजन या अधिग्रहण के जरिए उसके कारोबार को फिर से पटरी पर लाने की योजना शामिल होती है।

शीर्ष अदालत ने यह आदेश 2023 में राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायालय (एनसीएलएटी) के एक आदेश के खिलाफ दायर दो याचिकाओं की सुनवाई के दौरान दिया। उच्चतम न्यायालय ने 16 अप्रैल को सुनवाई के दौरान एनसीएलटी से देशभर में लंबित मामलों, उनकी अवधि और देरी के कारणों का विवरण मांगा था।

इसके साथ ही भारतीय दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता बोर्ड को भी मामले में पक्षकार बनाते हुए आवश्यक आंकड़े उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था।

# अब इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक में स्वयं सहायता समूह खोल सकते हैं बचत खाता

नई दिल्ली, एजेंसी

डाक विभाग के अंतर्गत आने वाले सरकार के पूर्ण स्वामित्व वाले इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक ने स्वयं सहायता समूह बचत खाता आरंभ करने की गुरुवार को घोषणा की। डाक विभाग का कहना है कि इससे ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय समावेशन बढ़ाना और महिला नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों को बल मिलेगा।

आईपीपीबी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर विश्वेश्वरन ने कहा कि बैंक का डोरस्टेप बैंकिंग मॉडल (ऐसी सेवा जिसके तहत बैंक अपने ग्राहकों को बैंक शाखा में आए बिना, उनके घर या कार्यस्थल पर ही बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करते हैं) और डिजिटल बुनियादी ढांचे द्वारा हमारा लक्ष्य स्वयं सहायता समूहों को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने और सतत आर्थिक विकास को गति देने में सक्षम बनाना है।

इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक स्वयं सहायता समूह बचत खाता योजना के अंतर्गत न्यूनतम प्रारंभिक जमा राशि तथा मासिक औसत शेष राशि की आवश्यकता नहीं होगी। पर इस सुविधा पर राशि सीमा 2 लाख रुपये लागू होगी। लागू बचत दरों के अनुसार त्रैमासिक ब्याज भुगतान किया जाएगा। नकद जमा और निकासी, प्रति माह खाता विवरण, खाता बंद करने, तथा क्यूआर कार्ड जारी करने जैसी सुविधाओं के लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा।

# जल्द ही ऋण गारंटी के साथ बिना कुछ गिरवी रखे मिल सकेगा कर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- कंपनियों के लिए कर्ज गारंटी को लेकर ईसीएलजीएस जैसी व्यवस्था पर काम जारी

सरकार पश्चिम एशिया संकट के बीच कंपनियों के लिए आपात ऋण सुविधा गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) जैसी व्यवस्था शुरू करने पर विचार कर रही है। इसके तहत कर्ज गारंटी और बिना कुछ गिरवी रखे कर्ज उपलब्ध कराया जा सकता है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सरकार ने 2020 में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आपात ऋण सुविधा गारंटी योजना शुरू की थी। इसका उद्देश्य कोविड-19 वैश्विक महामारी से प्रभावित सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) और अन्य पात्र इकाइयों को परिचालन दायित्वों को पूरा करने तथा कारोबार फिर शुरू करने में सहायता देना था।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग में अतिरिक्त सचिव अतीश कुमार सिंह ने यहां आयोजित 'सीआईआई एमएसएमई लीडरशिप समिट 2026' को संबोधित करते हुए कहा कि ईसीएलजीएस जैसी व्यवस्था लाने पर विचार जारी है जिसमें बिना कुछ गिरवी रखे ऋण, ऋण गारंटी, कर्ज पुनर्गठन और ऋण स्थगन शामिल हो सकती हैं।

कच्चे माल की खरीद के लिए एनएसआईसी (राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लि.) कार्यक्रम के तहत भी काम जारी है। इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक और अन्य नियामकों से कुछ नियामकीय राहत देने पर भी विचार किया जा रहा है। सिंह ने उद्योग से इन प्रस्तावित उपायों पर प्रतिक्रिया भी मांगी।

पहले लागू आपात ऋण गारंटी योजना में लगभग सभी आर्थिक क्षेत्र शामिल थे और इसके तहत सदस्य ऋण संस्थानों द्वारा दिए गए ऋण पर 100 प्रतिशत गारंटी दी जाती थी।

# दस साल, बेमिसाल : यूपीआई बना दुनिया का सबसे बड़ा तत्काल डिजिटल भुगतान मंच

नई दिल्ली, एजेंसी



कहीं से कहीं को तत्काल भुगतान करने की सुविधा मुट्ठी में पड़े मोबाइल फोन के जरिए आम लोगों तक पहुंचने वाली यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) नाम की खोज ने बाजार में अपने 10 साल पूरे कर लिये हैं और देखते ही देखते यह ऐप आधारित भुगतान के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा प्लेटफार्म बन गयी है।

भारतीय रिज़र्व बैंक की देखरेख में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ़ इंडिया ने 11 अप्रैल 2016 को इसका लोकार्पण किया था। एक दशक में यह भारत में डिजिटल पेमेंट्स के पारिस्थितकी तंत्र की रीढ़ बन गया है। इस तरह की अवधारणा को भारत जैसे देश में आम लोगों द्वारा अपनाये जाने को लेकर पहले की तमाम दुविधाओं और आशंकाओं को गलत सिद्ध करते हुए यूपीआई वित्तीय समावेशन का एक अहम ज़रिया बनकर उभरा है।

वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार यूपीआई के जरिये 2016-17 में जहां सिर्फ़ दो करोड़ ट्रांज़ैक्शन हुए थे। वर्ष 2025-26 में यह संख्या 24,162 करोड़ से ज़्यादा, यानी लगभग 12,000 गुना ज्यादा हो गयी। इसी दौरान ट्रांज़ैक्शन का मूल्य भी वित्त वर्ष 2016-17 में सात हजार करोड़ रुपये से तेज़ी से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 314 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

# एफडीआई नियमों में ढील पर अधिसूचना जल्द

नयी दिल्ली, एजेंसी

- चीनी हिस्सेदारी वाली विदेशी कंपनियों को होगा फायदा



सरकार 10 प्रतिशत तक चीनी हिस्सेदारी वाली विदेशी कंपनियां के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों में ढील से जुड़े फैसले को जल्द अधिसूचित करेगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि अधिसूचना विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत जारी की जाएगी, जिसके बाद संशोधित प्रावधान लागू हो जाएंगे।

मार्च में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2020 में जारी प्रेस नोट-3 को संशोधित करने की मंजूरी दी थी। इस संशोधन के तहत 10 प्रतिशत तक चीनी हिस्सेदारी वाली विदेशी कंपनियां को विभिन्न क्षेत्रों में स्वचालित मार्ग के तहत भारत में निवेश की अनुमति होगी। हालांकि यह राहत उन संस्थाओं पर लागू नहीं होगी जो चीन/हांगकांग या भारत से भूमि सीमा साझा करने वाले अन्य देशों में पंजीकृत हैं। सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक घटकों, पॉलिसिलिकॉन और इंगट-वाफर जैसे विनिर्माण क्षेत्रों में आने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रस्तावों का निपटान 60 दिनों के भीतर किया जाएगा। सरकार के मुताबिक, मंत्रिमंडलीय सचिव की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा जिन अन्य क्षेत्रों या गतिविधियों को जोड़ा जाएगा, वे भी इस दायरे में आएंगे।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने इन बदलावों को अधिसूचित कर दिया है, लेकिन आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) ने अभी तक फेमा कानून के तहत अधिसूचना जारी नहीं की है।

### एफडीआई 90 अरब डॉलर के पार जाने की उम्मीद

डीपीआईआईटी के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि समूचे वित्त वर्ष 2025-26 में कुल एफडीआई के 90 अरब डॉलर के पार पहुंच जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सुधारात्मक उपाय, मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और तेजी से बढ़ती आर्थिक वृद्धि देश को अच्छा निवेश आकर्षित करने में मदद कर रही है।

विकास

'पहाड़ी क्षेत्रों में मजबूत राष्ट्रीय राजमार्ग बुनियादी ढांचे' पर बोले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

# हिमालयी क्षेत्र में जलवायु अनुकूल सड़क ढांचे का विकास बड़ी चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी



**अब पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क निर्माण शुरू करने से पहले ढलानों को मजबूत करना जरूरी किया गया है, ताकि सड़कें लंबे समय तक सुरक्षित और टिकाऊ रह सकें**



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भौगोलिक रूप से संवेदनशील हिमालयीय क्षेत्र में जलवायु अनुकूल सड़क बुनियादी ढांचा विकसित करना जटिल भौगोलिक परिस्थितियों, ढलानों की अस्थिरता और बार-बार आने वाली प्राकृतिक आपदाओं के कारण एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

'पहाड़ी क्षेत्रों में मजबूत राष्ट्रीय राजमार्ग बुनियादी ढांचे' विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने कहा कि सरकार वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाकर इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश में भूस्खलन की समस्या से निपटने के लिए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के साथ समझौता किया गया है।

वहीं, सुरंग और सड़क परियोजनाओं के लिए भू-वैज्ञानिक जांच और आंकड़ों के आदान-प्रदान हेतु भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के साथ भी सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिला यांत्रिकी संस्थान (एनआईआरएम) के साथ मिलकर परियोजनाओं की तकनीकी जांच, डिजाइन की पुष्टि, सुरंगों की सुरक्षा जांच और निगरानी जैसे काम किए जा रहे हैं। गडकरी ने बताया कि अब पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क निर्माण शुरू करने से पहले ढलानों को मजबूत करना जरूरी किया गया है, ताकि सड़कें लंबे समय तक सुरक्षित और टिकाऊ रह सकें।

उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की को पहाड़ी ढलानों की अस्थिरता पर दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए सहयोग दिया जा रहा है, जिसमें वास्तविक समय पर निगरानी प्रणाली का उपयोग होगा। उत्तराखंड में चारधाम मार्ग के करीब 100 किलोमीटर हिस्से में भूस्खलन की निगरानी और समय रहते चेतावनी देने के लिए आधुनिक तकनीक आधारित प्रणाली लगाने का भी समझौता किया गया है।

मंत्री ने कहा कि अब सड़क परियोजनाओं की योजना बनाते समय लिडार (लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग) और यूएवी जैसी तकनीक का उपयोग कर विस्तृत सर्वे किया जा रहा है, ताकि भूस्खलन की संभावनाओं और पुराने आंकड़ों को ध्यान में रखकर बेहतर और सुरक्षित सड़कें बनाई जा सकें।

### एफटीए से निर्यात और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे: पीयूष गोयल

**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में भारत द्वारा अंतिम रूप दिए गए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) घरेलू वस्तुओं को शुल्क-मुक्त पहुंच देने, देश के निर्यात को बढ़ावा देने और लाखों लोगों के लिए रोजगार सृजित करने में मदद करेंगे।

गोयल ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड ने हाल ही में एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत न्यूजीलैंड भारत में 20 अरब डॉलर (करीब दो लाख करोड़ रुपये) का निवेश करेगा। गोयल ने मुंबई में संवाददाताओं से कहा, "हम भारतीय उद्योग के लिए नए बाजार खोल रहे हैं और उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए कदम उठा रहे हैं...।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### दिल्ली में द्वारका गोल्फ कोर्स के तालाब में तीन बच्चों की डूबकर मौत

**नई दिल्ली।** द्वारका के सेक्टर 24 इलाके में स्थित एक गोल्फ कोर्स के तालाब में बृहस्पतिवार सुबह आठ से 10 साल की उम्र के तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर द्वारका सेक्टर 23 थाने की पुलिस सुबह मौके पर पहुंची। दमकल विभाग सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं को भी बुलाया गया। पुलिस ने बताया, गोल्फ कोर्स परिसर के अंदर तालाब में तीन बच्चों को मृत पाया गया। दमकल विभाग ने शवों को बाहर निकाला। बच्चों के कपड़े किनारे पर मिले, जिससे अनुमान है कि वे नहाने के लिए तालाब में उतरे होंगे। अभी मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है।

### धन शोधन मामले में आई पैक निदेशक विनेश चंदेल को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने पश्चिम बंगाल में कथित कोयला घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में आई पैक के सह संस्थापक और निदेशक विनेश चंदेल को बृहस्पतिवार को जमानत दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित बंसल ने कहा कि ईडी ने जमानत याचिका का विरोध नहीं किया। न्यायाधीश बंसल ने जमानत देते हुए कई शर्तें भी लगाई हैं। इससे पहले 14 अप्रैल को अदालत ने ईडी को चंदेल से 10 दिनों तक हिरासत में पूछताछ करने की अनुमति दी थी और कहा था कि यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि वह अपराध से अर्जित कई करोड़ रुपये की आय, हेरफेर आदि से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे। ईडी ने चंदेल को 13 अप्रैल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

### नेपाल में बारिश के बीच जीप खाई में गिरने से 17 लोगों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के रोल्पा जिले में बृहस्पतिवार को एक जीप पहाड़ी सड़क से फिसलकर लगभग 700 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में 17 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना थवांग ग्रामीण नगरपालिका के जलजाला क्षेत्र में हुई, जब बारिश के बीच वाहन कीचड़ भरे रास्ते पर फिसल गया और पहाड़ी से नीचे गिर गया। रोल्पा जिला पुलिस कार्यालय के सूचना अधिकारी सुनील थापा के अनुसार, शुक्रवार को जलजाला में आयोजित बैसाख पूर्णिमा उत्सव में भाग लेने जा रहे स्थानीय लोगों ने निजी जीप किराए पर ली थी।

# विमान किराए में मनमानी वृद्धि मामले में टालमटोल पर केंद्र को कड़ी फटकार

## तीन तारीखों के बाद भी शपथपत्र न देने और बार-बार वक्त मांगने का कारण बताना होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने देश में निजी एयरलाइनों के विमान किरायों और अन्य शुल्कों में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव को सुव्यवस्थित करने संबंधी नियामक दिशानिर्देशों का अनुरोध करने वाली एक याचिका पर हलफनामा दाखिल नहीं करने को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सख्त कदम उठाते हुए केंद्र को एक अर्जी के साथ 8 मई तक हलफनामा दाखिल करने को कहा, जिसमें तीन बार समय दिए जाने के बाद भी शपथ पत्र दाखिल न करने की वजह और इसके लिए अतिरिक्त समय मांगने के कारणों का उल्लेख किया गया हो।

पिछले साल 17 नवंबर को, शीर्ष न्यायालय ने सामाजिक कार्यकर्ता एस लक्ष्मीनारायणन की याचिका पर केंद्र और अन्य पक्षों से जवाब मांगा था। लक्ष्मीनारायणन ने नागर विमानन क्षेत्र में पारदर्शिता और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले एक सशक्त और स्वतंत्र नियामक की मांग की थी। बृहस्पतिवार को याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से अभी तक कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया है। इस पर केंद्र के वकील ने पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति का हवाला दिया। पीठ ने उनसे पूछा, हलफनामा दाखिल करने में आपको क्या दिक्कत आ रही है। केंद्र सरकार के वकील ने कहा कि वे नियम बनाने पर विचार कर रहे हैं। पीठ ने कहा, आप हलफनामा दाखिल करें और सब कुछ रिकॉर्ड पर रखें। आप हलफनामा दाखिल क्यों नहीं कर सकते। केंद्र का यह क्या रुख है। हमने आपको तीन बार समय दिया है।



### इस बार भी मांगा तीन सप्ताह का समय, कोर्ट का साफ इन्कार

केंद्र ने हलफनामा दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया। पीठ ने इससे इन्कार कर दिया कहा, 8 मई को हलफनामा मिल जाना चाहिए। जो कुछ कहना चाहते हैं तभी कहें। अगली 11 मई को होगी।

### पिछली सुनवाइयों में सुप्रीम कोर्ट ने मनमानी किराया वृद्धि को बताया था यात्री का शोषण

केंद्र ने 23 फरवरी को उच्चतम न्यायालय को बताया था कि नागर विमानन मंत्रालय याचिका में उठाए गए मुद्दों पर तत्परता से विचार कर रहा है। न्यायालय ने 19 जनवरी को मामले की सुनवाई करते हुए विमान किरायों में होने वाले अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव में हस्तक्षेप करने की बात कही थी और त्योहारों के दौरान होने वाली अत्यधिक वृद्धि पर चिंता जताई थी। न्यायालय ने इस वृद्धि को शोषण करार देते हुए केंद्र और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा था। इससे पहले पिछले साल नवंबर में, पीठ ने केंद्र सरकार, डीजीसीए और भारतीय विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण को नोटिस जारी कर याचिका पर उनकी प्रतिक्रिया मांगी थी।

### दावा... अनदेखी की जा रही है किराया बढ़ाने की

याचिका में दावा किया गया था कि सभी निजी एयरलाइनों ने बिना किसी ठोस कारण इकोनॉमी श्रेणी के यात्रियों के लिए नि:शुल्क चेक इन सामान की सीमा 25 किलोग्राम से घटा कर 15 किग्रा कर दी और ऐसा कर पूर्व में टिकट के अंतर्गत आने वाली सेवा को राजस्व का एक नया स्रोत बना दिया गया। याचिका में कहा गया है कि चेक इन के तहत केवल एक सामान की अनुमति देने की नई नीति और इस सेवा का लाभ न उठाने वाले यात्रियों को किसी भी प्रकार की छूट, मुआवजा या लाभ न देना मनमाना और भेदभावपूर्ण है। याचिका में दावा किया गया है कि वर्तमान में किसी भी प्राधिकरण को विमान किराये या अन्य शुल्कों की समीक्षा करने या उन पर सीमा लगाने का अधिकार नहीं है, जिसके चलते एयरलाइंस छिपे हुए शुल्कों और अप्रत्याशित मूल्य निर्धारण के माध्यम से उपभोक्ताओं का शोषण कर रही हैं।

### कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम ज़मानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की उस याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी पर कई पासपोर्ट और विदेश में अघोषित संपत्तियां रखने के आरोपों से जुड़े मामले में अग्रिम जमानत मांगी है। न्यायमूर्ति जेके महेश्वरी और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने कांग्रेस नेता की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा। खेड़ा ने कहा कि यदि उन्हें दर्ज मामले में अग्रिम जमानत नहीं मिलती है तो गिरफ्तारी पूर्व जमानत का पूरा उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा। खेड़ा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप सुनवाई के विषय हैं और उन्हें गिरफ्तार कर अपमानित करना आवश्यक नहीं है। उन्होंने यह भी दलील दी कि उनके खिलाफ लगाई गई धाराओं में से कुछ जमानती हैं, जबकि अन्य में गिरफ्तारी की जरूरत नहीं है।


# पुतिन की ट्रंप को चेतावनी ईरान पर दोबारा हमला किया तो पूरी दुनिया भुगतेगी नतीजा

**मॉस्को, एजेंसी**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच डेढ़ घंटे से अधिक समय तक फोन पर चली महत्वपूर्ण वार्ता में ईरान संकट, यूक्रेन संघर्ष और रूस-अमेरिका संबंधों सहित कई वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। ईरान युद्ध पर बातचीत के दौरान पुतिन ने ट्रंप को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि अमेरिका और इजराइल ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई फिर शुरू करते हैं तो इसके गंभीर परिणाम ईरान या उसके पड़ोसियों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि पूरी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था प्रभावित होगी। उन्होंने विशेष रूप से ईरानी भूमि पर किसी भी जमीनी अभियान को अस्वीकार्य और अत्यंत खतरनाक बताया।

क्रेमलिन के अनुसार पुतिन और ट्रंप की बातचीत सौहार्दपूर्ण, स्पष्ट और व्यावसायिक रही। पुतिन ने ईरान संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए कूटनीतिक प्रयासों के प्रति रूस की प्रतिबद्धता दोहराई और ईरानी परमाणु कार्यक्रम को लेकर मतभेद कम करने के लिए कई प्रस्ताव रखे। वार्ता की शुरुआत में वॉशिंगटन हिल्टन होटल में ट्रंप पर हुए कथित हमले के प्रयास को लेकर उनके प्रति सहानुभूति भी व्यक्त की। पुतिन ने ईरान और फारस की खाड़ी क्षेत्र पर चर्चा के दौरान ट्रंप के युद्धविराम बढ़ाने के निर्णय का समर्थन किया और कहा कि इससे वार्ता के लिए अधिक अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि रूस ईरान, खाड़ी देशों, इजराइल और अमेरिका के साथ परामर्श जारी रखे हुए है। ट्रंप ने यूक्रेन मुद्दे पर शीघ्र युद्धविराम पर बल दिया और कहा कि उनके प्रतिनिधि रूस और यूक्रेन दोनों के साथ संपर्क बनाये रखेंगे।

पुतिन ने इस दौरान दावा किया कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को रणनीतिक बढ़त हासिल है लेकिन वह वार्ता के जरिए समाधान को प्राथमिकता देंगे। रूस ने आगामी विजय दिवस समारोह के दौरान संभावित युद्धविराम की इच्छा भी जताई, जिसे ट्रंप ने ऐतिहासिक महत्व वाला कदम बताया। दोनों नेताओं ने आर्थिक और ऊर्जा क्षेत्रों में संभावित सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति जतायी। क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने बताया कि यह कॉल पुतिन के अनुरोध पर रूसी पक्ष की ओर से शुरू की गई थी।



**90 मिनट तक चली बातचीत**

- दोनों नेताओं ने फोन पर द्विपक्षीय संबंधों के साथ यूक्रेन युद्ध पर भी की लंबी चर्चा

### ईरान के समृद्ध यूरेनियम को संभालने की पुतिन की पेशकश ट्रंप ने ठुकराई

**वाशिंगटन।** ट्रंप ने दावा किया कि पुतिन ने फोन पर हुई बातचीत के दौरान रूस की उस पेशकश को दोहराया, जिसमें वह तीसरे देश के रूप में ईरान के 970 पाउंड समृद्ध यूरेनियम के भंडार को संभालने के लिए तैयार है। ट्रंप ने बताया कि पुतिन ने उनसे कहा, वह इसमें उनकी मदद करना चाहते हैं और वह संवर्धन में शामिल होने के इच्छुक हैं। इस पर उन्होंने उनसे यूक्रेन के साथ युद्ध समाप्त करने को कहा।

# जबलपुर के बरगी बांध में क्रूज पलटने से चार लोगों की मौत, 10 लोग लापता

**जबलपुर, एजेंसी**

- अचानक आंधी आने के बाद हुई दुर्घटना, 29 लोग सवार थे क्रूज में, 15 को बचाया गया

मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में अचानक आई आंधी के कारण 29 लोगों को लेकर जा रहा एक क्रूज बरगी बांध में पलट गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई जबकि 10 लोग लापता हैं। इसके अलावा 15 लोगों को बचा लिया गया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

बरगी बांध का निर्माण जबलपुर जिले में नर्मदा नदी पर किया गया है। बरगी शहर के पुलिस अधीक्षक अंजुल मिश्रा ने बताया कि लापता लोगों की तलाश में युद्ध स्तर पर अभियानजारी है। जबलपुर के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक, एसडीआरएफ और अन्य बचाव दल घटनास्थल पर मौजूद हैं और राहत एवं बचाव अभियान जारी है। मुख्यमंत्री यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, संभागीय एसीएस, एडीजी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को बचाव अभियान की निगरानी के लिए घटनास्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है।

मध्यप्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने कहा कि जबलपुर के बरगी बांध में क्रूज दुर्घटना की खबर बेहद दुखद और दिल दहला देने वाली है। उन्होंने इस दुर्घटना में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

# हेगसेथ की अमेरिकी कांग्रेस में पेशी, डेमोक्रेट सांसदों ने लगाए ईरान युद्ध पर जनता को गुमराह करने के आरोप

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ की ईरान युद्ध को लेकर जनता को गुमराह करने और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को हटाने के आरोपों पर यहां प्रतिनिधि सभा की सशस्त्र सेवा समिति की सुनवाई के दौरान बुधवार को डेमोक्रेट सांसदों से तीखी बहस हुई। छह घंटे चली इस सुनवाई में माहौल गरमा गया, जिसमें ट्रंप प्रशासन के 1500 अरब डॉलर के रक्षा बजट पर चर्चा हो रही थी। हेगसेथ 28 फरवरी को शुरू हुए ईरान युद्ध के बाद पहली बार कांग्रेस के सामने पेश हुए।



- ट्रंप के मानसिक स्वास्थ्य पर उठाए सवाल, देश के लिए आपदा बताया

अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने युद्ध की लागत 25 अरब डॉलर बताई, लेकिन कई डेमोक्रेट सांसदों ने इस पर संदेह जताया और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मानसिक स्वास्थ्य तक पर सवाल उठाए। इस पर हेगसेथ ने पलटवार करते हुए कहा कि ट्रंप विभिन्न पीढ़ियों में सबसे तेज और सूझबूझ वाले कमांडर इन चीफ हैं। उन्होंने डेमोक्रेट सदस्यों से पूछा कि क्या उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की क्षमता पर कभी सवाल उठाया था। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन भी सुनवाई में मौजूद थे। हेगसेथ ने कहा कि इस समय सबसे बड़ा खतरा विपक्षी नेताओं के गैरजिम्मेदार और निराशावादी बयान हैं, जो मिशन की सफलता को नजरअंदाज कर रहे हैं।

युद्ध के बीच वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को हटाने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि नया नेतृत्व लाने के लिए यह जरूरी था। रिपब्लिकन सांसद नैन्सी मेस ने उनके फैसलों का समर्थन किया। वहीं, कैलिफोर्निया के डेमोक्रेट सांसद जॉन गरामेंडी ने ट्रंप प्रशासन की कड़ी आलोचना करते हुए इसे राजनीतिक और आर्थिक आपदा बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका पश्चिम एशिया में एक और युद्ध में फंस गया है। हेगसेथ ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह दुश्मनों को बढ़ावा देने जैसा है। हेगसेथ बृहस्पतिवार को सीनेट की सशस्त्र सेवा समिति के सामने भी पेश होंगे।

## एआई वॉयस क्लोनिंग

### आपकी आवाज ही बन जाती है आपकी दुश्मन

कल्पना कीजिए, आपको एक अनजान नंबर से फोन आता है। दूसरी तरफ से आपके बेटे या बेटी की रोने की आवाज आती है जो कह रहे हैं कि वे किसी बड़ी मुसीबत में हैं या पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया है। घबराहट में आप पैसे ट्रांसफर कर देते हैं, लेकिन बाद में पता चलता है कि आपका बच्चा तो सुरक्षित था। उसने न कोई अपराध किया था, नहीं उसे पुलिस ने पकड़ा था। यह कोई फिल्मी कहानी नहीं बल्कि डिजिटल अरेस्ट और एआई वॉयस क्लोनिंग का नया और खतरनाक दौर है। अब अपराधी आपके पैसे लूटने के लिए आपकी भावनाओं और तकनीक का भी सहारा ले रहे हैं।






### आंकड़े क्या कहते हैं

एक अंतरराष्ट्रीय साइबर सुरक्षा फर्म की रिपोर्ट के अनुसार भारत में लगभग 47 प्रतिशत लोग वॉयस क्लोनिंग स्कैम का शिकार हुए हैं या किसी ऐसे व्यक्ति को जानते हैं जिसके साथ ऐसा हुआ। एआई अब आपकी आवाज के उतार-चढ़ाव और भावनाओं को भी 95 प्रतिशत सटीकता के साथ कॉपी कर सकता है।

### डिजिटल अरेस्ट... यह है अपराधियों का नया खेल

- ठगों के हाथ में एआई ने वॉयस क्लोनिंग तकनीक नाम का जादुई हथियार थमा दिया है। एआई की मदद से 30 सेकंड की आवाज का सैंपल लेकर उसकी हूबहू नकल तैयार की जा सकती है। आवाज की चोरी सोशल मीडिया से होती है।
- अपराधी खुद को सीबीआई, पुलिस या नारकोटिक्स विभाग का अधिकारी बताकर वीडियो कॉल करते हैं। वे बैकग्राउंड में असली ऑफिस जैसा सेटअप रखते हैं और पैसे ऐंठने के लिए आपको घंटों कैमरे के सामने रहने को मजबूर करते हैं।
- एआई सिर्फ आवाज ही नहीं, बल्कि वीडियो कॉल पर आपके परिचित का चेहरा भी लगा सकता है, जिससे असलियत को पहचानना लगभग नामुमकिन हो जाता है। कोई भी आसानी से इसके झांसे में आकर अपराध का शिकार हो सकता है।

### आपके लिए जरूरी बातें

- पैनिक बटन सिंड्रोम यानी अपराधी आपको सोचने का समय नहीं देते। वे इमरजेंसी और इज्जत का हवाला देकर आपको डराते हैं ताकि आप बिना जांचे-परखे तुरंत पैसे भेज दें।
- हम अपनी हर जानकारी, लोकेशन और वीडियो सार्वजनिक रखते हैं। यह कच्चा माल साबित होता है। आपकी एक रील आपकी आवाज का क्लोन बनाने में मदद करती है।
- भारत में डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई कानून नहीं है। कोई भी एजेंसी वीडियो कॉल करके आपको घर में कैद रहने का आदेश नहीं दे सकती, न फोन पर पैसों की मांग करती है।
- मनी ट्रेल का गायब होना, ये ठग आपसे पैसे क्रिप्टोकरेंसी या अनजान म्यूल अकाउंट्स में ट्रांसफर करवाते हैं, जिससे पुलिस के लिए उन्हें ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है।

### एक्सपर्ट टिप्स

- परिवार के साथ एक गुप्त कोड वर्ड तय करें। अगर कभी कोई इमरजेंसी कॉल आए तो उस कोड वर्ड को पूछें। अगर दूसरी तरफ वाला न बता पाए तो समझ लें कि वह एआई की नकल है।
- क्रॉस-वेरिफिकेशन करें, यानी घबराने के बजाय फोन कॉल को काटें और सीधे उस व्यक्ति को फोन लगाएं जिसके बारे में दावा किया जा रहा है। उनके दोस्तों या साथ रहने वालों से संपर्क करें।
- वीडियो कॉल पर गंभीरता से गौर करें। अगर वीडियो कॉल पर चेहरा थोड़ा धुंधला दिखे या होंठों की मूवमेंट आवाज से मेल न खाए तो कॉल काट दें और सच्चाई का पता लगाने का प्रयास करें।
- आपके साथ ऐसा कुछ होता है तो तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें। शुरुआती 1-2 घंटे में पैसे वापस मिलने की संभावना रहती है।

## पूर्व एफबीआई निदेशक ने मेरी हत्या के लिए कोड संदेश भेजे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) के पूर्व निदेशक जेम्स कोमी की एक पोस्ट को लेकर दावा किया कि कोमी ने उनकी हत्या का खुफिया संदेश साझा किया है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर '86 47' वाक्यांश का उल्लेख करते हुए इसे एक माफिया शब्द (मॉब टर्म) बताया।

- ट्रंप ने लगाए आरोप, ट्रुथ सोशल पर साझा किया खुफिया संदेश

उन्होंने दावा किया कि '86' का उपयोग अपराधी हत्या के लिए करते हैं, जबकि '47' का मतलब अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति यानी स्वयं ट्रंप हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जेम्स कोमी ने समुद्र तट पर सीपियों से '86 47' लिखकर उनकी हत्या का संकेत दिया है। गौरतलब है कि '86' शब्द का उपयोग अमेरिका में किसी चीज को हटाने या रद्द करने के लिए किया जाता है। कोमी ने इस तस्वीर को एक राजनीतिक संदेश के रूप में साझा किया था और उन्होंने किसी भी हिंसक इरादे से इन्कार किया है। इस मामले में कोमी पर 28 अप्रैल को राष्ट्रपति के जीवन को खतरे में डालने का आरोप लगाया गया था। उन्होंने 29 अप्रैल को अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद उन्हें बिना किसी शर्त रिहा कर दिया गया। कोमी ने खुद को निर्दोष बताते हुए इन आरोपों को खारिज किया है। यह कोमी के खिलाफ ट्रंप प्रशासन का दूसरा कानूनी मामला है, इससे पहले 2025 में भी उन पर एक मामला चला था।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज का दिन अच्छा रहेगा। कला या लेखन से जुड़े जातकों को बड़ा मंच मिल सकता है। पुरानी उधारी मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला** — आज व्यापार में आधुनिक तकनीक का प्रयोग लाभ देगा। संतान की शिक्षा को लेकर चली आ रही चिंता दूर होगी।

**वृष** — आज का दिन करियर में स्थायित्व के लिए महत्वपूर्ण है। आपकी कार्यकुशलता की वरिष्ठों द्वारा प्रशंसा होगी।

**वृश्चिक** — आज अचल संपत्ति या वाहन खरीदने के योग बन रहे हैं। माता के साथ भावनात्मक जुड़ाव बढ़ेगी। ऑफिस की राजनीति से खुद को दूर रखें।

**मिथुन** — आज व्यावसायिक यात्रा के योग हैं। भाई-बहनों से वैचारिक मतभेद सुलझेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**धनु** — आज पराक्रम और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। छोटी दूरी की यात्राएं फलदायी रहेंगी। अपने हुनर के प्रदर्शन का भरपूर मौका मिलेगा।

**कर्क** — आज का दिन बैंकिंग और बीमा क्षेत्र के जातकों के लिए विशेष लाभकारी है। अपनी वाणी के जादू से कठिन कार्य भी करवा लेंगे।

**मकर** — आज धन संचय के नए रास्ते खुलेंगे। किसी मांगलिक कार्य में धन खर्च होने की संभावना है। सेहत अच्छी रहेगी।

**सिंह** — आज नेतृत्व क्षमता में निखार आएगा। नई जिम्मेदारी मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बढ़ेगा।


**कुंभ** — आज जो छात्र विदेश जाने की योजना बना रहे हैं, उन्हें अच्छी खबर मिल सकती है। आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव होगा।

**कन्या** — आज कानूनी मामलों में राहत मिलने की संभावना है। मानसिक शांति के लिए योग करें। कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है।

**मीन** — आज खर्चों की अधिकता मानसिक तनाव दे सकती है। बाहरी लोगों पर अधिक भरोसा न करें। धार्मिक स्थल की यात्रा मन को सुकून देगी।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 1 मई, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 22.52 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म। **चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर। **ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। **नक्षत्र**-स्वाती 2 मई 04.35 तक तत्पश्चात विशाखा।

### सुडोकू - 135 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 5 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 5 | 7 | 6 | 2 | 1 |
| 5 | 9 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 7 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 2 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 2 | 3 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 9 |

### सुडोकू -136

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | | | | | | | |
| | | 1 | | 7 | 2 | | | |
| 6 | | | | 9 | | | 5 | 3 |
| 7 | | | 8 | 6 | | | | |
| | 8 | | | | | | 3 | |
| | 6 | | | 5 | 1 | | | |
| 2 | 9 | | | | | | | 5 |
| | | | 6 | 3 | | | | |
| | | 6 | | | 4 | | 7 | 8 |

**महत्वपूर्ण घटनाक्रम**

कुख्यात अंतर्राष्ट्रीय कला तस्कर सुभाष कपूर और नैन्सी वीनर ने बेचा था अमेरिका में


# अमेरिका ने भारत को 1.4 करोड़ डॉलर मूल्य की 650 प्राचीन वस्तुएं लौटाईं

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

अमेरिका ने भारत को करीब 1.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य की 657 प्राचीन वस्तुएं लौटाई हैं, साथ ही कहा है कि इस एशियाई देश को चुराई गई कलाकृतियां वापस दिलाने के लिए अभी और काम किया जाना बाकी है। प्राचीन वस्तुएं लौटाने की घोषणा मंगलवार को मैनहट्टन के जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने की।

ये वस्तुएं कई तस्करी गिरोहों की जांच के बाद बरामद की गईं, जिनमें कुख्यात कला व्यापारी सुभाष कपूर और दोषी तस्कर नैन्सी वीनर से जुड़े गिरोह भी शामिल हैं। इन्हें न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास की दूत राजलक्ष्मी कदम की मौजूदगी में हुए एक कार्यक्रम में भारत को सौंपा गया। ब्रैग ने कहा, भारत की सांस्कृतिक विरासत को निशाना बनाने वाले तस्कर गिरोह का दायरा बहुत बड़ा है, जैसा कि आज 600 से अधिक वस्तुओं की वापसी से स्पष्ट है। भारत को चुराई गई कलाकृतियां लौटाने के लिए अभी और काम किया जाना बाकी है। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने मैनहट्टन जिला अटॉर्नी कार्यालय अमेरिकी गृह सुरक्षा मंत्रालय और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सहयोग की सराहना की। कहा, उनकी लगातार सतर्कता के कारण इन सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण वस्तुओं की बरामदगी और वापसी संभव हो सकी।

- अवलोकितेश्वर की 20 लाख डॉलर मूल्य की कांस्य प्रतिमा शेरों से सजे सिंहासन पर द्विकमल आसन पर विराजमान है। इस पर कारीगर का नाम द्रोणादित्य अंकित है, जो छत्तीसगढ़ के रायपुर के पास सीपुर के निवासी थे। ये प्रतिमा 1939 में लक्ष्मण मंदिर के पास मिली कांस्य प्रतिमाओं के भंडार का हिस्सा थी और 1952 तक रायपुर के महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में शामिल हो गई थी जहां से इसे चुरा लिया गया था।



ये हैं प्रमुख कलाकृतियां

- एक अन्य कलाकृति लाल बलुआ पत्थर की बुद्ध प्रतिमा है, जिसमें बुद्ध अपना दाहिना हाथ अभय मुद्रा में उठाए खड़े हैं, जो सुरक्षा का संकेत है। इस प्रतिमा के घुटनों के नीचे के पैर टूटे हुए हैं और सिर के पीछे का आभामंडल भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है। संभवत: यह नुकसान उत्तरी भारत से इसे लूटे जाने के दौरान हुआ होगा। करीब 75 लाख डॉलर मूल्य की इस प्रतिमा को कपूर न्यूयॉर्क में तस्करी कर लाया था और इसे एंटीक्विटीज ट्रैफिकिंग यूनिट ने उसकी एक भंडार इकाई से जब्त किया था।

एक अन्य वस्तु नृत्य करते हुए गणेश की बलुआ पत्थर की प्रतिमा है, जिसे कपूर के सहयोगी रंजीत कंवर ने 2000 में मध्य प्रदेश के एक मंदिर से लूटा था। बाद में तस्कर वामन घिया ने इसे न्यूयॉर्क स्थित गैलरी मालिक डोरिस वीनर को बेच दिया था। यह गणेश प्रतिमा 2012 की नीलामी में एक निजी संग्रहकर्ता ने खरीदी थी, जिसने इस वर्ष की शुरू में इसे मैनहट्टन जिला अटॉर्नी कार्यालय को सौंपा।

### महाराजा चार्ल्स से भारत को कोहिनूर हीरा लौटाने को कहूंगा : ममदानी

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने कहा कि वह अमेरिका की यात्रा पर आए ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय को कोहिनूर हीरा लौटाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। ममदानी ने बुधवार को उनसे मुलाकात करने से पहले यह बात कही। महाराजा दलीप सिंह द्वारा 105.6 कैरेट का कोहिनूर हीरा 1849 में महारानी विक्टोरिया को भेंट किया गया था। इसे 1937 में महारानी ने अपने मुकुट में जड़वाया था। भारत ने भी संकेत दिया है कि वह ब्रिटेन से कोहिनूर हीरे को वापस लाने के तरीकों का पता लगाना जारी रखेगा। कोहिनूर हीरा वर्तमान में लंदन टावर में रखा गया है।



हम वह नहीं कर पाए जिसके लिए मुंबई इंडियंस जानी जाती है। यह सीजन कुछ ऐसा ही रहा है। जब आपको एक-दो मौके मिलते हैं और आप उन्हें लपक लेते हैं, तभी किस्मत और लय बदलती है।
–हार्दिक पंड्या


# स्टेडियम

अयोध्या, शुक्रवार, 1 मई 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

राजस्थान रॉयल्स **बनाम** दिल्ली कैपिटल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

# गुजरात टाइटंस ने आरसीबी को 155 रनों पर समेटा, रबाडा और होल्डर चमके

## आईपीएल-2026 : पडिक्कल ने सर्वाधिक 40 और कोहली ने 28 रन बनाए

**अहमदाबाद, एजेंसी**

गुजरात टाइटंस ने अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत बृहस्पतिवार यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 19.2 ओवर में महज 155 रन पर समेट दिया। आरसीबी के लिए देवदत्त पडीक्कल 40 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि विराट कोहली ने 28 और कप्तान रजत पाटीदार ने 19 रन का योगदान दिया।

आरसीबी ने पिछले सत्र में इसी मैदान पर खिताब जीता था और वह 10 से ज्यादा के रन रेट से आगे बढ़ रही थी। कोहली पारी की अगुवाई कर रहे थे और उन्होंने तेज गेंदबाजी के अगुआ कागिसो रबाडा के पहले ही ओवर में लगातार पांच चौके जड़कर 21 रन ठोक दिए।

लेकिन कप्तान शुभमन गिल अपने मुख्य गेंदबाज पर भरोसा बनाए रखा और इस फैसले का उन्हें फायदा भी मिला। रबाडा (38 रन देकर एक विकेट) ने वापसी करते हुए कोहली (13 गेंद) को आउट कर दिया। इसके बाद आरसीबी के तेजी से विकेट गिरने का सिलसिला शुरू हुआ और टीम ने बीच के ओवरों में लगातार विकेट गंवाए।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अरशद खान ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को समेटा और 22 रन देकर तीन विकेट झटके। आरसीबी का सात ओवर के बाद स्कोर दो विकेट पर 71 रन था लेकिन 10.3 ओवर में उसका स्कोर छह विकेट पर 96 रन हो गया। इस दौरान टीम ने रजत पाटीदार (19), जितेश शर्मा (01), टिम डेविड (09) और कृणाल पंड्या (04) के विकेट गंवाए। इनके बावजूद आरसीबी अपनी पूरी तरह से आक्रामक खेलने की रणनीति पर कायम रही। ऐसा लगा कि इसी वजह से टीम 20-30 अतिरिक्त रन बनाने से चूक गई और 19.2 ओवरों में ही ऑल आउट हो गई।

विकेटों के गिरने के सिलसिले के बीच पडिक्कल और रोमारियो शेफर्ड ने पारी को संभालने का प्रयास किया। लेकिन हमेशा भरोसेमंद रहने वाले राशिद खान (19 रन देकर दो विकेट) ने एक बेहतरीन गेंद डालकर पडिक्कल (24 गेंद) को बोल्ड कर दिया।

ऑलराउंडर जेसन होल्डर (29 रन देकर दो विकेट) का मैदान पर प्रदर्शन शानदार रहा, उन्होंने दो विकेट लेने के अलावा तीन शानदार कैच भी लपके। होल्डर ने सबसे पहले डीप स्क्वायर बाउंड्री के पास दौड़ते हुए एक शानदार कैच लपककर पाटीदार को आउट किया। रबाडा से लगभग टकराने के बावजूद उन्होंने हवा में उछलती गेंद को मजबूती से पकड़ लिया। इसके बाद उन्होंने जितेश को आउट किया और फिर शॉर्ट मिडविकेट पर दो बेहतरीन कैच लपककर डेविड और कृणाल को पवेलियन भेजा। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आरसीबी ने कोहली की शुरुआती तूफानी पारी के बाद जल्दी ही दो विकेट गंवा दिए। मोहम्मद सिराज (38 रन देकर एक विकेट) ने सलामी बल्लेबाज जैकब बेथेल (05) को आउट करके टीम को पहली सफलता दिलाई। कोहली और रबाडा के बीच का मुकाबला शुरुआत में ही जोरदार रहा। कोहली ने रबाडा की गेंदों पर लगातार पांच चौके जड़े। इसके बाद कोहली ने सिराज की गेंद पर मिड ऑन के ऊपर से एक छक्का जड़ा, और महज 10 गेंदों में ही 28 रन बना लिए। लेकिन अंत में रबाडा ने सटीक लाइन एंव लेंथ से कोहली को गलत टाइमिंग वाला पुल शॉट खेलने पर मजबूर कर दिया। कोहली जब गेंद पर आगे बढ़कर शॉट खेलने गए तो राशिद ने एक बेहतरीन कैच लपककर उन्हें आउट कर दिया।



विराट कोहली को आउट करने के बाद जश्न मनाते कासिगो रबाडा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**

**155/10** (19.2 ओवर)

| | |
|---|---|
| जैकब बेथेल का राशिद बो सिराज | 05 |
| विराट कोहली का राशिद बो रबाडा | 28 |
| देवदत्त पडीक्कल बो राशिद | 40 |
| रजत पाटीदार का होल्डर बो अरशद | 19 |
| जितेश शर्मा का बटलर बो होल्डर | 01 |
| टिम डेविड का होल्डर बो राशिद | 09 |
| कृणाल पंड्या का होल्डर बो अरशद | 04 |
| रोमारियो शेफर्ड का सुदर्शन बो होल्डर | 17 |
| वेंकटेश अय्यर का सुदर्शन बो अरशद | 12 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 15 |
| जोश हेजलवुड रन आउट | 00 |

**अतिरिक्त** : 05, **विकेट पतन** : 1-34, 2-35, 3-79, 4-80, 5-91, 6-96, 7-126, 8-126, 9-155

**गेंदबाजी** : सिराज 4-0-38-1, रबाडा 4-0-44-1, होल्डर 4-0-29-2, अरशद 3.2-0-22-3, राशिद 4-0-19-2

## अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 8 | 6 | 1 | 1 | 13 | 1.043 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 8 | 6 | 2 | 0 | 12 | 1.919 |
| 3. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 0.832 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 0.617 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 | -0.475 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.121 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -1.060 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 8 | 2 | 5 | 1 | 5 | -0.751 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -0.784 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.106 |

**ऑरेंज कैप**



- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -425 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-414 रन
- वैभव सूर्यवंशी राजस्थान-400 रन

**पर्पल कैप**



- इशान मलिंगा हैदराबाद-15 विकेट
- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-14 विकेट
- जोफ्रा आर्चर राजस्थान-14 विकेट

## मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच पोलार्ड की सलाह- बुमराह के पीछे न पड़ें

**मुंबई।** मुंबई इंडियन्स के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि जसप्रीत बुमराह जैसे दिग्गज तेज गेंदबाज का भी कभी-कभी दिन खराब हो सकता है या उनका सत्र अच्छा नहीं जा सकता। उन्होंने भारत के इस स्टार तेज गेंदबाज को थोड़ी राहत देने की अपील की जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में अपना तीसरा सबसे महंगा गेंदबाजी स्पेल डाला। बुमराह ने बुधवार को सनराइजर्स के खिलाफ चार ओवर में 54 रन लुटाए जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। मुंबई इंडियन्स ने रेयान रिकेल्टन के नाबाद 123 रन की मदद से पांच विकेट पर 243 रन बनाए लेकिन सनराइजर्स ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 249 रन बनाकर जीत हासिल की। जब संवाददाताओं ने बुमराह की मौजूदा आईपीएल में गेंदबाजी पर सवाल किए तो पोलार्ड ने कहाजब कोई क्रिकेटर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा होता है तो हम हर उस पहलू पर गौर करते हैं कि वह अच्छा क्यों नहीं कर रहा है और जसप्रीत बुमराह के मामले में भी कोई फर्क नहीं है। उन्होंने कहा उन्होंने वर्षों से ऐसा किया है। एक इंसान होने के नाते आपको भी गलतियां करने, दिन खराब होने, सत्र खराब होने या कुछ महीने खराब जाने का हक है। मुझे बस लगता है कि हमें कभी-कभी उन अच्छी चीजों को याद रखना चाहिए जो उन्होंने की हैं। पोलार्ड ने कहा हां, हम वर्तमान में जीने की कोशिश करते हैं और वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन वह लंबे समय से मुंबई इंडियन्स और भारत के लिए नंबर एक गेंदबाज रहे हैं। कभी-कभी हम क्रिकेटरों को थोड़ी राहत दे सकते हैं क्योंकि हमारी बदकिस्मती है कि हम हमेशा लोगों की नजरों में रहते हैं इसलिए जब हम खराब प्रदर्शन करते हैं तो हमेशा उछाला जाता है। पोलार्ड ने कहा कि इस दाएं हाथ के तेज गेंदबाज को थोड़ी राहत देने से उन्हें लंबे समय में फायदा भी हो सकता है।

## हाईलाइट

### विश्व टीम टेबल टेनिस में भारत ने स्लोवाकिया को हराया

**लंदन।** भारत की पुरुष टीम ने यहां आईटीटीएफ विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के रोमांचक ग्रुप सात मुकाबले में वापसी करते हुए स्लोवाकिया को 3-2 से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ग्रुप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया और ग्वाटेमाला के खिलाफ अगले मुकाबले से पहले अपनी स्थिति मजबूत कर ली। स्लोवाकिया के खिलाफ मुकाबला उतार-चढ़ाव भरा रहा लेकिन अंत में भारत ने दबाव में धैर्य और दृढ़ता दिखाते हुए जीत हासिल की। स्लोवाकिया ने शुरुआत में ही बढ़त बना ली जब दुनिया के 149वें नंबर के खिलाड़ी लुबोमीर पिस्टेज ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 51वीं रैंकिंग वाले मानुष शाह को पांच गेम में 11-8, 5-11, 8-11, 11-5, 11-6 से हरा दिया।

### एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भाग लेगा 56 सदस्यीय दल

**नई दिल्ली।** भारत का 56 सदस्यीय मुक्केबाजी दल शुक्रवार से उज्बेकिस्तान के ताशकंद में होने वाली एशियाई मुक्केबाजी अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप 2026 में अपना अभियान शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत इस प्रतिष्ठित आयु-वर्ग टूर्नामेंट में लड़कों और लड़कियों, दोनों ही वर्गों में एक मजबूत और संतुलित टीम के साथ उतर रहा है। भारतीय अंडर-17 टीमों में लड़कों और लड़कियों, दोनों ही वर्गों में 13-13 मुक्केबाज़ शामिल होंगे। ये मुक्केबाज 44-46 किग्रा से लेकर +80 किग्रा तक के अलग वजन वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक टीम के साथ चार कोच और एक फिजियोथेरेपिस्ट भी होगा।

### मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे यानिक सिनर

**मैड्रिड।** दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी यानिक सिनर मैड्रिड ओपन में राफेल जोडार को 6-2, 7-6 (0) से हराकर के अपने पहले सेमीफाइनल पहुंचे। मैड्रिड में जन्मे जोडार हाल ही में कोंडे डी गोडो (बार्सिलोना ओपन) के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद टूर्नामेंट के सरप्राइज पैकेज में से एक रहे हैं, और उन्हें काजा मैजिका में घरेलू मैदान पर मजबूत सपोर्ट मिला। जोडार ने सिनर के खिलाफ सात ब्रेक पॉइंट बनाए, लेकिन इटैलियन खिलाड़ी ने एक घंटे, 55 मिनट की जीत में उन सभी को बचा लिया, जिससे बुधवार को उनकी जीत का सिलसिला 21 मैचों तक पहुंच गया। बाद में पुरुषों के एक और क्वार्टर फाइनल में, फ्रांस के आर्थर फिल्स ने चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को 6-3, 6-4 से हराकर सिनर के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# ई-सिगरेट मामले में पराग पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी**



राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर बृहस्पतिवार को मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। उन पर यह जुर्माना मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान कैमरे पर वेपिंग (ई-सिगरेट) करते पकड़े जाने के बाद खेल की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोप में लगाया गया।

मंगलवार रात रॉयल्स की पारी के दौरान पराग के इस काम की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई। पीटीआई को पता चला है कि मैदानी अंपायर तन्मय श्रीवास्तव और नितिन मेनन ने मैच खत्म होने के तुरंत बाद मैच रेफरी अमित शर्मा को इस मामले की शिकायत नहीं की थी। उन्होंने ऐसा तब किया जब उन्होंने इसका वीडियो सबूत देखा। इसके बाद शर्मा ने आईपीएल के नियमों के अनुसार आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए पराग को दोषी पाया। लेवल एक के अपराधों के लिए मैच फीस में से 25 प्रतिशत की कटौती और एक डिमेरिट अंक का प्रावधान है। आईपीएल ने एक बयान में कहा, रियान ने अपराध और मैच रेफरी अमित शर्मा द्वारा दी गई सजा को स्वीकार कर लिया है।बयान के अनुसार आईपीएल की साख को बनाए रखने के लिए बीसीसीआई गलती करने वाली टीम, उसके अधिकारियों और खिलाड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए दूसरे विकल्पों पर भी विचार कर रहा है।

जब पीटीआई ने बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया से राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ संभावित कार्रवाई के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा जैसा कि बयान में साफ-साफ लिखा है हम इस बात पर विचार कर रहे हैं कि टीम के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाए। अभी इस पर कोई फैसला नहीं हुआ है। भारत सरकार ने 2019 में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगा दिया था जिसके तहत इनका उत्पादन, बिक्री और वितरण पूरी तरह से वर्जित है। कानून के अनुसार पहली बार अपराध करने पर दोषी को एक साल तक की जेल और/या एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

आईपीएल की आचार संहिता के नियम 2.21 में कहा गया है कि यह नियम उन सभी प्रकार के आचरणों को अपने दायरे में लाने के लिए बनाया गया है जिनसे खेल की छवि को नुकसान पहुंचता है और जिनका उल्लेख आचार संहिता में कहीं और (विशेष रूप से नियम 2.20 में) स्पष्ट रूप से नहीं किया गया है।

# दिल्ली को अपने प्रदर्शन में निरंतरता की जरूरत

**जयपुर, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स के पास पिछले कुछ मैच के निराशाजनक नतीजों पर विचार के लिए अधिक समय नहीं है क्योंकि टीम को शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में आत्मविश्वास से भरी राजस्थान रॉयल्स का सामना करना है। अक्षर पटेल की अगुआई वाली दिल्ली की टीम के लिए यह सत्र काफी मुश्किलों भरा रहा है। पिछले दो मैच में टीम के प्रदर्शन में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एक तरफ उन्होंने 250 से अधिक का स्कोर बनाया लेकिन विरोधी टीम ने विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए उस लक्ष्य को हासिल कर लिया वहीं दूसरी तरफ वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सिर्फ 75 रन पर ऑल आउट हो गए। इसके अलावा इस महीने की शुरुआत में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली एक रन की हार ने दिल्ली को भावनात्मक रूप से काफी चोट पहुंचाई है। तीन जीत और चार हार के साथ वे अंक तालिका में सातवें स्थान पर हैं और उन्हें जल्द ही अपने प्रदर्शन में सुधार की जरूरत है।



अभ्यास सत्र के दौरान चर्चा करते राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, बैटिंग कोच विक्रम राठौर और हेड कोच कुमार संगकारा। एजेंसी

- मजबूत राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबला आज

### राजस्थान का शीर्ष क्रम है बहुत खतरनाक

राजस्थान का शीर्ष क्रम काफी आक्रामक रहा है। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने बिना किसी डर के जसप्रीत बुमराह, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाजों का शुरू से ही डटकर सामना किया है तो वहीं यशस्वी जायसवाल भी बेहतरीन लय में नजर आ रहे हैं। अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज राजस्थान रॉयल्स की टीम पूरे आत्मविश्वास के साथ इस मैच में उतर रही है। हाल ही में उन्होंने पंजाब किंग्स को इस सत्र की पहली हार का स्वाद चखाया था। यह नौ मैच में टीम की छठी जीत थी। राजस्थान के लिए एक और सकारात्मक बात यह है कि धीमी शुरुआत के बाद अब उनका मध्य क्रम भी लय में लौट आया है। इससे उन्हें अधिक संतुलन मिलता है और पूरी पारी में उन्हें रोकना कठिन हो जाता है।दबाव में चल रहे दिल्ली के आक्रमण के खिलाफ राजस्थान की टीम एक बार अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगी।दिल्ली के लिए चीजें साफ हैं। बल्लेबाजों को व्यक्तिगत प्रयासों पर निर्भर रहने के बजाय संपूर्ण प्रदर्शन करने की जरूरत है। स्टार्क की वापसी के साथ गेंदबाजों को रन गति पर अंकुश लगाने के तरीके खोजने होंगे, विशेषकर आक्रामक शीर्ष क्रम के खिलाफ।

**टीम**

**राजस्थान रॉयल्स :** शुभम दुबे, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रियान पराग, वैभव सूर्यवंशी, डोनोवन फरेरा, रविंद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, क्वेना मफाका, संदीप शर्मा, युद्धवीर सिंह चरक, रवि बिश्नोई, अमन राव पेराला, एडम मिल्ने, कुलदीप सेन, दासुन शनाका, सुशांत मिश्रा, विग्नेश मिश्रा पुथुर, रवि सिंह, ब्रिजेश शर्मा।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), लोकेश राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, आकिब डार, नितीश राणा, टी. नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंता चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव और मिचेल स्टार्क।

**मुरलीधरन की चिंता**

श्रीलंका के महान स्पिनर ने कहा-कम उम्र से हुनर न सीखना बड़ी वजह

# गेंद को टर्न कराने की कोशिश नहीं कर रहे स्पिनर

**मुंबई, एजेंसी**

श्रीलंका के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग में स्पिन गेंदबाज गेंद को टर्न कराने की कोशिश नहीं कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने कम उम्र से ही यह हुनर नहीं सीखा है और टूर्नामेंट के दौरान इस कला को सीखना मुमकिन नहीं है। मुरलीधरन ने कहा कि आजकल स्पिन गेंदबाज गेंद को टर्न कराने और बल्लेबाजों को सोचने पर मजबूर करने की कला नहीं सीखते क्योंकि उनका ध्यान सिर्फ विविधता के जरिए रन रोकने पर रहता है।



मुंबई इंडियंस के खिलाफ बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद की छह विकेट की जीत के बाद मुरलीधरन ने कहा घरेलू क्रिकेट में भी स्पिन गेंदबाजों के लिए हालात ऐसे ही रहे हैं। जब हम क्रिकेट खेलते थे तो एक स्पिनर के तौर पर आपको गेंद को टर्न कराना होता था, यही आपका पहला मकसद होता था। आजकल यह मुख्य बात नहीं रही क्योंकि हर कोई टेस्ट क्रिकेट खेलने के बारे में नहीं सोच रहा है। वे वनडे क्रिकेट खेलने पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कम उम्र में भी वे सिर्फ तेज गेंदबाजी करने और गेंद में विविधता लाने की कोशिश करते हैं, उसे टर्न कराने की नहीं। उन्हें कम उम्र में यह काबिलियत नहीं मिली होती इसलिए वे 18 या 19 साल की उम्र में आकर गेंद को टर्न कराने की कोशिश नहीं कर सकते क्योंकि उनकी मसल मेमोरी पहले से ही वैसी बन चुकी होती हैं।

मुरलीधरन ने कहा जब आप 10, 11 या 12 साल के होते हैं तब गेंद को टर्न कराने की कोशिश करें। हमने इसी तरह सीखा था। बल्लेबाज को छकाने के लिए हमें गेंद को टर्न कराना जरूरी होता है। मुरलीधरन ने कहा कि आईपीएल में स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजी करना थ्रो-डाउन विशेषज्ञों' के खिलाफ अभ्यास करने जैसा है क्योंकि इसमें बस गेंद की लाइन में आकर उसे जोर से मारना होता है। जब उनसे पूछा गया कि वह और ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज शेन वॉर्न बल्लेबाजों के अनुकूल हालात में कैसे खेलते तो मुरलीधरन ने कहा कि वे इतने महंगे साबित नहीं होते। मुरलीधरन ने कहा देखिए हम गेंद को टर्न तो जरूर कराते लेकिन हम कोई बड़ा असर नहीं डाल पाते। शायद हम एक या दो विकेट ही ले पाते। वे (फिर भी) हमारे खिलाफ आसानी से 40 रन बना लेते क्योंकि विकेट इतने अच्छे होते हैं।

उन्होंने कहा शेन वॉर्न भी एक कमाल के खिलाड़ी थे क्योंकि वह गेंद को घुमा सकते थे और चमत्कार कर सकते थे। (लेकिन) खेल अब बदल गया है। हम अलग-अलग दौर की तुलना नहीं कर सकते। जिस तरह से खिलाड़ी बल्लेबाजी करते हैं, खिलाड़ियों की मानसिकता... ये वो चीजें हैं जो बदल गई हैं।

### निष्पक्ष विकेट बनाने पर दिया जोर

मुरलीधरन ने कहा कि बल्ले और गेंद के बीच मुकाबले में संतुलन बनाने का एकमात्र तरीका निष्पक्ष विकेट (जिनसे बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को समान मदद मिले) तैयार करना है। उन्होंने कहा अगर हम निष्पक्ष विकेट दे सकें, लेकिन फिर दर्शक ऊबने लगेंगे। क्रिकेट प्रेमी और बहुत कम उम्र के क्रिकेटर, टी20 के चाहने वाले बहुत अधिक मनोरंजन चाहते हैं। वे चौके और छक्के देखना चाहते हैं इसलिए इस टूर्नामेंट को इसी तरह से तैयार किया गया है और एक अतिरिक्त खिलाड़ी को बल्लेबाजी के लिए उतारा जाता है जिससे कि टीम को कम स्कोर पर आउट होने से बचाया जा सके। मुरलीधरन ने कहा यह एक मनोरंजन है।

# क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की मजबूत टीम से आज भिड़ेगा भारत

**होर्सेंस (डेनमार्क), एजेंसी**

भारत थॉमस कप फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को चीनी ताइपे की मजबूत टीम से भिड़ेगा और इस मुकाबले को जीतकर अपने दूसरे खिताब की ओर बढ़ने की कोशिश करेगा।

भारत ने चार साल पहले अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए थॉमस कप का खिताब जीता था जो बैडमिंटन की विश्व टीम चैंपियनशिप है। इस बार भारत ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और उसका सामना चीनी ताइपे से होगा जिसने अब तक यह टूर्नामेंट नहीं जीता है। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत जोरदार तरीके से करते हुए कनाडा को 4-1 से हराया। टीम ने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया का 5-0 से शिकस्त दी लेकिन चीन को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उसे 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप सी में शीर्ष पर रही चीनी ताइपे की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है जिसकी अगुवाई दुनिया के नंबर छठे नंबर के एकल खिलाड़ी चोउ टिएन चेन कर रहे हैं। उनके साथ दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी और मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन लिन चुन-यी और दुनिया के 21वें नंबर के खिलाड़ी ची यू जेन टीम की एकल चुनौती को बेहद मजबूत बनाते हैं। मौजूदा समय के सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक चुन-यी ने पिछले महीने ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल में लक्ष्य सेन को हराकर खिताब जीता था। टीम में 2025 ऑल इंग्लैंड के उपविजेता चिया हाओ ली भी शामिल हैं। युगल में ताइपे के पास चिउ सियांग चीह और वांग ची-लिन की दुनिया की 14वें तथा ली झे-हुई और यांग पो-सुआन की दुनिया की नंबर 16वें नंबर की जोड़ी है। दूसरी ओर भारत की टीम काफी अच्छी लय में नजर आ रही है। उसके एकल और युगल दोनों ही खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

**थॉमस कप फाइनल्स**

